**27.** (A) राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा, 2005 में शान्ति शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं ने प्रति आदर एवं जिम्मेदारी का दृष्टिकोण विकसित किये जाने के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही प्रभावशाली शिक्षा प्रदान की जाये ताकि महिलाएँ शिक्षा व देश के प्रति जागरूक हो व अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी प्रकार से वहन कर सके।

**28.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 में बातचीत की गई है–

National Curriculum Framework, 2005 talks of major shifts from :

(A) ज्ञान स्थायी है व दिया जाता है से ज्ञान का विकास हो और इसकी संरचना की जाती है/knowledge as given and fixed as it evolves and is created.

(B) शैक्षिक केन्द्र से विषय केन्द्र होने पर/educational focus to disciplinary focus.

(C) विद्यार्थी केन्द्रित से अध्यापक केन्द्रित की ओर/learner centric to teacher centric.

(D) इनमें से कोई नहीं/none of these.

**28.** (A) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 में प्रभावशाली शिक्षण व्यवस्था के विषय में बताया गया साथ ही यह भी बताया कि ज्ञान स्थायी है तथा दिया जाता है। इसी से ही ज्ञान विकसित होता है तथा इसकी संरचना की जाती है। अर्थात् इन्होंने स्थायी ज्ञान के विषय में बताया।

**29.** क्रियात्मक अनुसन्धान का उद्देश्य है–

The objective of action research is to :

(A) नवीन ज्ञान की खोज/gain new knowledge

(B) शैक्षिक परिस्थितियों में व्यवहार विज्ञान का विकास/develop the science of behaviour in educational situations.

(C) विद्यालय तथा कक्षा की शैक्षिक कार्य प्रणाली में सुधार लाना/modify the educational practices in school and classroom.

(D) इनमें से सभी/All of these.

**29.** (C) विद्यालय तथा विद्यालय की स्थितियों व कक्षा की शैक्षिक कार्य प्रणाली में सुधार लाना क्रियात्मक अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य हैं। इसके लिए कक्षाध्यापक व प्रधानाचार्य आदि अपना उत्तरदायित्व निभाते हैं।

**30.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अन्तर्गत 'परीक्षा सुधारों' में निम्न में से किस सुधार को सुझाया गया है?

In the National Curriculum Framework, 2005 under the heading 'Examination Reforms' which of the following reforms has been suggested ?

(A) खुली पुस्तक परीक्षा/Open book exams

(B) सतत्/निरन्तर एवं व्यापक मूल्यांकन/Continuous and comprehensive evaluation

(C) सामूहिक कार्य मूल्यांकन/Group work evaluation

(D) इनमें से सभी/All of these.

**30.** (D) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अन्तर्गत परीक्षा सुधारों में खुली पुस्तक प्रणाली सतत् व व्यापक मूल्यांकन तथा, सामूहिक मूल्यांकित तीनों को ही मुख्य माना गया।

# खण्ड–II

## भाषा–I (हिन्दी)

**31.** कौन वर्ण घोष नहीं है?

(A) ए (B) छ

(C) अ (D) ड

**31.** (B) विकल्प (B) में दिया गया वर्ण 'छ' घोष वर्ण नहीं है। 'छ' अघोष वर्ण है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा और पाँचवाँ वर्ण, सभी स्वर वर्ण, 'य' 'र' ल 'व' और 'ह' घोष वर्ण कहलाते हैं।

**32.** किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?

(A) कृपा (B) कृष्ण

(C) दृष्टि (D) रिवाज।

**32.** (D) विकल्प (D) में दिए गए 'रिवाज' शब्द में 'ऋ' का प्रयोग नहीं हुआ है। 'ऋ' की मात्रा व्यंजनों के नीचे जुड़कर लगती है। जैसे–'मृ' 'कृ' आदि।

**33.** किन ध्वनियों को 'अनुस्वार' कहा जाता है?

(A) स्वर के बाद में आने वाली नासिक्य ध्वनियाँ

(B) स्वतंत्र रूप से उच्चारित ध्वनियाँ

(C) स्वर के साथ आने वाली ध्वनियाँ

(D) व्यंजन के बाद में आने वाली ध्वनियाँ।

**33.** (A) स्वर के बाद में आने वाली नासिक्य ध्वनियों को अनुस्वार कहा जाता है। अनुस्वार के उच्चारण में नाक से अधिक साँस निकलती है। मुख से कम। जैसे–अंग, अंक, पंख, अंश आदि।

**34.** किस शब्द में 'गुण संधि' है?

(A) सिंधूर्मि (B) भारतेंदु

(C) नारीश्वर (D) लोकैश्वर्य।

**34.** (B) विकल्प (B) में दिए गए भारतेंदु शब्द में गुण संधि है। भारतेंदु का संधि विच्छेद होगा–भारत + इंदु। जब 'अ' या 'आ' के पश्चात् 'इ' या 'ई' हो, तो 'ए' हो जाता है।

**35.** 'वृक्षच्छाया' का संधि–विच्छेद होगा–

(A) वृक्षः + छाया (B) वृक्षः + च्छाया

(C) वृक्षच् + छाया (D) वृक्ष + छाया।

**35.** (D) 'वृक्षच्छाया' का संधि विच्छेद 'वृक्ष + छाया' होगा। वृक्षच्छाया' शब्द में व्यंजन संधि है। 'छ' के पहले यदि कोई स्वर हो, तो 'छ' के स्थान पर 'च्छ' हो जाता है।

**36.** 'श्मश्रु' शब्द का तद्भव रूप होगा–

(A) मूँछ (B) अश्रु

(C) आँसू (D) ससुर।

**36.** (A) 'श्मश्रु' का तद्भव रूप 'मूँछ' होगा। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्दों के तत्सम निम्नवत् है–

- आँसू–अश्रु
- ससुर–श्वसुर

**37.** विपरीत अर्थ का बोध कराने वाले शब्द को कहते हैं–

(A) पर्यायवाची शब्द (B) विलोम शब्द

(C) समानार्थक शब्द (D) एकार्थक शब्द।

**37.** (B) विपरीत अर्थ का बोध कराने वाले शब्द को विलोम शब्द कहते हैं।

**38.** 'वर्ण' शब्द का अर्थ नहीं होता है–

(A) रंग (B) आकाश

(C) जाति (D) अक्षर।

**38.** (B) विकल्प (B) में दिया गया शब्द 'आकाश' का अर्थ नहीं है। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्द वर्ण के अनेकार्थी हैं। आकाश के अनेकार्थी हैं–अंबर, अमृत, वस्त्र आदि।

**39.** कौन शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) जलज (B) अंबुज

(C) मनसिज (D) पंकज।

**39.** (C) विकल्प (C) में दिया गया शब्द 'मनसिज' 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्द कमल के पर्यायवाची हैं। 'कमल' के अन्य पर्यायवाची हैं–पुष्कर, राजीव, शतदल, सरसिज, पुंडरीक। मनसिज के पर्यायवाची हैं–कामदेव, रतिपति, मन्मथ, कंदर्प, अनंग, मनोज आदि।

**40.** 'जिसका मन व ध्यान दूसरी तरफ हो' के लिए एक शब्द होगा–

(A) मनन (B) बेध्यान

(C) मनवा (D) अन्यमनस्क।

**40.** (D) 'जिसका मन व ध्यान दूसरी तरफ हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अन्यमनस्क' होगा। अन्य विकल्पों के लिए वाक्यांश हैं।

मनन–विचार करने की क्रिया।

**41.** अभिधा शब्द शक्ति में–

(A) वाच्यार्थ प्रकट होता है

(B) लक्ष्यार्थ प्रकट होता है

(C) व्यंग्यार्थ प्रकट होता है

(D) विचित्र अर्थ प्रकट होता है।

**41.** (A) वक्ता द्वारा बोले गए वाक्य या शब्द के साधारण या व्यावहारिक अर्थ को प्रकट करने वाली शक्ति को अभिधा शब्द शक्ति कहते हैं। इस शक्ति से निकलने वाले अर्थ को मुख्यार्थ, अभिधेयार्थ या वाच्यार्थ कहते हैं।

**42.** 'भाववाचक संज्ञा' के अंतर्गत आते हैं–

(A) पशु–पक्षी आदि (B) गुण–दोष आदि

(C) दिशाएँ आदि (D) आभूषण आदि।

**42.** (B) जिस शब्द से किसी व्यक्ति के गुण, दोष, दशा, भाव, अवस्था तथा स्वभाव का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**43.** 'मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया' में विश्लेषण है–

(A) काली (B) पतलून

(C) मदन (D) खेलने।

**43.** (A) 'मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया।' दिए गए वाक्य में 'काली' शब्द में गुणवाचक विशेषण है।

**44.** 'वहाँ मोहन के............कोई नहीं था' वाक्य में रिक्त स्थान पर प्रयुक्त होगा—

(A) या (B) और

(C) अलावा (D) अथवा।

**44.** (C) उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान में 'अलावा' शब्द का प्रयोग होगा। 'अलावा' शब्द में 'व्यक्तिरेक वाचक' अव्यय हैं जो कि सम्बन्ध बोधक अव्यय का एक भेद है।

**45.** ''हमें सफलता मिलने तक प्रयास करना चाहिए'' इस वाक्य में 'तक' है—

(A) समुच्चयबोधक अव्यय

(B) क्रिया विशेषण

(C) सम्बन्धबोधक अव्यय

(D) विस्मयादिबोधक अव्यय।

**45.** (C) हमें सफलता मिलने तक प्रयास करना चाहिए। दिए गए वाक्य में एक 'संग्रह वाचक' अव्यय है जो कि 'सम्बन्ध बोधक' अव्यय का एक भेद है। अतः विकल्प (C) सही है।

**46.** 'को' और 'के लिए' किस कारक के चिह्न हैं?

(A) सम्प्रदान कारक (B) करण कारक

(C) अपादान कारक (D) संबोधन कारक।

**46.** (A) 'को' और 'के लिए' सम्प्रदान कारक के चिह्न हैं। जिसके लिए कोई क्रिया की जाती है, उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं।

**47.** 'उद्देश्य' और 'विधेय' किसके अंग हैं?

(A) वाक्य (B) रचना

(C) शब्द (D) अर्थ।

**47.** (A) 'उद्देश्य' और 'विधेय' वाक्य के अंग होते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**48.** 'तेंदुलकर ने एक ओवर में पाँच छक्के लगाए'—इस वाक्य में उद्देश्य है—

(A) छक्के (B) तेंदुलकर

(C) ओवर (D) पाँच।

**48.** (B) 'तेंदुलकर ने एक ओवर में पाँच छक्के लगाए।' दिए गए वाक्य में 'तेंदुलकर' वाक्य का उद्देश्य है। वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाये, उसे वाक्य का उद्देश्य कहते हैं। उद्देश्य को अलग करने के बाद वाक्य में जो भी शेष रह जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

**49.** ; विराम चिह्न का नाम है—

(A) अर्द्ध विराम (B) विराम

(C) अल्प विराम (D) हंस पद।

**49.** (A) (;) दिए गए विराम चिह्न का नाम अर्द्ध विराम है। अर्द्ध विराम में पूर्ण विराम की अपेक्षा कुछ कम तथा अल्प विराम की अपेक्षा कुछ अधिक समय तक ठहरते हैं।

**50.** किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(A) विवरण चिह्न (B) निर्देशक

(C) कोष्ठक (D) उप विराम।

**50.** (C) किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए कोष्ठक [ ]/( )] विराम चिह्न का प्रयोग करते हैं।

**51.** 'अवसर का लाभ उठाना' के लिए उपयुक्त है—

(A) बहती गंगा में हाथ धोना

(B) आकाश—पाताल एक करना

(C) फूला न समाना

(D) अंगारों पर पैर रखना।

**51.** (A) 'अवसर का लाभ उठाना' मुहावरे का अर्थ है—'बहती गंगा में हाथ धोना'।
**वाक्य प्रयोग**—मेरे मामाजी कश्मीर घूमने जा रहे थे तो मैंने कहा मुझे भी ले चलो, मैं भी बहती गंगा में हाथ धो लूँगा।

**52.** 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ है—

(A) पाला पड़ना (B) रोड़ा अटकाना

(C) बरस पड़ना (D) दाँतों में जीभ होना।

**52.** (B) 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ है—रोड़ा अटकाना।
**वाक्य प्रयोग**—ईर्ष्यालु प्रवृत्ति के लोग हमेशा दूसरों के काम में रोड़ा अटकाते रहते हैं।

**53.** 'अपना हाथ जगन्नाथ' का अर्थ है—

(A) मनमानी करना

(B) अपना हाथ पूजनीय होता है

(C) अपने हाथ से काम करना ही उपयुक्त होता है

(D) अपने हाथ से दान करना।

**53.** (C) अपना हाथ जगन्नाथ लोकोक्ति का अर्थ है—अपने हाथ से काम करना ही उपयुक्त होता है। अतः विकल्प (C) सही है।

**54.** 'मैं तुम सबको खूब समझता हूँ' तुम सब एक जैसे हो' के लिए उपयुक्त है—

(A) चोर—चोर मौसेरे भाई

(B) एक ही थैली के चट्टे—बट्टे

(C) केर—बेर का संग

(D) जैसे नागनाथ वैसे सांपनाथ।

**54.** (B) उपर्युक्त वाक्य के लिए उपयुक्त मुहावरा है—एक ही थैली के चट्टे—बट्टे। अतः विकल्प (B) सही है।

**55.** अधिसूचना का प्रकाशन कहाँ होता है?

(A) राजपत्र (गजट) (B) समाचार पत्र

(C) सूचना पट्ट (D) इनमें से कोई नहीं।

**55.** (A) अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र (गजट) में होता है। नियुक्तियों, नियमों, आदेशों, स्थानान्तरण, प्रशिक्षण, सेवा निवृत्ति आदि की सरकारी सूचना को अधिसूचना कहते हैं।

**56.** 'निविदा सूचना' का उद्देश्य होता है—

(A) सामान की आपूर्ति करवाना

(B) सामान की नीलामी

(C) निर्माण कार्य करवाना

(D) इनमें से तीनों काम।

**56.** (D) निविदा सूचना का उद्देश्य सामान की आपूर्ति करवाना, सामान की नीलामी तथा निर्माण कार्य करवाना ये तीनों कार्य हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

**57.** किसी कार्यालय द्वारा एक साथ अनेक प्रेषितियों को भेजा जाने वाला शासकीय पत्र, ज्ञापन या आदेश कहलाता है।

(A) परिपत्र (B) विज्ञापन

(C) अधिसूचना (D) आवेदन।

**57.** (A) किसी कार्यालय द्वारा एक साथ अनेक प्रेषितियों को भेजा जाने वाले शासकीय पत्र, ज्ञापन या आदेश को परिपत्र कहते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **58 से 60 तक**)

निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और फिर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें—

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बंधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन—रात अवनति के गड्ढे में गिराती जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरंतर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।

**58.** इस गद्यांश का शीर्षक होगा—

(A) कुसंग की महत्ता (B) अच्छी संगति

(C) संगति (D) युवा पुरुष।

**58.** (C) दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'संगति' होगा। गद्यांश में बताया गया है कि यदि किसी युवा व्यक्ति की संगति बुरी होगी, तो वह उसे गड्ढे में गिराती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो उन्नति की ओर उठाती जायेगी।

59. 'कुसंग' का अर्थ है—
(A) कुशल साथी (B) कक्षा के साथी
(C) संगीत के साथी (D) बुरी संगति।

59. (D) दिए गए गद्यांश के अनुसार, कुसंग का अर्थ 'बुरी संगति' होगा। कुसंग के अन्य अर्थ हैं—बुरी सोहबत, बुरे आचरण वाले लोगों का साथ।

60. इस गद्यांश का केन्द्रीय भाव है—
(A) संगति का महत्व
(B) युवा पुरुष
(C) नीति और सद्वृत्ति
(D) उन्नति।

60. (A) दिए गए गद्यांश का केन्द्रीय भाव संगति का महत्व है। यदि संगति बुरी होगी तो वह अवनति की ओर ले जायेगी और यदि संगति अच्छी होगी तो वह उन्नति की ओर ले जायेगी।

# खण्ड–III

# भाषा–II (हिन्दी)

61. कौन वर्ण ओष्ठ्य नहीं है?
(A) उ (B) व
(C) ऊ (D) आ।

61. (A) विकल्प (D) में दिया गया 'आ' वर्ण ओष्ठ्य वर्ण नहीं है। 'प' वर्ग के सभी वर्ण उ, 'ऊ' तथा 'व' ओष्ठ्य वर्ण कहलाते हैं।

62. अल्पप्राण ध्वनियों का समूह कौन है?
(A) क, ख, ग (B) च, ज, ञ
(C) त, थ, न (D) ट, ठ, ण।

62. (B) विकल्प (B) में दिया गया समूह 'च, ज, ञ' अल्प प्राण ध्वनियों का समूह है। जिनके उच्चारण में श्वास मुख से अल्प मात्रा में निकले और जिसमें हकार जैसी ध्वनि नहीं होती है, उन्हें अल्पप्राण व्यंजन कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण तथा अन्तःस्थ व्यंजन (य, र, ल, व) अल्पप्राण व्यंजन कहलाते हैं।

63. शुद्ध शब्द है—
(A) अनाधिकार (B) विछिन्न
(C) आर्शीवाद (D) कार्यक्रम।

63. (D) विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'कार्यक्रम' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य विकल्पों की शुद्ध वर्तनी निम्नवत् है—
अनाधिकार—अनधिकार
विछिन्न—विच्छिन्न
आर्शीवाद—आशीर्वाद

64. महा + उदय =
(A) महोदय (B) महूदय
(C) महौदय (D) महुदय।

64. (A) 'महा+उदय' = 'महोदय'। महोदय शब्द में गण संधि होगी।

65. 'सद्भावना' का संधि–विच्छेद है—
(A) स + भावना (B) स + द्भावना
(C) सद + भावना (D) सत् + भावना।

65. (D) 'सद्भावना' का संधि विच्छेद सत् + भावना होगा। सद्भावना शब्द में व्यंजन संधि होगी।

66. 'धरित्री' का तद्भव रूप है—
(A) धारिती (B) धरती
(C) धरिता (D) धरितरी।

66. (B) 'धरित्री' का तद्भव रूप 'धरती' होगा। अतः विकल्प (B) सही है।

67. दो भिन्न भाषाओं के मेल से बना शब्द कहलाता है—
(A) तद्भव (B) देशज
(C) विदेशज (D) संकर।

67. (D) दो भिन्न भाषाओं के मेल से बने शब्द को संकर शब्द कहते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

68. कौन शब्द तद्भव है?
(A) रूक्ष (B) वृक्ष
(C) पल्लव (D) खजूर।

68. (D) विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'खजूर' तद्भव है। खजूर का तत्सम शब्द 'खर्जूर' होगा।

69. 'हवा' का पर्यायवाची नहीं है—
(A) वायु (B) बयार
(C) समीर (D) ध्वज।

69. (D) विकल्प (D) में दिया गया शब्द 'ध्वज' 'हवा' का पर्यायवाची नहीं है। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्द हवा के पर्यायवाची हैं। ध्वज के पर्यायवाची हैं—झण्डा, पताका, ध्वजा, निशान आदि।

70. 'स्वाधीन' का विलोम है—
(A) गुलाम (B) अधीन
(C) पराधीन (D) परतंत्र।

70. (C) 'स्वाधीन' का विलोम शब्द 'पराधीन' होगा। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्दों के विलोम शब्द निम्नवत् हैं—
गुलाम—आजाद
अधीन—स्वतंत्र
परतंत्र—स्वतंत्र

71. 'भक्ति' का अर्थ नहीं है—
(A) सेवा (B) पूजा
(C) श्रद्धा (D) कविता।

71. (D) विकल्प (D) में दिया गया शब्द कविता 'भक्ति' का अर्थ नहीं है। अन्य विकल्पों में दिए गए शब्द भक्ति के अर्थ हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

72. संज्ञा का प्रकार नहीं है—
(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक
(C) देशवाचक (D) भाववाचक।

72. (C) 'देशवाचक' संज्ञा का प्रकार नहीं है। अन्य विकल्पों में संज्ञा के प्रकार हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

73. किस समूह में सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं?
(A) कौन, क्या, किसने
(B) जो, कोई, वह
(C) जिनका, जो, किनका
(D) जिन्होंने, उन पर, उसको।

73. (A) विकल्प (A) में दिए गए सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं। जिस सर्वनाम से प्रश्न का बोध होता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

74. 'पुस्तक' से कौन विशेषण बनेगा?
(A) पुस्तकालय (B) पुस्तकें
(C) पुस्तकीय (D) पुस्तकों।

74. (C) 'पुस्तक' का विशेषण रूप 'पुस्तकीय' होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

75. वाक्य में प्रयुक्त शब्द को कहते हैं—
(A) लिपि (B) पद
(C) शब्दांश (D) भाषा।

75. (B) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को 'पद' कहते हैं। अर्थात् जब कोई सार्थक शब्द वाक्य में प्रयोग किया जाता है, तब उसे पद कहते हैं।

लिपि—ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं।

76. ........बोलो, कोई सुन लेगा' वाक्य में रिक्त स्थान पर आएगा—
(A) जोर से (B) गाकर
(C) चीखकर (D) धीरे।

76. (D) दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान में 'धीरे' शब्द का प्रयोग होगा। अतः विकल्प (D) सही है।

**77.** वाक्य में शब्दों का क्रम निर्धारित होता है—

(A) पदक्रम से (B) भाषा से

(C) छंद से (D) अलंकार से।

**77.** (A) वाक्य में शब्दों का क्रम पदक्रम से निर्धारित होता है। वाक्य में प्रयुक्त सभी पदों का एक निश्चित क्रम होता है, यदि शब्दों को निश्चित क्रम में प्रयोग किया जाता है, तो पाठक द्वारा सार्थक अर्थ ग्रहण कर लिया जाता है यदि पदों का क्रम बिगड़ जाता है तो सार्थक अर्थ ग्रहण करना मुश्किल हो जाता है।

**78.** शुद्ध वाक्य है—

(A) दरअसल में वह उससे प्रेम करता है

(B) डाकू के पैरों में हथकड़ियाँ हैं

(C) यह ऐतिहासिक घटना है

(D) आपका भवदीय।

**78.** (C) विकल्प (C) में दिया गया वाक्य 'यह ऐतिहासिक घटना है। व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है। विकल्प (A) में अधिक पदत्व सम्बन्धी (B) में अनुपयुक्त शब्द प्रयोग सम्बन्धी तथा विकल्प (D) में द्विरूक्ति सम्बन्धी अशुद्धि है।

**79.** योजक–चिह्न है—

(A) — (B) ,

(C) : (D) ;

**79.** (A) विकल्प (A) में दिया गया है चिह्न (—) योजक चिन्ह कहलाता है। योजक चिह्न का प्रयोग दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच, द्वन्द्व समास में तथा क्रिया की मूल धातु के साथ आयी प्रेरणार्थक क्रियाओं के बीच में भी योजक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**80.** लाघव–चिह्न का प्रयोग होता है—

(A) उद्धरण के लिए

(B) बड़े अंश का संक्षिप्त रूप लिखने के लिए

(C) त्रुटि सुधार के लिए

(D) अभिवादन के लिए।

**80.** (B) बड़े अंश का संक्षिप्त रूप लिखने के लिए लाघव चिह्न का प्रयोग किया जाता है। इसे संक्षेप सूचक चिह्न भी कहते हैं।

**81.** 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' का अभिप्राय है—

(A) व्यर्थ श्रम करना

(B) कब्रिस्तान में शरारत करना

(C) अंतिम संस्कार करना

(D) पुरानी बातों को दुहराना।

**81.** (D) 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' मुहावरे का अर्थ है—'पुरानी बातों को दुहराना।' अतः विकल्प (D) सही है।

**82.** किसी के सामने.............मेरी आदत नहीं है।

(A) हाथ फैलाना

(B) अंगारों पर पैर रखना

(C) नाकों चने चबाना

(D) पत्थर की लकीर खींचना।

**82.** (A) दिए गए वाक्य के रिक्त स्थान में 'हाथ फैलाना'। मुहावरे का प्रयोग होगा। 'हाथ फैलाना' मुहावरे का अर्थ है माँगना।

**83.** 'भीगी बिल्ली होना' का अभिप्राय है—

(A) भीग जाना

(B) बिल्ली की आवाज निकालना

(C) डर जाना

(D) सर्दी लग जाना।

**83.** (C) भीगी बिल्ली होना मुहावरे का अर्थ है—'डर जाना'। वाक्य प्रयोग—अपराधी पुलिस को देखते हुए भीगी बिल्ली बन जाते हैं।

**84.** 'कौन मुहावरा नहीं है?'

(A) लाल पीला होना (B) सब्ज बाग दिखाना

(C) पीला मुँह करना (D) हरा ही हरा सूझना।

**84.** (C) विकल्प (C) पीला मुँह करना मुहावरा नहीं है। अन्य विकल्प में दिए गए मुहावरों के अर्थ निम्नवत् हैं—

- लाल पीला होना—क्रोधित होना।
- सब्ज बाग दिखाना—लालच देकर बहाकना।
- हरा ही हरा सूझना—सुख में पले व्यक्ति को दूसरों के कष्ट का अनुमान नहीं हो सकता है।

**85.** नौकरी चाहने के लिए लिखा जाएगा—

(A) परिपत्र (B) ज्ञापन

(C) आवेदनपत्र (D) विज्ञापन।

**85.** (C) नौकरी चाहने के लिए लिखे जाने वाले पत्र को आवेदन पत्र कहते हैं। आवेदन पत्र तब लिखते हैं जब किसी व्यक्ति को किसी से कोई आग्रह या निवेदन करना है। अतः विकल्प (C) सही है।

**86.** 'विज्ञप्ति' में जारी करने वाले अधिकारी का पद नाम होता है—

(A) सबसे नीचे दाहिनी ओर

(B) सबसे ऊपर बायीं ओर

(C) सबसे ऊपर दायीं ओर

(D) कहीं नहीं होता।

**86.** (A) 'विज्ञप्ति' जारी करने वाले अधिकारी का पद नाम सबसे नीचे दाहिनी ओर लिखा जाता है। अतः विकल्प (A) सही है।

**87.** सरकारी विभाग अपनी योजनाओं की जानकारी जनता को देने के लिए जारी करता है—

(A) विज्ञप्ति (B) निविदा सूचना

(C) अधिसूचना (D) ज्ञापन।

**87.** (A) सरकारी विभाग अपनी योजनाओं की जानकारी जनता को देने के लिए विज्ञप्ति जारी करता है। विज्ञप्ति लिखित सम्प्रेषण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान अपने किसी निर्णय, घोषणा, निर्देश, योजना आदि से सम्बन्धित सूचनाओं को सम्बन्धित व्यक्तियों तथा आम जनता तक पहुँचाने के लिए विज्ञप्ति जारी करता है। विज्ञप्ति अखबार में छापी जाती है।

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **88 से 99 तक**)

निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और फिर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें—

पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस–पास का वातावरण। पर्यावरण में सभी सजीव तथा निर्जीव अवयवों के आदान–प्रदान द्वारा एक साम्य अवस्था बनी रहती है जिससे जीव–जंतु तथा पौधे संतुलित विकास करते हैं, परन्तु किसी भी कारणवश यदि पर्यावरण का एक घटक या अवयव कम या अधिक हो जाए या कोई भी अन्य पदार्थ कम या अधिक मात्रा में प्रवेश कर जाए तो पर्यावरण असंतुलित या दूषित हो जाता है। इसे पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है।

**88.** इस गद्यांश का शीर्षक होगा—

(A) पर्यावरण प्रदूषण

(B) आस–पास का वातावरण

(C) संतुलित विकास

(D) सजीव–निर्जीव अवयव।

**88.** (A) दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'पर्यावरण प्रदूषण' है। अतः विकल्प (A) सही है।

**89.** 'निर्जीव' का अर्थ है—

(A) नीर वाला जीव (B) जीवन रहित

(C) निकट का जीव (D) जीवित।

**89.** (B) 'निर्जीव' का अर्थ है—'जीवन रहित'। निर्जीव के अन्य अर्थ हैं—बेजान, मृत, अशक्त, उत्साहहीन आदि।

**90.** पर्यावरण के किसी घटक के कम या अधिक होने से होता है—

(A) विनाश (B) खतरा

(C) पर्यावरण प्रदूषण (D) रोगों का फैलाव।

**90.** (C) पर्यावरण के किसी घटक के कम या अधिक होने से पर्यावरण प्रदूषण होता है। पर्यावरण

में सभी निर्जीव तथा सजीव अवयवों के आदान–प्रदान द्वारा एक साम्य अवस्था बनी रहती है जिससे जीव–जंतु तथा पौधे संतुलित विकास करते हैं। यदि कोई अन्य पदार्थ कम या अधिक मात्रा में प्रवेश कर जाए, तो पर्यावरण असंतुलित हो जाता है।

# खण्ड–II

## Language-I (Eglish)

**31.** Which one of the following words is a verb ?

(A) Sympathy (B) Sympathise

(C) Sympathetic (D) Sympathiser.

**31.** (B) विकल्प (B) सही है। Sympathise (संवेदना प्रकट करना) एक verb है।

Sympathetic—(Adj.) (सहानुभूति)

Sympathy—(अनुकम्पा)

Sympathiser—सहानुभूति प्रकट रखने वाला।

**32.** Fill in an appropriate determiner :

..........first item in today's programme is a song.

(A) The (B) A

(C) Any (D) Some

**32.** (A) विकल्प (A) सही है। Ordinal Number के Adjective से पूर्व Article 'the' का प्रयोग होता है।

**33.** Supply the correct form of the verb in the following sentence :

She............a new dress last week.

(A) has bought (B) has been buying

(C) buys (D) bought

**33.** (D) रिक्त स्थान में bought ($V_2$) का प्रयोग उचित होगा, क्योंकि Last week में Past Tense का बोध होता है।

**34.** Which one of the following sentences has the correct verb form ?

(A) They already seen the film

(B) They already saw the film

(C) They will already see the film

(D) They have already seen the film

**34.** (D) They have already seen the film सही verb form में है। Already (Adv.) का प्रयोग HV और MV के मध्य किया जाता है।

**35.** May I enter your office ?

In the above sentence 'may' has the meaning of :

(A) permission (B) possibility

(C) probability (D) order

**35.** (A) विकल्प (A) सही है, क्योंकि वाक्य May I enter your office ? में May का प्रयोग Permission के लिए किया गया है।

**36.** To express 'necessity' we use the modal—

(A) may (B) must

(C) can (D) might

**36.** (B) विकल्प (B) सही है, क्योंकि 'must' का प्रयोग necessity अर्थात् आवश्यकता व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

**37.** Complete the phrasal verb in the following sentence :

I usually go to bed early and also get..... early.

(A) out (B) off

(C) up (D) into

**37.** (C) रिक्त स्थान में up का प्रयोग उचित है up का अर्थ है—जागना, उठ जाना।

**38.** Which one of the following options will complete the phrasal verb in the following sentence ?

The train slowed.............and finally stopped.

(A) up (B) over

(C) about (D) down

**38.** (D) विकल्प (D) सही है। Slowed down का तात्पर्य है—धीमा करना।

**39.** Pick out the phrasal verb which mean 'to take care of' :

(A) run after (B) look after

(C) run into (D) look for

**39.** (B) विकल्प (B) सही है। look after (PHR-V) का अर्थ है। take care of (देखभाल करना।

**40.** Complete the phrasal verb in the following sentence :

The tourist guide pointed...........the most important buildings.

(A) in (B) out

(C) off (D) on

**40.** (B) विकल्प (B) सही है। Pointed out (PHR-V) का अर्थ है—इंगित करना।

**41.** Which one of the following phrasal verbs means 'to stop doing an activity or a job'?

(A) take up (B) run down

(C) give up (D) look for

**41.** (C) विकल्प (C) सही है। give up का अर्थ है to stop doing an activity or a job. (किसी कार्य को करने) से रुक जाना।

**42.** Which one of the options will complete the phrasal verb in the following sentence ?

I had to fill................three forms to get my driving licence.

(A) up (B) into

(C) down (D) over

**42.** (A) विकल्प (A) सही है, क्योंकि पूर्ण करने/भरने के लिए उपयुक्त Phrasal verb है—fill up.

**43.** The passive voice of 'We make butter from milk' is :

(A) Butter is being made from milk

(B) Butter has been made from milk

(C) Butter was made from milk

(D) Butter is made from milk

**43.** (D) विकल्प (D) सही है। दिया गया Active Voice Present Indefinite Tense में है तथा इसका Passive Structure निम्नवत् है—

(Sub + is/am/are + $V_3$ + other words)

अतः सही Passive Voice होगा—Butter is made from milk.

**44.** Which is the correct passive voice of the following sentence ?

They have painted the door.

(A) The door was painted

(B) The door has been painted

(C) The door is painted

(D) The door be painted

**44.** (B) विकल्प (B) सही है। दिया गया Active Voice. Present Perfect Tense में है। इसका Passive Voice Structure निम्नवत् है।

[Sub + have/has + been + $V_3$ + other words.]

अतः सही The Passive Voice है।
The door has been painted.

**45.** My sister said, "I am enjoying my work."

In Reported Speech the above sentence will be My sister that

(A) she was enjoying her work

(B) I was enjoying my work

(C) she was enjoying my work

(D) I have been enjoying my work.

**45.** (A) विकल्प (A) सही है। दिया वाक्य Direct speech में हैं। Indirect Speech का परिवर्तन निम्न नियमानुसार होगा—

I = she

My = her

Present Continuous Tense = Past Continuous Tense.

अतः सही Reported Speech है।

She was enjoying her work.

**46.** Rahul said to Veena, ''Please return my books early.''

In Reported Speech the above sentence will be Rahul requested Veena to

(A) return her books early
(B) return my books early
(C) return his books early
(D) return their books early.

**46.** (C) विकल्प (C) सही है। दिया गया Direct Speech Imperative Sentence में है। अतः इसका Indirect Speech परिवर्तन निम्नवत् होगा—

Please—requested

(a....) = to

| S | O | N |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

के अनुसार = my = his

अतः सही Indirect Speech है—return his book early होगा।

**47.** Which one of the options has the same meaning as the following sentence ?

The Taj Mahal is the most beautiful building in India.

(A) India has many beautiful building.
(B) The Taj Mahal is more beautiful than any other building in India
(C) India has only one beautiful building, the Taj Mahal
(D) The Taj Mahal is a beautiful building.

**47.** (B) विकल्प (B) सही है। यहाँ Superlative Degree को Comparison के माध्यम से Comparative Degree में बदला गया है जिसका Structure निम्नवत् है—

[Subject + H.V. + C. D. + than + any + other + superlative degree के बाद का भाग]

अतः The Taj Mahal is more beautiful than any other building in India सही होगा।

**48.** Pick out the correct 'wh' questions :

(A) How much money do you want ?
(B) How much do you want money ?
(C) How much do you money want ?
(D) How much money you want ?

**48.** (A) विकल्प (A) सही है, क्योंकि सही wh-question होगा।

How much money do you want ?

**49.** Which one of the following words is similar in meaning to 'purchase' ?

(A) Buy (B) Sell
(C) Receive (D) Supply

**49.** (A) Purchase का अर्थ है—खरीदकर लाना/खरीदना

buy का अर्थ है—खरीदना

sell का अर्थ है—बेचना

receive का अर्थ है—प्राप्त करना

supply का अर्थ है—पूर्ति करना।

अतः Purchase का सही Similar Meaning है 'buy'

**50.** The word 'inspection' is similar in meaning to :

(A) interview (B) exercise
(C) get up (D) check up

**50.** (D) Inspection का अर्थ है—जाँच करना

Interview का अर्थ है—साक्षात्कार

exercise का अर्थ है—व्यायाम करना/पालन करना

get up का अर्थ है— उठना

अतः Inspection का Similar meaning है Check up.

**51.** The opposite of the word 'support' is—

(A) help (B) argue
(C) oppose (D) return

**51.** (C)
- Support का अर्थ है—सहायता करना
- help का अर्थ है—सहायता करना।
- argue का अर्थ है—बहस करना
- oppose का अर्थ है—विरोध करना
- return का अर्थ है—वापस करना

अतः Support का Opposite है Oppose.

**52.** Which word is opposite in meaning to 'interesting' ?

(A) confusing (B) boring
(C) contrasting (D) pleasing

**52.** (B)
- Interesting का अर्थ है—रुचिकर
- Confusing का अर्थ है—भ्रमकारी, पेचीदा
- Contrasting का अर्थ है—विरोधी
- boring का अर्थ है—ऊबाऊ, नीरस
- Pleasing का अर्थ है—खुशनुमा/प्रसन्न करने वाला

अतः Interesting का Opposite है boring.

**53.** Choose the word with the correct spelling:

(A) fenancial (B) financiel
(C) fincncial (D) financial

**53.** (D) विकल्प (D) सही है। शब्द financial (वित्तीय) की Spelling शुद्ध है।

**54.** Pick out the word which has been correctly spelt :

(A) situetion (B) setuation
(C) situation (D) situasion

**54.** (C) विकल्प (C) सही है। शब्द Situation (स्थिति) की Spelling शुद्ध है।

**Direction (Q. No. 55 and 56)**

Please read the following stanza to answer question No. 55 and 56 :

''The Jamuna's' waters rush by so quickly,
The shadows of evening gather so thickly,
Like black birds in the sky......'
O! If the storm breaks, what will betide me?
Safe from the lighting where shall I hide me ?
Unless Thou succour my footsteps and guide me.
Ram re Ram ! I shall die.''

**55.** ''Like black birds'' in the above lines in as example of :

(A) metaphor (B) simile
(C) hyperbole (D) pun

**55.** (B) विकल्प (B) सही है। उपर्युक्त पंक्ति में like black bird's. Simile (उपमा) का Example है। इसमें ऐसी दो वस्तुओं की तुलना की जाती है जिनमें कम से कम एक चीज समान हो। Similar प्रायः As, like या so से शुरू होती है।

Metaphor—रूपक—यह implied simile है। जहाँ तुलना में like, so व as का प्रयोग नहीं होता।

Hyperbole—अतिशयोक्ति—इस अलंकार में बात को बढ़ा–चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है।

Pun—श्लेष—जहाँ एक शब्द के एक से अधिक अर्थ होते हैं।

**56.** We can find an example of alliteration in the above lines in :

(A) Ram re Ram
(B) I shall die
(C) The Jamuna's waters
(D) The shadows of evening

**56.** (A) Alliteration—(अनुप्रास) (जहाँ एक वर्ण की आवृति बार–बार हो)। जो Ram re Ram में है। अतः सही विकल्प (A) है।

**57.** An elegy is a :

(A) sad poem, usually about someone's death
(B) love poem
(C) prayer
(D) poem about someone's marriage

**57.** (A) विकल्प (A) सही है। elegy—शोकगीत होता है, जो कि किसी प्रियजन की मृत्यु के अवसर पर रचित की गई Poem होती है।

**58.** The phonetic symbol for the first sound (underlined) in the word 'ship' is :

(A) / ʃ /  (B) / sh /
(C) /ch /  (D) / tρ/n

**58.** (A) विकल्प (A) सही है। Ship का first sound /ʃ/ होगा। (ʃ/-श)

**59.** Pick :

(A) / pllk /  (B) / pi : k /
(C) / plk /  (D) / plkk /

**59.** (C) विकल्प (C) सही है। Pick का Phonetic Transcription /plK/ होता है।

**60.** Try :

(A) / trl /  (B) / tral /
(C) / tri : /  (D) / trae /

**60.** (B) विकल्प (B) सही है। try का Phonetic Transcription / traI/ होता है।

# खण्ड–III

# Language-II (Eglish)

**61.** Which one of the following words is a noun ?

(A) interesting  (B) develop
(C) teacher  (D) brave

**61.** (C) विकल्प (C) का सही है, क्योंकि teacher (अध्यापक) एक Noun है।

- Interesting (रुचिकर)—Adjective है।
- develop (विकास करना) verb है।
- brave (बहादुर/वीर) adjective है।

**62.** Fill in the appropriate determiner :

I have not got.........money in my bank account.

(A) any  (B) a
(C) a few  (D) few

**62.** (A) विकल्प (A) सही है। Not के बाद any का प्रयोग उचित होता है। Any का negative interrogative वाक्यों में तथा Hardly farely, scarcely के साथ किया जाता है।

**63.** Supply the correct form of the verb 'remember' in the following sentence :

I..........your name.

(A) am remembering
(B) remember
(C) was remembering
(D) have remember

**63.** (B) विकल्प (B) सही है। उपर्युक्त वाक्य में remember प्रयोग अधिक है। वाक्य Present Indefinite Tense का है।

**64.** Pick out the correct verb form :

She was walking along the road when she.........him.

(A) met  (B) have met
(C) was meeting  (D) meet

**64.** (A) विकल्प (A) सही है। रिक्त स्थान में met ($V_2$) का प्रयोग होगा। वाक्य Past Tense में है।

**65.** Supply a modal which expresses ability :

(A) may  (B) will
(C) must  (D) can

**65.** (D) विकल्प (D) सही है, क्योंकि can का प्रयोग मानसिक/शारीरिक ability (सामर्थ्य) के लिए किया जाता है।

**66.** We must come back by six.

'Must' in the above sentence expresses

(A) possibility  (B) advice
(C) desire  (D) necessity

**66.** (D) विकल्प (D) सही है। Must का प्रयोग Necessity (आवश्यकता) का बोध कराता है।

**67.** Complete the phrasal verb in the following sentence :

(A) in  (B) over
(C) out  (D) at

**67.** (C) विकल्प (C) सही है। Come out (PHR-V) (बाहर आना)।

**68.** Complete the phrasal verb in the following sentence :

(A) up  (B) through
(C) after  (D) in

**68.** (A) विकल्प (A) सही है। रिक्त स्थान में up का प्रयोग होगा। going up (PHR-V) का अर्थ है—बढ़ जाना।

**69.** Complete the phrasal verb in the following sentence :

(A) away  (B) at
(C) off  (D) after

**69.** (C) विकल्प (C) सही है। See off (PHR-V) का अर्थ है—विदा करना, रूखसत करना।

**70.** Which one of the following phrasal verbs means 'to remove' ?

(A) put on  (B) take off
(C) put up  (D) get off

**70.** (B) विकल्प (B) सही है। Take off (PHR-V) का अर्थ है Remove/leave (हटाना)।

**71.** We decided to put off our visit to Kashmir till October.

'Put off in the above sentence means'

(A) arrange  (B) plan
(C) reject  (D) postpone

**71.** (D) विकल्प (D) सही है। Put off (PHR-V) का अर्थ है Postpone स्थगित करना।

**72.** There isn't enough money, so we must cut down expenses.

'Cut down' in the above sentence means :

(A) reduce in size or amount
(B) stop
(C) increase in size or amount
(D) revise

**72.** (A) उपर्युक्त वाक्य में cut down (PHR-V) का अर्थ है—कम करना। घटाना। अत: विकल्प (A) Reduce in size or amount सही है।

**73.** They are repairing the bridge.

The passive voice of the above sentence will be :

(A) The bridge is repaired
(B) The bridge are being repaired
(C) The bridge is being repaired
(D) The bridge has being repaired

**73.** (C) दिया गया Active Voice Present Continuous Tense में है। इसका Passive Voice structure निम्नवत् होगा—

[Sub. + is/am/are + being + $V_3$ + other words]
The bridge is being repaired.

अत: विकल्प (C) सही है।

**74.** Pick out the correct passive voice of the following sentence :

They carried the injured player off the field.

(A) Off the field was carried by the injured player
(B) The injured player was carried off the field by them
(C) The injured player be carried off the field
(D) The injured player has been carried off the field

**74.** (B) दिया गया Active Voice, Past Indefinite Tense में है। Passive Voice Structure निम्नवत् होगा।

[Sub + was/were + $V_3$ + other words]
अत: सही Passive Voice "The injured player was carried off the field by them." होगा।

**75.** He said, "Kavita, when is the next train ?"

The above sentence in Reported Speech will be :

(A) He asked Kavita that when the next train was

(B) He asked to Kavita when was the next train

(C) He asked to Kavita that when is the next train

(D) He asked Kavita when the next train was.

**75.** (D) दिया गया वाक्य Direct Speech में हैं। इसका Indirect Speech में बदलने के लिए परिवर्तन होगें।

when,

Interrogative = Assertive

Present Tense = Past Tense

अतः सही Reported Speech है। He asked Kavita When the next train was.

**76.** The doctor said to me, "Do not swim in cold water."

In Reported Speech the above sentence will be The doctor advised me

(A) do not swim in cold water

(B) that do not swim in cold water

(C) not to swim in cold water

(D) to not swim in cold water

**76.** (C) दिया गया वाक्य Direct Speech, Imperative Sentence में है। इसका indirect speech। Structure निम्नवत् होगा—

[Sub. + asked + obj + infinitive (to + $v_1$)]

The doctor advised me not to swim in cold water.

**77.** Pick out the sentence which has the same meaning as the following sentence :

No person in my village is as wise as my uncle.

(A) My uncle is the wisest person in my village

(B) There is no wise person in my village

(C) My uncle is the only wise person in my village.

(A) My uncle is wises than some people in my village.

**77.** (A) दिया गया वाक्य degree of comparison है। विकल्प (A) में प्रयुक्त वाक्य का आशय दिये गये वाक्य के समान हैं।

[Sub. + H.V. + the + S.D. + Noun + Other words.]

My uncle is the wises person in my village.

**78.** Pick out the appropriate question tag for the following statement :

You didn't see him.

(A) didn't you ? (B) did you ?

(C) isn't it ? (D) aren't you ?

**78.** (B) विकल्प (B) सही है। सही question Tag है।

did you

[auxiliary + contraction form + subject ?]

यदि statement Positive है, तो Negative question tag का प्रयोग होता है और यदि Statement Negative हो तो Question Tag Positive होगा।

**79.** The word 'advocate' is similar in meaning to :

(A) adviser (B) scholar

(C) supporter (D) lawyer

**79.** (D) Advocate का अर्थ है—अधिवक्ता, वकील

- adviser का अर्थ है—सलाहकार
- Scholar का अर्थ है—विद्वान
- Supporter का अर्थ है—समर्थक
- Lawyer का अर्थ है—वकील

अतः Advocate का सही Similar Word है lawyer.

अतः विकल्प (D) सही है।

**80.** Which one of the following words is similar in meaning to the word 'precise' ?

(A) brief (B) exact

(C) precious (D) expensive

**80.** (A) Precise का अर्थ है—संक्षिप्त करना

- brief का अर्थ है—संक्षिप्त
- exact का अर्थ है—सटीक
- Precious का अर्थ है—मूल्यवान/कीमती
- expensive का अर्थ है—कीमती/महँगा

अतः Precise का Similar Word है brief.

**81.** The opposite of the word 'familiar' is :

(A) related to a family

(B) personal

(C) strange

(D) unfriendly

**81.** (C)
- familiar का अर्थ है—परिचित/भिज्ञ
- Personal का अर्थ है—व्यक्तिगत
- Strange का अर्थ है—अजनबी
- Unfriendly का अर्थ है—अमित्र

अतः familiar का Opposite है Strange.

**82.** The word 'creative' is opposite in meaning to :

(A) destructive (B) positive

(C) artistic (D) pessimistic

**82.** (A) Creative का अर्थ है—सृजनशील/रचनात्मक

- destructive का अर्थ है—विनाशकारी
- Positive का अर्थ है—सकारात्मक
- Artistic का अर्थ है—कलात्मक
- Pessimistic का अर्थ है—निराशावादी

अतः Creative का Opposite है destructive.

अतः विकल्प (A) सही है।

**83.** Pick out the word which has been correctly spelt :

(A) obidient (B) obediant

(C) obedient (D) obidiant

**83.** (C) शब्द Obedient (आज्ञाकारी) Spelling शुद्ध है।

**84.** Which one of the following words has been correctly spelt ?

(A) gramar (B) grammar

(C) grammer (D) gramer

**84.** (B) विकल्प (B) सही है। शब्द grammar (N) (व्याकरण) की Spelling है।

**Direction (Q. No. 85 and 86)**

Read the following stanza and answer question :

"Silence hath bound thee with her fatal chain;
Neglected, mute and desolate art thou,
Like ruined monument on desert plain :
May be by mortal wakened once again,
Harp of my country, let me strike the strain !"

**85.** The line 'Like ruined monument on desert plain' is an example of :

(A) simile (B) metaphor

(C) elegy (D) hyperbole

**85.** (A) पंक्ति Like ruined monument on desert plain simile (उपमा अलंकार) का example है।

**86.** Which one of the following phrases gives us an example of alliteration ?

(A) harp of my country

(B) strike the strain

(C) with her fatal chain

(D) desolate art thou

**86.** (B) Strike the strain वाक्यांश alliteration (अनुप्रास अलंकार) उदाहरण है। जब वर्ण की आवृति बार–बार हो, तो वहाँ Alliteration (अनुप्रास अलंकार) होगा।

**87.** A sonnet usually contains :
(A) eight lines (B) six lines
(C) twelve lines (D) fourteen lines

**87.** (D) विकल्प (D) सही है। Sonnet में सामान्यतः Lines की संख्या 14 होती है।

**Direction (Q. No. 88 to 90)**

Pick out the correct phonetic transcription of the following words :

**88.** Like :
(A) / lalk/ (B) /llk/
(C) /lai:k/ (D) /lu:lk/

**88.** (A) विकल्प (A) सही है। Like का Phonetic Transcription है। /IaIk/.

**89.** Tree :
(A) /trl/ (B) /tre/
(C) /tri:/ (D) /treI/

**89.** (C) विकल्प (C) सही है। tree का सही phonetic Transcription है। /tri:/

**90.** These :
(A) /∂Is/ (B) /θi:z/
(C) /θIz/ (D) /∂i:z/

**90.** (D) विकल्प (D) सही है। these का सही Phonetic Transcription है। /∂i:z/

# खण्ड–III

# भाषा–I (संस्कृतम्)

**31.** 'वं' व्यञ्जनस्य उच्चारणस्थानम् अस्ति
(A) कण्ठोष्ठम् (B) कण्ठ–तालु
(C) दन्तोष्ठम् (D) जिह्वामूलम्

**31.** (C) वं वर्ण का उच्चारण स्थान दन्तोष्ठ होता है। इसका सूत्र व कारस्य दन्त्योष्ठम् है। वं को द्विस्थानीय व्यंजन भी कहा जाता है।

**32.** तवर्गस्य उच्चारणस्थानं भवति
(A) नासिका (B) मूर्धा
(C) कण्ठः (D) दन्ताः

**32.** (D) त वर्ग का उच्चारण स्थान दन्त है। लृतुलसानाम् सूत्र से लृ त वर्ण ल, स का उच्चारण दन्त होता है।

**33.** 'अ' स्वरस्य उच्चारणस्थानम् अस्ति
(A) ओष्ठौ (B) कण्ठः
(C) दन्ताः (D) मुखम्

**33.** (B) अ वर्ण का उच्चारण स्थान कण्ठ होता है। अकुहविसर्जनीयानाम् सूत्र से अ, आ क वर्ग है और विसर्ग (अः) का उच्चारण स्थान कण्ठ होता है। अ के 18 भेद होते हैं।

**34.** 'मूर्धा' उच्चारणस्थानम् अस्ति
(A) वकारस्य (B) षकारस्य
(C) ककारस्य (D) पकारस्य

**34.** (B) ष का उच्चारण स्थान मूर्धा होता है। ऋतुरषाणाम् मूर्धा सूत्र से ऋ ट वर्ग र ण का उच्चारण स्थान मूर्धा होता है।

**35.** 'हरि' शब्दस्य द्वितीया विभक्ति बहुवचने रूपं भवति
(A) हरिम् (B) हरी
(C) हरिन् (D) हरीन्

**35.** (D) हरि शब्द का द्वितीया बहुवचन हरीन् होगा हरि इकारान्त पुल्लिङ्ग शब्द है। इसके द्वितीया विभक्ति के रूप क्रमशः तीनों वचनों में हरिम् हरी हरीन् होते हैं।

**36.** 'नदी' शब्दस्य चतुर्थी विभक्ति एकवचने रूपं भवति
(A) नदीम् (B) नद्या
(C) नद्यै (D) नद्याम्

**36.** (C) नदी शब्द का चतुर्थी विभक्ति का एकवचन का रूप नद्यैः होता है। नदी ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द है। इसके चतुर्थी विभक्ति के रूप क्रमशः नद्यैः नदीभ्याम् नदीभ्या होते हैं।

**37.** 'कस्माद्' इति रूपमस्ति
(A) द्वितीया विभक्ति – एकवचनस्य
(B) तृतीया विभक्ति – एकवचनस्य
(C) चतुर्थी विभक्ति – एकवचनस्य
(D) पंचमी विभक्ति – एकवचनस्य

**37.** (D) कस्माद् पंचमी विभक्ति एकवचन का रूप है। इसका मूल शब्द किम् (क्या) होता है।

**38.** 'एकस्मै बालकाय फलं यच्छ' रेखांकित पदे विभक्तिः अस्ति
(A) प्रथमा (B) द्वितीया
(C) तृतीया (D) चतुर्थी

**38.** (D) एकस्मै चतुर्थी विभक्ति एकवचन का रूप है।

**39.** 'सर्वे बालकाः जलं पिबन्ति।' रेखांकितं पदमस्ति
(A) प्रथमपुरुषस्य एकवचनम्
(B) प्रथमपुरुषस्य बहुवचनम्
(C) मध्यमपुरुषस्य बहुवचनम्
(D) उत्तमपुरुषस्य एकवचनम्

**39.** (B) सर्वे बालकाः जलं पिबन्ति में पिबन्ति पद प्रथम पुरुष बहुवचन लट्लकार का है।

**40.** 'स्था' धातोः लट्लकारे मध्यमपुरुषस्य बहुवचने रूपं भवति
(A) स्थास्यसि (B) स्थास्यथ
(C) तिष्ठथः (D) तिष्ठथ

**40.** (D) स्था धातु मध्यम पुरुष बहुवचन का लृट लकार का रूप तिष्ठथ होगा।

**41.** 'लभ्' धातोः लोट् लकारे उत्तमपुरुष बहुवचनं भवति
(A) लभन्ताम् (B) लभै
(C) लभावहै (D) लभामहै

**41.** (D) लभ धातु का लोट् लकार का उत्तम पुरुष बहुवचन का रूप लभाम है होगा।

**42.** 'वयम् आत्मानं जयेम।' रेखांङ्कितपदम् अस्ति
(A) विधिलिङ्लकारस्य मध्यमपुरुष बहुवचनम्
(B) विधिलिङ्लकारस्य उत्तमपुरुष बहुवचनम्
(C) विधिलिङ्लकारस्य उत्तमपुरुष एकवचनम्
(D) विधिलिङ्लकारस्य प्रथमपुरुष एकवचनम्

**42.** (B) जयेम शब्द विधिलिङ्ग लकार उत्तम पुरुष बहुवचन का रूप है। धातु के रूप निम्न हैं :

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र.पु. | जयेत् | जयेताम् | जयेयुः |
| म.पु. | जयेः | जयेतम् | जयेत |
| उ.पु. | जयेभम् | जयेव | जयेम् |

**43.** सः...........बधिरः। अत्र रिक्तस्थाने शुद्धरूपं भविष्यति
(A) कर्णाय (B) कर्णेन
(C) कर्णात् (D) कर्णस्य

**43.** (B) सः कर्णेन बधिरः शुद्ध रूप होगा। ये नाङ्ग विकार सूत्र से तृतीया विभक्ति का प्रयोग होगा।

**44.** रामः **मूर्खेण** ईर्ष्यति। रेखाङ्कितपदे शुद्धरूपं भविष्यति
(A) मूर्खम् (B) मूर्खाय
(C) मूर्खात् (D) मूर्खस्य

**44.** (B) राम मूर्खाय ईर्ष्यति शुद्ध वाक्य होगा। क्रुध दुहेर्ष्यासूयानाम् यं प्रति कोप सूत्र से ईर्ष्या करने के अर्थ में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है।

**45.** सीता जनकं सह विद्यालयं गच्छति। रेखाङ्कितपदे शुद्धरूपमस्ति
(A) जनकेन (B) जनकाय
(C) जनकात् (D) जनकस्य

**45.** (A) सीता जनकेन सह विद्यालयं गच्छति/ सहयुक्ते प्रधाने सूत्र से सह, सद्धिम् साकम् समम् शब्दों के साथ तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है।

46. 'नमः स्वस्तिस्वाहास्वधा' योगे विभक्तिः भवति

(A) प्रथमा (B) तृतीया
(C) चतुर्थी (D) पंचमी

46. (C) नमः स्वस्ति स्वाहा स्वधा/ अलम् बष्ट योगाच्च सूत्र से चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है।

47. 'राजपुरुषः' अस्मिन् पदे समासः अस्ति

(A) अव्ययीभावः (B) तत्पुरुषः
(C) कर्मधारयः (D) द्वन्द्वः

47. (B) राजपुरुषः में तत्पुरुष समास होता है। तत्पुरुष समास का दूसरा पद प्रधान होता है। जिसे उत्तर पद प्रधान होता है। इसका सूत्र प्रायेणोत्तर पद प्रधान होता है। राजपुरुष का समास विग्रह राज्ञः पुरुष होगा यो षष्ठी तत्पुरुष के अन्तर्गत आता है।

48. 'घनश्यामः' अस्य समासस्य विग्रहः अस्ति

(A) घनः च श्यामः च (B) घन इव श्यामः
(C) श्यामः इव घनः (D) घने श्यामः

48. (B) घनश्यामः पद में कर्म धारय समास होता है। विशेषं विशेष्येण बहुलम् सूत्र से कर्म धारय समास का पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य होता है। इसका समास विग्रह घनः इव श्यामः होगा। इसमें उपमान उपमेय के कारण कर्मधारय समास है।

49. 'त्रिभुवनम्' अत्र समासः अस्ति

(A) कर्मधारयः (B) तत्पुरुषः
(C) बहुव्रीहिः (D) द्विगुः

49. (D) त्रिभुवनम् पद में द्विगु समास है।
संख्यापूर्वी द्विगुः सूत्र से द्विगु समास का पहला पद संख्या वाची होता है। त्रिभुवन पद का समास विग्रह त्रयाणां भुवनानाम् समाहारः होता है।

50. प्रायेणोभयपदार्थप्रधानो समासः भवति

(A) द्वन्द्वः (B) तत्पुरुषः
(C) द्विगुः (D) बहुव्रीहिः

50. (A) प्रायेणोभयो पद प्रधानः द्वन्द्व समास होता है। द्वन्द्व समास के उभयपद अर्थात् दोनों पद प्रधान होते हैं। जबकि बहुव्रीहि समास के दोनों पद अप्रधान होते हैं।

51. 'चयनम्' अस्य शब्दस्य संधिविच्छेदः अस्ति

(A) च + अयनम् (B) चि + अयनम्
(C) चे + अयनम् (D) चे + यनम्

51. (C) चयनम् पद का सही सन्धि विच्छेद चे + अनम् होगा जो किसी भी विकल्प में परिलक्षित नहीं होता। इसलिए विकल्पानुसार चे + अयनम् पद सही माना जायेगा। एयोऽयवाआवः सूत्र से चयनम् पद में अयादि सन्धि है।

52. 'देव + ऐश्वर्यम्' अत्र संधिः भविष्यति

(A) देवेर्श्यम् (B) देवैश्र्यम्
(C) देवर्श्यम् (D) देवऽवर्यम्

52. (B) देव + ऐश्वर्यम् पद का सन्धि युक्त पद देवैश्वर्यम् होगा।
वृद्धिरेचि सूत्र से अ + ऐ मिलकर ऐ का निर्माण करेंगे।

53. 'पेष्टा' अत्र संधिः अस्ति

(A) श्चुत्व (B) ष्टुत्व
(C) जशत्व (D) पूर्वरूप

53. (B) पेष्टा पद में ष्टुत्व सन्धि है। स्तोसुना स्तुः सूत्र से स्/त वर्ग के बाद ष्/ट वर्ण का कोई व्यंजन आता है। तब उसे ष्टुत्व सन्धि कहा जाता है। पेष्टा का सन्धि विच्छेद पेष् + ता होगा।

54. 'शिवोऽर्च्यः' अत्र संधिविच्छेदः अस्ति

(A) शिवः + अर्च्यः (B) शिवा + अर्च्यः
(C) शिवि + अर्च्यः (D) शिव + आर्च्यः

54. (A) शिवोऽर्च्यः पद में पूर्व रूप सन्धि है। इसका विच्छेद शिवो + अर्च्य होता है। परन्तु विकल्पानुसार शिवः + अर्च्य पद सही होगा तथा इसमें विसर्ग सन्धि होगी।

55. दुर्जनः सज्जनस्य <u>अपकरोति</u>। रेखाङ्कितपदे उपसर्गः धातुश्च स्तः

(A) अप + कृ (B) अपा + कृ
(C) अप + कर् (D) अपा + कर्

55. (A) अपकरोति पद में अप उपसर्ग है तथा कृ धातु है इसलिए अप् + कृ सही रूप है।

56. सीता स्नानं <u>कृत्वा</u> देवालयं गच्छति।

रेखांङ्कितपदे धातुः प्रत्ययश्च स्तः

(A) कृ + क्त्वा (B) कृ + ल्यप्
(C) क्री + तुमुन् (D) क्री + क्त्वा

56. (A) कृ धातु में क्त्वा प्रत्यय लगाने से कृ + क्त्वा = कृत्वा पद बनता है। क्त्वा प्रत्यय भूतकाल में प्रयोग किया जाता है। इससे बने पद अव्यय होते हैं। क्त्वा प्रत्यय का क् छिप जाता है त्वा/ट्वा शेष बचता है।

57. 'कथयितुम्' अत्र धातुः प्रत्ययश्च स्तः

(A) कथ् + तुमुन् (B) कथ् + ल्यप्
(C) कथय् + तुमुन् (D) कथि + ल्यप्

57. (A) कथयितुम् पद में कथ् धातु और तुमुन् प्रत्यय हैं। कथ् + तुमुन्
तुमुन् प्रत्यय के लिए के अर्थ में लृट लकार में प्रयोग किया जाता है।

58. पवनः.........वहति। रिक्तस्थाने अव्ययस्य शुद्धरूपं भविष्यति

(A) कुत्रम् (B) कुत्र
(C) कुत्रा (D) कुत्रे

58. (B) पवनः कुत्र वहति। रिक्त स्थान में कुत्र शब्द का प्रयोग होगा।

59. "गोपाल मोहन से चतुर है" इत्यस्य संस्कृतानुवादः अस्ति

(A) गोपालस्य मोहनः चतुरतरः
(B) गोपालः मोहनेन चतुरतरः
(C) गोपालः मोहनाय चतुरतरः
(D) गोपालः मोहनात् चतुरतरः

59. (D) गोपालः मोहनात् चतुरतरः शुद्ध रूप है। तरप् प्रत्यययोगे पंचमी सूत्र से दो शब्दों में तुलना करने के लिए पंचमी विभक्ति आती है।

60. 'वे सब संस्कृत पढ़ें।' अस्य वाक्यस्य संस्कृतानुवादः अस्ति।

(A) ते संस्कृतं पठन्ति (B) ते संस्कृतं पठन्तु
(C) यूयं संस्कृतं पठथ (D) वयं संस्कृतं पठामः

60. (B) वे सब संस्कृत पढ़ें/का संस्कृतानुवाद ते संस्कृतम् पठन्तु होगा। लोट् लकार में होगा।

## खण्ड–III

## भाषा–II (संस्कृतम्)

61. 'ह' वर्णस्य उच्चारणस्थानं विद्यते–

(A) मूर्धा (B) कण्ठः
(C) तालु (D) नासिका

61. (B) अकुह विसर्जनीयानाम् कण्ठः सूत्र से ह वर्ण का उच्चारण स्थान कण्ठ है। ह ऊष्म व्यंजनों में भी आता है। ऊष्म व्यंजन चार होते हैं (शे ष स ह)।

62. 'ए' स्वरवर्णस्य उच्चारणस्थानं भवति

(A) कण्ठोष्ठम् (B) दन्तोष्ठम्
(C) कण्ठतालु (D) नासिका

62. (C) ए वर्ण का उच्चारण स्थान कण्ठतालु है। ए द्विस्थानीय वर्ण है। ए का निर्माण अ + इ से मिलकर होता है। ए को संयुक्त स्वर भी कहा जाता है। संस्कृत में संयुक्त स्वरों की संख्या चार होती है जिनमें ए ऐ ओ औ स्वर शामिल हैं।

63. मूर्धा उच्चारणस्थानं कथ्यते

(A) 'ल' वर्णस्य (B) 'र' वर्णस्य

(C) 'य' वर्णस्य (D) 'न' वर्णस्य

63. (B) ऋतुरषाणाम् मूर्धा सूत्र से ऋ ट वर्ग र और ष का उच्चारण स्थान मूर्धा होता है। र वर्ण को प्रकम्पित। लुंठित वर्ण भी कहा जाता है।

64. स्वराः कति?

(A) पञ्च (B) अष्टौ

(C) एकादश (D) नव

64. (D) माहेश्वर सूत्रानुसार स्वरों की संख्या नौ मानी गई है। संस्कृत में 5 मूल स्वर (अ, इ, उ, ऋ, लृ) तथा संयुक्त स्वर (ए, ऐ, ओ, औ) होते हैं। स्वरों को अच् भी कहा जाता है, क्योंकि सभी स्वर अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत आते हैं।

65. 'त्रि' शब्दस्य स्त्रीलिङ्गे प्रथमाविभक्तेः बहुवचने रूपम् भवति

(A) त्रीणि (B) तिस्रः

(C) त्रयः (D) त्रिभिः

65. (B) त्रि शब्द का प्रथमा विभक्ति बहुवचन का स्त्रीलिङ्ग का रूप त्रिस्त्रः होगा। पुल्लिंग में त्रयः तथा नपुंसक लिङ्ग में त्रीणि रूप होता है।

66. .......वेदाः सन्ति।

(A) चत्वारि (B) चतस्रः

(C) चत्वारः (D) चतुरः

66. (C) चत्वारः वेदाःसन्ति चत्वारः शब्द पुल्लिङ्ग है। जबकि चत्वारि शब्द नपुंसक लिङ्ग में प्रयोग किया जाता है। चतस्त्रः शब्द स्त्रीलिङ्ग में प्रयोग किया जाता है। वेदाः शब्द पुल्लिङ्ग है इसलिए विकल्प (C) ही सही उत्तर होगा।

67. 'लता' शब्दस्य सप्तमी बहुवचने रूपं भवति

(A) लतासु (B) लताषु

(C) लतानाम् (D) लताः

67. (A) लता शब्द का सप्तमी बहुवचन का रूप लतासु होगा। लता आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द है। आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों में मूर्ध न्य में सप्तमी बहुवचन में दन्त्य स में बदल जाता है।

68. 'पितृ' शब्दस्य षष्ठी बहुवचने रूपं विद्यते

(A) पितृनाम् (B) पितृषु

(C) पितृणाम् (D) पितॄणाम्

68. (D) पितृ शब्द का षष्ठी बहुवचन का रूप पितॄणाम् होगा। पितृ ऋकारान्त शब्द है। इसका प्रथमा एकवचन का रूप पिता तथा तृतीया एकवचन का रूप पित्रा होता है।

69. 'अस्' धातोः लोट् लकारस्य मध्यमपुरुषैकवचने रूपमस्ति

(A) असि (B) एधि

(C) सन्तु (D) असानि

69. (B) अस् धातु लोट् लकार म.पु. एकवचन का रूप एधि होगा। असानि उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है। सन्तु लोट् लकार में प्रथम पुरुष बहुवचन का रूप है।

70. 'सह्' धातोः लट् लकारस्य उत्तमपुरुषैकवचने रूपं भवति

(A) सहे (B) सहते

(C) सहन्ते (D) सहसे

70. (A) सह धातु उत्तम पुरुष एक वचन का रूप सहे होता है। लट् लकार उत्तम पुरुष में रूप सहो (एव) सहाव हे (द्विव.) सहामहे (व.व.) सह धातु का अर्थ सहना (सहन करना) होता है।

71. 'कृ' धातोः लृट् लकारस्य प्रथमपुरुष बहुवचने रूपम् विद्यते

(A) अकुर्मः (B) अकरवम्

(C) अकुर्म (D) अकरोः

71. (C) कृ धातु उत्तम पुरुष बहुवचन का लङ् लकार में रूप अकुर्म होगा। जबकि अकरवम् रूप उ. पु. एक वचन का रूप होगा।

72. 'पा' धातोः लृट् लकारस्य प्रथमपुरुष बहुवचने रूपम् अस्ति

(A) पास्यन्ति (B) पास्यथः

(C) पिबिस्यन्ति (D) पास्यामः

72. (A) या धातु लृट लकार का प्रथम पुरुष बहुवचन का रूप पास्यन्ति होगा। जबकि लृट् लकार में पिवन्ति होगा।

73. संस्कृते कति कारकाणि भवन्ति?

(A) सप्त (B) अष्टौ

(C) षट् (D) पञ्च

73. (C) संस्कृत में कारक छः प्रकार के होते हैं। कर्ता कर्म करणं च सम्प्रदान तथैवच अपादानोऽकरश्च मित्याहु कारकणिषट् संस्कृत में सम्बन्ध कारक तथा सम्बोधन कारक मान्य नहीं होते।

74. बालकः...........बिभेति। रिक्तस्थानं पूरयत

(A) सर्पस्य (B) सर्पात्

(C) सर्पाय (D) सर्पे

74. (B) बालकः सर्पात् विभेतिः। सर्पात् शब्द पंचमी विभक्ति एकवचन का रूप है। भीत्राऽर्थानाम् भय हेतु : सूत्र से भी (डरना) त्रा (रक्षा करना) के अर्थ में पंचमी विभक्ति का प्रयोग होता है।

75. राक्षसाः ........... ईर्ष्यन्ति स्म। समुचित पदेन रिक्तस्थानं पूरयतः

(A) देवानाम् (B) देवैः

(C) देवेषु (D) देवेभ्यः

75. (B) राक्षसाः देवेभ्यः ईर्ष्यन्तिष्म्। देवेभ्यः शब्द चतुर्थी बहुवचन का है। क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयानाम् यं प्रति कोपः सूत्र से चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होगा। क्रुध द्रुह ईर्ष्या असूया शब्दों के साथ चतुर्थी विभक्ति आती है।

76. गोविन्दः **शिरसा:** खल्वाटः। इत्यत्र रेखांकित कारणं स्पष्टयतः

(A) करणार्थे (B) अङ्गविकारार्थे

(C) अपवर्गार्थे (D) सहार्थे

76. (B) अंगविकार के अर्थ में तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। इसका सूत्र येनाङ्गविकारः होगा, शिर शब्द का तृतीया एकवचन का रूप सिरसा होता है।

77. "शक्तिम् अनतिक्रम्य" इत्यत्र समस्तपदं सूचयतः

(A) अनु शक्ति (B) उपशक्तिः

(C) यथाशक्तिम् (D) यथाशक्ति

77. (D) यथाशक्ति में अव्ययीभाव समास होता है। इसका समास विग्रह "शक्तिम् अनतिक्रम्य" होगा। अव्ययीभाव समास से बने शब्द सदैव एक वचन और नपुंसक लिङ्ग होते हैं। यह नित्य नपुंसक लिङ्गक वचनान्त समास होता है।

78. 'गोसुखम्' इत्यत्र समासः कः?

(A) कर्मधारयः (B) बहुव्रीहिः

(C) तत्पुरुषः (D) अव्ययीभावः

78. (C) गौसुखम् शब्द में तत्पुरुष समास होगा, गौभ्यः सुखम् इसका समास विग्रह है। तत्पुरुष समास में यह चतुर्थी तत्पुरुष के अन्तर्गत आता है। इसे सम्प्रदाय तत्पुरुष भी कहते हैं। रक्षित, बलि हितं, अर्थ सुख शब्दों के साथ सम्मुख में तत्पुरुष आता है।

79. 'त्रयाणां लोकानां समाहारः' समस्तपदं वर्तते

(A) त्रिलोकी (B) त्रिलोकः

(C) त्रिलोकम् (D) त्रयः लोकाः

79. (A) त्रिलोकी पद में द्विगु समास होगा। संख्या पूर्वी द्विगु सूत्र से त्रिलोकी पद में द्विगु समास है।

80. "पितरौ" इत्यत्र विग्रहः कार्यः

(A) मातृ च पितृ च (B) पिता च माता च

(C) माता च पिता च (D) मातुः च पितुः च

**80.** (C) पितरौ में द्वन्द्व समास है। इसमें एक शेष द्वन्द्व है इसका विग्रह माता च पिता च होगा।

**81.** "बालः + चलति" इत्यत्र सन्धिः करणीयः

(A) बालो चलति (B) बालश्चलति
(C) बालस्चलति (D) बालष्चलति

**81.** (B) श्चुत्व सन्धि के कारण क्ष् श् में बदल जाता है। जिसका शुद्ध रूप बालश्चलति होगा।

**82.** "प्रेजते" सन्धिविच्छेदः कार्यः

(A) प्र + ऐजते (B) प्रे + जते
(C) प्र + एजते (D) पर् + एजते

**82.** (C) प्रेजते पद में पर रूप सन्धि है। इसका सूत्र 'एङ् पर रूप है। प्रेजते पद का सन्धि विच्छेद (प्र + एजते) होगा। अकारान्त उपसर्ग के बाद ए ओ आता है। तब इसे पर रूप सन्धि कहा जाता है।

**83.** "कोऽस्ति" इत्यत्र कः सन्धिः?

(A) पूर्वरूपसन्धिः (B) पररूपसन्धिः
(C) गुणसन्धिः (D) वृद्धिसन्धिः

**83.** (A) कोऽस्ति पद में पूर्व रूप सन्धि है। एङ् पदादन्ति सूत्र से इस पद में पूर्व रूप सन्धि है। इसका विच्छेद को + अस्ति है।

**84.** "कृष्णः" सन्धिविच्छेदः करणीयः

(A) कृष् + णः (B) कृस् + नः
(C) कृष् + नः (D) कृषः + नः

**84.** (C) कृष्णः पद में स्टुत्व सन्धि है। इसका विच्छेद कृष् + नः होगा।

**85.** "संस्कृतम्" इत्यत्र कः उपसर्गः?

(A) सम् (B) सु
(C) उप (D) अव

**85.** (A) संस्कृतम् पद में सम् उपसर्ग है। मोडनुस्वार सूत्र से य् अनुस्वार में बदल जाता है। कृ धातु से पूर्व सम् उपसर्ग आता है। तो क से पूर्व स् का आगम हो जाता है।

**86.** "पच् + क्तः" इत्यत्र प्रत्यययुक्तपदं भवति

(A) पक्तः (B) पक्वः
(C) पचितः (D) पतः

**86.** (B) पच् + क्तः इस पद में प्रत्यय से युक्त पद पक्वः होगा। मृ प्रत्यय का प्रयोग भूतकाल की क्रिया से किया जाता है। इस प्रत्यय का प्रयोग कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य से होता है।

**87.** "उत्थाय" इत्यत्र कः प्रत्ययः?

(A) क्त्वा (B) अनीयर्
(C) ल्यप् (D) यत्

**87.** (C) उत्थाय पद में ल्यप् प्रत्यय हैं यह प्रत्यय उपसर्ग युक्त धातु में प्रयोग किया जाता है। यह प्रत्यय करके अर्थ में प्रयोग किया जाता है। (उद् + स्था + ल्यप्) उत्थाय पद के प्रकृति प्रत्यय होंगे।

**88.** .........विवादेन। रिक्तस्थानं शुद्ध अव्ययेन पूरयतः

(A) विना (B) अलम्
(C) धिक् (D) प्रति

**88.** (B) अलम् विवादेन सही वाक्यांश बनेगा। अलम् अव्यय पद के साथ तृतीया एवं चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है।

**89.** गुरु शिष्य से प्रश्न पूछता है। संस्कृतानुवादः करणीयः—

(A) गुरुः शिष्येण प्रश्नं पृच्छति
(B) गुरुः शिष्यात् प्रश्नं पृच्छति
(C) गुरुणा शिष्यः प्रश्नं पृच्छति
(D) गुरुः शिष्यं प्रश्नं पृच्छति

**89.** (D) गुरुः शिष्यं प्रश्नं प्रच्छति। अकथितं च सूत्र से 16 द्विकर्मक धातुओं के साथ द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होगा, क्योंकि पृच्छ द्विकर्मक धातु है।

**90.** हम सबको सत्य बोलना चाहिए। संस्कृतानुवादः करणीयः—

(A) वयं सत्यं वदामः
(B) वयं सत्यं वदेम
(C) वयं सत्यं वदिष्यामः
(D) वयं सत्यं वदन्तु

**90.** (B) वयं संस्कृतं वदेम्। सही अनुवाद होगा चाहिए के अर्थ में विधिलिङ्ग लकार का प्रयोग होगा। उत्तम पुरुष बहुवचन का रूप वदेम् होगा।

## खण्ड–IV

## सामाजिक अध्ययन

**91.** भारतीय समाज की प्रमुख विशेषता है—
The main characteristic of the Indian society is

(A) अनेकता में एकता/Unity in diversity
(B) अशिक्षा/Illiteracy
(C) स्वावलम्बन/Self-sufficiency
(D) प्रादेशिकता/Regionalism

**91.** (A)
- भारतीय समाज एक बहुलवादी समाज है। जिसमें एक जटिल सामाजिक व्यवस्था है।
- स्वतन्त्रता के बाद, सांस्कृतिक समानता, भाषायी पहचान और अन्य के आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की कई माँगें भारत के विभिन्न हिस्सों से सामने आई।
- भारतीय समाज की मुख्य विशेषताएँ—
  - बहु-जातीय समाज
  - बहु भाषीय समाज
  - विविधता में एकता
  - जनजाति
  - परिवार
  - समानता प्रणाली

**92.** नगरीकरण परिणाम है—
Urbanization is the result of :

(A) शैक्षिक विकास का/Educational development
(B) ग्रामीण विकास का/Rural development
(C) ग्रामों से नगरों की ओर जनसंख्या पलायन का/Migration of population from villages to cities
(D) कृषि विकास का/Agricultural development

**92.** (C)
- शहरीकरण को शहरों में मानव आबादी की बढ़ती एकाग्रता, यानी मौजूदा शहरी क्षेत्र में आबादी के प्रवास के परिणाम स्वरूप शहरी क्षेत्रों में ग्रामीण या प्राकृतिक भूमि की भौतिक वृद्धि के रूप में परिभाषित करना।
- शहरीकरण का सबसे महत्वपूर्ण कारण ग्रामीण-शहरी प्रवास है।
- शहरों और कस्बों में जीवन के लिए जिम्मेदार कई सामाजिक लाभ हैं।
- रोजगार के अवसर।
- आधुनीकरण और बदली हुई जीवन शैली।

**93.** क्षेत्रीयतावाद मुख्य कारण है—
Regionalism is the main cause of

(A) गरीबी का/Poverty
(B) सामाजिक तनावों का/Social tensions
(C) बेरोजगारी का/Unempolyment
(D) वैश्वीकरण का/Globalisation

**93.** (C)
- क्षेत्रीयवाद का अर्थ है किसी विशेष क्षेत्र या राज्य का प्रेम जो पूरे देश को वरीयता देता है।
- विवाद या सामाजिक तनाव का मुख्य कारण क्षेत्रीयवाद है।
- क्षेत्रवाद एक विचारधारा है, जिसका सम्बन्ध ऐसे क्षेत्र से होता है जो धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक या सांस्कृतिक कारणों से अपने पृथक अस्तित्व के लिए जागृत होती है या ऐसे क्षेत्र की पृथकता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहती हैं।

**94.** सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय-वस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए—

Apart from subject contents, a social study teacher should have knowledge of

(A) शिक्षा के उद्देश्यों का/Objectives of teaching
(B) शिक्षण विधियों का/Methods of teaching
(C) शिक्षण तकनीक का/Techniques of teaching
(D) इनमें से सभी/All of these

**94.** (D) ● सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय–वस्तु के साथ–साथ शिक्षा के उद्देश्यों का शिक्षण विधियों का, शिक्षण तकनीक का ज्ञान होना चाहिए, क्योंकि एक अध्यापक का उद्देश्य, शिक्षा के उद्देश्य को पूरा करना है,जिसके लिए वह शिक्षण विधियों का प्रयोग करता है व शिक्षण विधियों को समृद्ध करने के लिए शिक्षण तकनीक का प्रयोग आवश्यक है। अतः विकल्प (D) सही होगा।

**95.** भारत में गरीबी के लिए कौन-सा कारण नहीं है?
Which is not a cause of poverty in India?

(A) बेरोजगारी/Unemployment
(B) तीव्र जनसंख्या वृद्धि/Rapid growth of population
(C) शिक्षा/Education
(D) वृहत परिवार/Large size of family

**95.** (C) ● गरीबी एक ऐसी स्थिति है, जिसमें किसी व्यक्ति या समुदाय के पास न्यूनतम जीवन स्तर के लिए वित्तीय संसाधनों और आवश्यक चीजों का अभाव होता है।
● गरीबी के कारण निम्न हैं—
❖ जनसंख्या विस्फोट
❖ बेरोजगारी
❖ परिवार का बड़ा आकार
उपरोक्त विकल्पों में शिक्षा गरीबी का कारण नहीं है, जबकि अन्य 3 विकल्प इसके प्रमुख कारण हैं।

**96.** किस हड़प्पाकालीन इमारत को सर जॉन मार्शल ने विश्व का एक अद्भुत निर्माण कहा ?
Which Harappan building was considered unique in its built in the world by Sir John Marshall ?

(A) वृहत् स्नानागार/The Great Bath
(B) अन्नागार/Granary
(C) सभा भवन/Assembly Hall
(D) दुर्ग महल/Fort Palace

**96.** (A) ● सिन्धु घाटी सभ्यता एक 'कांस्य युगीन' सभ्यता थी, जिसे सर्वप्रथम 1921 में हड़प्पा नामक पुरास्थल के रूप में पहचाना।
● सभ्यता के सर्वाधिक स्थल गुजरात में।
● सार्वजनिक स्नानागार मोहनजोदड़ो में मिला है।
● जल कुंड के पेंदें को डामर द्वारा जलरोधी बनाया गया था।
● सर मार्शल जॉन ने इसे विश्व का अद्भुत निर्माण कहा है।

**97.** 'भारत में एकता में अनेकता और अनेकता में एकता है।' यह कथन किसका है ?
"In India there is unity in diversity and diversity in unity." Whose statement is this ?

(A) ए. एल. बाशम का/A. L. Basham
(B) वी. ए. स्मिथ का/V. A. Smith
(C) मैक्स मूलर का/Max Muller
(D) जवाहरलाल नेहरू का/Jawaharlal Nehru

**97.** (B) अनेकता में एकता शब्द अंनत विविधता की उपस्थिति के बावजूद एकजुटता या अखण्डता की स्थिति से सम्बन्धित है।
● बी.ए. स्मिथ एक ब्रिटिश इतिहासकार हैं जिन्होंने भारत को विविधता का देश कहा है।
● उन्होंने कहा, ''भारत में अनेकता में एकता और एकता में अनेकता है।''
● उन्होंने समुद्रगुप्त को ''भारत का नेपोलियन'' कहा।
● उन्होंने '1904' में भारत का प्रारम्भिक इतिहास नामक पाठ्य–पुस्तक तैयार की।

**98.** निम्न में से किस सैन्धव स्थल से 'अग्नि कुण्ड' के साक्ष्य मिले हैं ?
From which Indus site the evidence of 'Fire pit' is found ?

(A) हड़प्पा/Harappa
(B) मोहनजोदड़ो/Mohenjodaro
(C) लोथल/Lothal
(D) कालीबंगा/Kalibanga

**98.** (C) सिन्धु घाटी सभ्यता (3300-1700 ई. पू.) विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता थी, यह हड़प्पा सभ्यता और सिन्धु सरस्वती के नाम से भी जानी जाती है।
● इस सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने की।
● मोहनजोदड़ो से एक नर्तकी की कांस्य की मूर्ति मिली है।
● लोथल से 'अग्निकुंड' के साक्ष्य मिले हैं।

**99.** हिन्द-यूनानी शासकों के बारे में जानकारी का मुख्य स्रोत क्या है ?
What is the main source of information about Indo-Greek rulers ?

(A) यात्रियों का वृत्तान्त/Travellers' account
(B) सिक्के/Coins
(C) बौद्ध साहित्य/Buddhist literature
(D) जैन साहित्य/Jain literature

**99.** (B) भारतीय-यूनानी साम्राज्य या यूनानी-हिन्द साम्राज्य, जिसे ऐतिहासिक रूप से यवन साम्राज्य के रूप में जाना जाता है।
● हिन्द यूनानियों के बारे में पुरातात्विक साक्षा की उत्कृष्ट कृतियों में से एक सिक्के हैं।
● भारत में कई दर्जन हिन्द-यूनानी शासकों के सिक्के पाये जाते हैं। उनके सिक्कों में से एक अर्ध मूर्ति और बैठा हेराक्लेस दिखता है।

**100.** गीता है—
Geeta is :

(A) वेद/Veda
(B) स्वतन्त्र महाकाव्य/Independent Epic
(C) रामायण का एक भाग/A part of Ramayana
(D) महाभारत का एक भाग/A part of Mahabharata

**100.** (D) महाभारत युद्ध आरम्भ होने से ठीक पहले भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया वह श्रीमद्भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध है।
● यह महाभारत का अंग है।
● गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं।
● गीता की गणना प्रस्थानवयी में की जाती है, जिसमें उपनिषद् और ब्रह्मसूत्र भी सम्मिलित है।

**101.** गुप्त काल में सुदूर पश्चिम में प्रसिद्ध व्यापारिक केन्द्र था—
The famous trade centre of Far West during the Gupta period was :

(A) विदिशा/Vidisa
(B) पुरुषपुर/Purushpur
(C) अहिच्छत्र/Ahichhatra
(D) पैठन/Paithan

**101.** (D) गुप्त साम्राज्य प्राचीन भारतीय साम्राज्यों में से एक था।
● महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर ब्रिगु कहा, कल्याण और सिंध थे, जो रोमनों के साथ थोक व्यापार केन्द्र थे।

- पश्चिम में नासिक, पैठण, पाटलिपुत्र, बनारस अन्य प्रमुख व्यापार केन्द्र था।
- उज्जैन एक प्रमुख वाणिज्यिक केन्द्र बन गया था और यह दक्षिणी और उत्तरी भारत से जुड़ा हुआ था।

**102.** भारत का राष्ट्रीय चिह्न लिया गया है—
The National emblem of India has beeen taken from :
(A) सांची स्तम्भ से/The pillar of Sanchi
(B) सारनाथ स्तम्भ से/The pillar of Sarnath
(C) इलाहाबाद स्तम्भ से/The pillar of allahabad
(D) लुम्बिनी स्तम्भ से/The pillar of Lumbini

**102.** (B) अशोक स्तम्भ भारत का राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तम्भ सारनाथ से लिया गया है।
- 26 जनवरी, 1950 में इसे अंगीकृत किया गया।
- अशोक स्तम्भ पर 'सत्यमेव जयते' लिखा है जो मुण्डक उपनिषद से लिया गया है।
- भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार—भारत रत्न।

**103.** 'लोग घरों में ताला नहीं लगाते थे।' फाह्यान ने किस शासक के बारे में ऐसा लिखा है ?
'People did not lock their houses.' About which ruler has Fa-hien written this?
(A) रामगुप्त/Ramgupta
(B) चन्द्रगुप्त I/Chandragupta I
(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य/Chandragupta Vikramaditya
(D) समुद्रगुप्त/Samudragupta

**103.** (C) चीनी यात्री फाह्यान ने चन्द्रगुप्त द्वितीय के राज्यकाल में सन् 400-411 के बीच भारत का भ्रमण किया था।
- उसका जन्म चीन के ग्राम वु–यंग में हुआ था।
- भारत में वह मथुरा एवं सुण्डीक गया।
- उसने विक्रमादित्य के शासन में लिखा कि लोग घरों में ताला नहीं लगाते थे।

**104.** महाबलीपुरम् के प्रसिद्ध मंदिर किस शासक के शासन के अन्तर्गत बने ?
The famous temples of Mahabalipuram were built during the reign of
(A) पल्लव/PallavaS
(B) चोल/Cholas
(C) चालुक्य/Chalukyas
(D) काकतीय/Kakatiyas

**104.** (A) महाबलीपुरम् भारत के तमिलनाडु राज्य के चेंगलपट्टु जिले में स्थित एक शहर है।
- यह मन्दिरों का शहर राज्य की राजधानी चेन्नई से 55 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी के तटस्थ है।
- सातवीं शताब्दी में यह शहर पल्लव राजाओं की राजधानी था।
- पल्लव वंश के अन्तिम शासक अपराजित थे।

**105.** भारतीय इतिहास में पहली बार लोगों के जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन किस काल में किया गया?
For the first time, in which period of Indian History was the registration of birth and death of people introduced ?
(A) महाजनपद काल/The Age of Mahajanapadas
(B) गुप्त काल/The Gupta period
(C) कुषाण काल/The Kushan period
(D) मौर्य काल/The Mauryan period

**105.** (D) भारतीय इतिहास में पहली बार लोगों के जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन मौर्यकाल में किया। मौर्य प्रशासन में विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए 6 समितियों का गठन किया गया था, जिनमें से तृतीय समिति का कार्य राज्य में अधिवास करने वाले लोगों के जन्म व मृत्यु का लेखा–जोखा रखना था।

**106.** शेख सलीम चिश्ती का मबकरा कहाँ स्थित है ?
The tomb of Sheikh Salim Chisti is located at
(A) आगरा में/Agra
(B) दिल्ली में/Delhi
(C) फतेहपुर सीकरी में/Fatehpur Sikri
(D) अजमेर में/Ajmer

**106.** (C) शेख सलीम चिश्ती के मकबरे 16वीं सदी के आरम्भ में निर्मित एक सुन्दर और भव्य संरचना है।
- प्रसिद्ध मुगल सम्राट अकबर ने बेटा होने की भविष्यवाणी करने वाले सूफी सन्त सलीम चिश्ती को श्रृद्धांजलि के रूप में इस मकबरे का निर्माण करवाया था।
- यह फतेहपुर सीकरी में स्थित है।

**107.** 'नूहे सिपिहर' के रचनाकार हैं—
The author of 'Nuh-i-Sipihar' is :
(A) अमीर खुसरो/Amir Khusrau
(B) मलिक मोहम्मद जायसी/Malik Moh. Jaisee
(C) दारा शिकोह/Dara Shikoh
(D) शेख निजामुद्दीन औलिया/Sheikh Nizamuddin Auliya

**107.** (A) नूह–सिपेहर अमीर खुसरो द्वारा लिखित एक उत्कृष्ट कृति है।
- इस कृति में कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी के समय की सामाजिक स्थिति के विषय में जानकारी मिलती है।
- इस पुस्तक के द्वारा खिलजी कालीन भारत की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।
तुगलकनामा, आशिका, खजाइन–उल फुतूह, मिफता–उल–फुतूह किरान–उस–सादेन इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

**108.** दक्षिणी भारत में चिश्ती सिलसिले का प्रमुख केन्द्र था—
The chief centre of Chisti School in South India was
(A) गुलबर्गा/Gulbarga
(B) गोलकुण्डा/Golkonda
(C) बीजापुर/Bijapur
(D) बीदर/Bidar

**108.** (A) भारत में चिश्ती परम्परा के प्रथम संत शेख उस्मान के शिष्य ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती थे।
- मोइनुद्दीन चिश्ती ने अजमेर को अपना केन्द्र (खानकाह) बनाया।
- दक्षिण भारत में चिश्ती सिलसिले का प्रारम्भ करने का श्रेय निजामुद्दीन औलिया के शिष्य 'शेख बुरहानुद्दीन गरीब' को जाता है।
- इन्होंने गुलबर्गा को अपने प्रचार-प्रसार का केन्द्र बनाया।

**109.** सन्त दादू की मृत्यु किस स्थल पर हुई ?
Thge place where Saint Dadu died is
(A) सांभर/Sambhar
(B) आम्बेर/Amber
(C) नाराणा/Narana
(D) पुष्कर/Pushkar

**109.** (C) दादूदयाल मध्यकालीन भक्ति आन्दोलन के प्रमुख सन्त थे।
- इसका जन्म विक्रम संवत् 1601 में फाल्गुन शुक्ला अष्टमी को अहमदाबाद में हुआ था।
- दादू दयाल की मृत्यु जेठ वदी अष्टमी शनिवार संवत् 1660 को हुई।
- इनकी मृत्यु अजमेर के निकट नराणा नामक गाँव में हुई।

**110.** सन्त जाम्भोजी का जन्म कहाँ हुआ था ?
Where Saint Jambhoji was born ?
(A) पीपासर/Pipasar
(B) गागरोन/Gagron
(C) जैतारण/Jaitaran
(D) नागौर/Nagaur

**110.** (A) गुरू जम्मेश्वर विश्नोई सम्प्रदाय के संस्थापक थे।
- ये जम्मोजी के नाम से भी जाने जाते हैं।
- इन्होंने विक्रमी संवत् 1542 (सन् 1485) को विश्नोई पंथ की स्थापना की।
- इनका जन्म राजस्थान के नागौर परगने के पीपासर गाँव में एक राजपूत परिवार में विक्रमी संवत् 1508 (सन् 1451) भादवा वदी अष्टमी को अर्धरात्रि कृतिका नक्षत्र में हुआ था।

**111.** 'दस्तक' शब्द से क्या तात्पर्य है ?
The meaning of the word 'Dastak' is
(A) गुलामी/Slavery
(B) फैक्टरी/Factory
(C) बन्दरगाह/Port
(D) शुल्क मुक्त व्यापार/Duty-free trade

**111.** (D) 18वीं शताब्दी में 'दस्तक' शब्द का प्रयोग 'शुल्क मुक्त व्यापार' के लिए पार पत्र के रूप में किया जाता था।
- यह बंगाल में एक कर मुक्त व्यापार के लिए मुगल सम्राट 'फारुख सियार फरमान' द्वारा अकेले ईस्ट इण्डिया कम्पनी को स्वीकृत एक व्यापार परमिट था।
- मुगल सरकार को राजस्व की हानि हो रही थी।
- निजी कम्पनियों ने भी दस्तक दिखाकर मुक्त व्यापार के अधिकार का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

**112.** अकबर के चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण (1567-68) के समय वहाँ का शासक कौन था ?
Who was the ruler of Chittorgarh during the invasion (1567-68) of Akbar ?
(A) महाराणा प्रताप/Maharana Pratap
(B) महाराणा उदय सिंह/Maharana Udai Singh
(C) जयमल/Jaimal
(D) महाराणा अमर सिंह/Maharana Amar Singh

**112.** (B) अकबर के आक्रमण के समय चित्तौड़गढ़ के शासक महाराणा उदय सिंह थे।
- महाराणा उदय सिंह (1522-1572) मेवाड़ राजवंश के 12वें शासक थे।
- चित्तौड़गढ़ शहर बेराच नदी और गंभीरी नदी के तट पर स्थित है।
- इसमें अकबर की सेना ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग में जयमल के नेतृत्व वाले 8000 राजपूतों और 40,000 किसानों की घेराबन्दी कर ली।

**113.** किस मुगल बादशाह के काल को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है ?
Which of the following Mughal emperor's reign was known as the golden period of Hindi literature ?
(A) औरंगजेब/Aurangzeb
(B) अकबर/Akbar
(C) जहाँगीर/Jahangir
(D) शाहजहाँ/Shah Jahan

**113.** (A) अकबर के शासनकाल में विभिन्न कलाओं का विकास हुआ।
- अकबर ने साहित्यिक प्रगति की ओर विशेष ध्यान दिया।
- जैन विद्वान पद्म सुन्दर ने अकबरशाही शृंगार दर्पण और जैन आचार्य सिद्धचन्द्र ने भानुचन्द्र ग्रन्थ लिखे।
- इस प्रकार अकबर का काल हिन्दी और साहित्य संस्कृत की उन्नति की दृष्टि से स्वर्णिम युग था।

**114.** कौन-से फ्रान्सीसी यात्री ने छह बार भारत की यात्रा की ?
The French traveller who visited India for six times was
(A) मनूची/Menucci
(B) बर्नियर/Bernier
(C) थेवनोट/Thavenot
(D) टैवरनियर/Tavernir

**114.** (D) एक यात्री और व्यापारी जीन-बैप्टिस्ट टैवर्नियर ने 1630-68 के बीच छः बार भारत का दौरा किया।
- इन्हें 116 कैरेट के हीरे की खोज करने के लिए जाना जाता है।
- इन्होंने ''ट्रेवल्स इन इण्डिया'' पुस्तक लिखी।
- फ्रेकोइस वर्नियर एक फ्रांसीसी चिकित्सक यात्री थे।

**115.** आइन-ए-अकबरी में अबुल फजल ने मनसबदारों की कितनी श्रेणियों का उल्लेख किया है ?
How many ranks of Mansabdars have been mentioned by Abul Fazl in his Ain-e-Akbari ?
(A) 22 (B) 33
(C) 44 (D) 66

**115.** (D) आइन-ए-अकबरी एक 16वीं शताब्दी का ब्यौरेवार ग्रन्थ है। इसकी रचना अकबर के ही एक नवरतन दरबारी अबुल फजल ने की थी।
- इसमें अकबर के दरबार उसके प्रशासन के बारे में चर्चा की गयी है।
- मनसबदार सेना के सेनापति और उच्च नागरिक होते हैं।
- उन्होंने 66 मनसबदारों के पदों का उल्लेख किया है।

**116.** भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम (1857) का कानपुर में नेतृत्व किसने किया था ?
Who was the leader of First War of Independence (1857) at Kanpur ?
(A) तांत्या टोपे/Tantya Tope
(B) लक्ष्मीबाई/Laxmi Bai
(C) नाना साहब/Nana Sahib
(D) कुँवर सिंह/Kunwar Singh

**116.** (C) नाना साहब सन् 1857 के भारतीय स्वतन्त्रता के प्रथम संग्राम के शिल्पकार थे।
- स्वतन्त्रता संग्राम में नाना साहेब ने कानपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध नेतृत्व किया।
- नाना साहेब (धोंड पन्त) ने सन् 1824 में वेणुग्राम निवासी माधवनारायण राव के घर जन्म लिया था।
- कुंवर सिंह ने 23 अप्रैल, 1858 में, जगदीशपुर के पास अन्तिम लड़ाई लड़ी।

**117.** 1857 के दौरान लिखित पुस्तक 'माझा प्रवास' के लेखक हैं ?
Who is the author of 'Majha Pravas' written during 1857 ?
(A) विष्णुभट्ट गोडसे/Vishnubhatt Godse
(B) सीताराम पाण्डेय/Sitaram Pandey
(C) नारगेट/Narget
(D) मंगल पाण्डेय/Mangal Pandey

**117.** (A) 1857 की क्रान्ति का सजीव चित्रण भारत की दो किताबों में हुआ है। इसमें पण्डित विष्णु भट्ट गोड्से द्वारा मराठी में लिखित 'माझा प्रवास' एक मात्र लाइव रिपोर्टिंग आधारित पुस्तक है।
- 1857 की क्रान्ति का दूसरा जीवंत चित्रण वीर सावरकर द्वारा लिखित 1857 का स्वातंत्र्य समर में है।
- सावरकर ने ब्रिटेन में रहकर इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी व नेशनल म्यूजियम लाइब्रेरी में बैठकर इस पुस्तक के लिए ब्रिटिश सरकार के दस्तावेजों व ब्रिटिश लेखकों की पुस्तक का अध्ययन किया।

**118.** महान नागा महिला गिंडाल्यू को 'रानी' की उपाधि किसने दी थी ?

Who has given the title of 'Rani' to Gindalau, the great Naga female leader ?

(A) रविन्द्रनाथ टैगोर/Rabindranath Tagore

(B) महात्मा गाँधी/Mahatma Gandhi

(C) जवाहरलाल नेहरू/Jawaharlal Nehru

(D) सुभाष चन्द्र बोस/Subhash Chandra Bose

**118.** (C) रानी गिडालू या रानी गाइदिन्ल्यू भारत की नागा आध्यात्मिक एवं राजनीतिज्ञ नेत्री थीं।

- इन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया।
- भारत सरकार द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में सन् 1982 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- सन् 1937 में जवाहर लाल नेहरू उनसे शिलाँग जेल में मिले और उनकी रिहाई का प्रयास करने का वचन दिया, उन्होंने ही गाइदिन्ल्यू को 'रानी' की उपाधि की।

**119.** महात्मा गाँधी ने अपनी आत्मकथा किस भाषा में लिखी ?

In which language has Mahatma Gandhi written his autobiography ?

(A) हिन्दी/Hindi

(B) मराठी/Marathi

(C) गुजराती/Gujarati

(D) अंग्रेजी/English

**119.** (C) 'सत्य के प्रयोग' महात्मा गाँधी द्वारा लिखी वह पुस्तक है, जिसे उनकी आत्मकथा का दर्जा हासिल है।

- बापू ने यह पुस्तक मूल रूप से गुजराती में लिखी थी।
- यह किताब दुनिया की सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली किताबों में से एक है।
- गाँधीजी ने 29 नवम्बर, 1925 को इस किताब को लिखना शुरू किया था और 3 फरवरी, 1929 को यह किताब पूरी हुई।

**120.** ब्रिटिश संसद ने किस वर्ष कानून पास कर ईस्ट इंडिया कम्पनी के सारे अधिकार छीन लिये ?

In which year did British Parliament pass a law through which has taken overall the rights from East India Company ?

(A) 1858 (B) 1859

(C) 1860 (D) 1861

**120.** (A) ब्रिटिश संसद ने 1858 में पिट्स इण्डिया अधिनियम, द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के सारे अधिकार छीन लिए।

- 1857 के विद्रोह ने प्रशासन में कम्पनी की सीमा को उजागर कर दिया।
- विद्रोह ने कम्पनी द्वारा कब्जा किये गए क्षेत्र पर अधिकार के विभाजन की माँग के रूप में अवसर प्रदान किया।
- यह परिषद् प्रकृति में सिर्फ सलाहकार थीं।

**121.** भारतीय संविधान लागू किया गया–

The Constitution of India was adopted on

(A) 15 अगस्त, 1947 को/15th August, 1947

(B) 26 जनवरी, 1950 को/26th January, 1950

(C) 26 जनवरी, 1949 को/26th January, 1949

(D) 26 जुलाई, 1950 को/26th July, 1950

**121.** (B) भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है।

- संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ।
- भारत का संविधान विश्व की किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है।
- भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे, जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे।

**122.** भारतीय संविधान भाग-4, अनुच्छेद 51-ए में नागरिकों के कितने मूल कर्त्तव्य वर्णित हैं ?

How many fundamental duties have been mentioned in the Constitution of India Part 4, Article 51-A ?

(A) 10 (B) 12

(C) 15 (D) 11

**122.** (D) संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा संविधान के भाग 4 के पश्चात् एक नया भाग 4A जो जोड़ा गया है, जिसके द्वारा पहली बार संविधान में नागरिकों के लिए मूल कर्त्तव्यों और अनुच्छेद 51A को समाविष्ट किया गया है।

- वर्तमान में अनुच्छेद 51(A) के तहत वर्णित 11 मौलिक कर्त्तव्य हैं, जिनमें से 10 को 42वें संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया था। जबकि 11वें मौलिक कर्त्तव्यों को वर्ष 2002 में 86वें संविधान संशोधन के जरिये संविधान में शामिल किया गया था।
- भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों की अवधारणा तत्कालीन USSR के संविधान से प्रेरित है।

**123.** संविधान निर्मात्री सभा की पहली बैठक कब आयोजित की गई थी ?

When was the first meeting of Constituent assembly held ?

(A) 15 अगस्त, 1947/15th August, 1947

(B) 26 नवम्बर, 1949/26th November, 1949

(C) 9 दिसम्बर, 1946/9th December, 1946

(D) 26 जनवरी, 1930/26th January, 1930

**123.** (C) भारत की संविधान सभा का चुनाव भारतीय संविधान की रचना के लिए किया गया था।

- ब्रिटेन से स्वतन्त्र होने के बाद संविधान सभा के सदस्य ही प्रथम संसद के सदस्य बने।
- संविधान निर्मात्री सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को आयोजित हुई थी।
- भीमराव अम्बेडकर को निर्मात्री समिति का अध्यक्ष चुना गया था।

**124.** भारतीय संविधान में 44वें संशोधन के पश्चात् मूल अधिकारों की संख्या है–

In the Constitution of India the number of Fundamental rights after 44th Amendment is

(A) 6 (B) 7

(C) 8 (D) 5

**124.** (A) संविधान के भाग III में सन्निहित मूल अधिकार, सभी भारतीयों के लिए नागरिक अधिकार सुनिश्चित करते हैं।

- संविधान द्वारा मूल रूप से सात मूल अधिकार प्रदान किये गये थे।
- समानता का अधिकार
- स्वतन्त्रता का अधिकार
- शोषण के विरुद्ध अधिकार
- धर्म, संस्कृति एवं शिक्षा की स्वतन्त्रता का अधिकार
- सम्पत्ति का अधिकार
- संवैधानिक उपचारों का अधिकार
- हालांकि सम्पत्ति के अधिकार को 1978 में 44वें संशोधन द्वारा संविधान के तृतीय भाग से हटा दिया गया था।
- अब मूल अधिकारों की संख्या 6 है।

**125.** भारतीय संविधान की कौन-सी विशेषता नहीं है ?

Which is not a characteristic of the Constitution of India ?

(A) प्रजातान्त्रिक पद्धति/Democratic system

(B) मूल अधिकार एवं कर्त्तव्य/Fundamental rights and duties

(C) प्रत्येक नागरिक को रोजगार की सुरक्षा/Employment guarantee to every citizen

(D) स्वतन्त्र न्यायपालिका/Independent judiciary

**125.** (C) भारत के संविधान की कुछ विशेषताएँ निम्न हैं—
- संघ और राज्यों दोनों के लिए एकल संविधान
- कठोरता और लचीलापन
- धर्म निरपेक्ष प्रदेश
- एकल नागरिकता
- लोकतान्त्रिक व्यवस्था
- मौलिक अधिकार और कर्त्तव्य
- स्वतन्त्र न्यायपालिका

**126.** राजस्थान से लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की संख्या है—

The number of Lok Sabha members elected from Rajasthan is

(A) 21 (B) 26

(C) 30 (D) 25

**126.** (D) लोकसभा, भारतीय संसद का निचला सदन है, भारतीय संसद का ऊपरी सदन राज्यसभा है।
- भारत के प्रत्येक राज्य को उसकी जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सदस्य मिलते हैं।
- लोकसभा में सबसे ज्यादा सीट उत्तर प्रदेश में 80 हैं।
- राजस्थान राज्य में लोकसभा की सीटों की संख्या 25 हैं।

**127.** भारत का राष्ट्रपति चुना जाता है—

The President of India is elected by

(A) भारत के नागरिकों द्वारा/The people of India

(B) संसद के दोनों सदनों एवं राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा/Elected members of both the houses of Parliament and State Legislative assemblies

(C) प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् के सदस्यों द्वारा/The Prime Minister and Council of Ministers

(D) समस्त मुख्यमंत्रियों द्वारा/All the Chief Ministers

**127.** (B) भारत के राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के कार्यपालक अध्यक्ष होते हैं।
- अनुच्छेद 53 के अनुसार संघ की कार्यपालक शक्ति उसमें निहित है।
- भारत के राष्ट्रपति का चुनाव अनुच्छेद 55 के अनुसार आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के एकल संक्रमणीय मत पद्धति द्वारा होता है।
- राष्ट्रपति के निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी विवाद में निर्णय लेने का अधिकार उच्चतम न्यायालय को है।

**128.** भारत का सर्वोच्च सेनापति कौन है ?

Who is the Supreme Commander-in-Chief of India ?

(A) प्रमुख सेनाध्यक्ष/The Chief of Army Staff

(B) मुख्य न्यायाधीश/The Chief Justice

(C) राष्ट्रपति/The President

(D) प्रधानमंत्री/The Prime Minister

**128.** (C) भारतीय सशस्त्र सेनाएँ भारत की तथा इसके प्रत्येक भाग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं।
- भारतीय शस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास है।
- भारतीय सेना के प्रमुख कमांडर भारत के राष्ट्रपति हैं।

**129.** भारत में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करता है

The Chief Justice of the Supreme Court of India is appointed by

(A) उप-राष्ट्रपति/The Vice-President

(B) राष्ट्रपति/The President

(C) प्रधानमंत्री/The Prime Minister

(D) राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री/The President and Prime Minister

**129.** (C) सर्वोच्च न्यायालय के गठन के बारे में प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 124 (2) में दिया गया है।
- मूल संविधान में मुख्य न्यायधीश की संख्या 1 व अन्य न्यायधीशों की संख्या 7 है।
- वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में कुल न्यायाधीशों की संख्या 31 है।
- सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की नियुक्ति तथा अन्य न्यायधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

**130.** राज्यसभा का सभापति कौन होता है ?

Who is the Speaker of Rajya Sabha ?

(A) उप-राष्ट्रपति/The Vice-President

(B) विपक्ष का नेता/The Leader of opposition

(C) गृह मंत्री/The Home Minister

(D) राज्यसभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचित व्यक्ति/The person elected by the members of Rajya Sabha

**130.** (A) राज्य सभा भारतीय लोकतन्त्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है।
- भारत के उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं।
- वर्तमान उपराष्ट्रपति बैंकेया नायडू।
- राज्यसभा का पहला सत्र 13 मई, 1952 में प्रारंभ हुआ था।
- वर्तमान समय में मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा के विपक्ष नेता हैं।

**131.** पृथ्वी का सबसे बड़ा महाद्वीप है—

The largest continent of the world is

(A) अफ्रीका/Africa

(B) उत्तरी अमेरिका/North America

(C) एशिया/Asia

(D) अन्टार्कटिका/Antarctica

**131.** (A) महाद्वीप एक विस्तृत जमीन का फैलाव है, जो पृथ्वी पर समुद्र से अलग दिखाई देता है।
- पृथ्वी के जो 7 सबसे बड़े ठोस सतह के टुकड़े हैं उन्हें महाद्वीपीय कहा गया है।
- एशिया
- अफ्रीका
- दक्षिणी अमेरिका
- अंटार्कटिका
- यूरोप
- ऑस्ट्रेलिया

  सबसे बड़ा महाद्वीप एशिया तथा सबसे छोटा महाद्वीप ऑस्ट्रेलिया है।

**132.** 'U' आकार की घाटी निर्मित होती है—

'U' shaped valley is formed by

(A) नदियों द्वारा/rivers

(B) हिमानी द्वारा/glaciers

(C) हवाओं द्वारा/winds

(D) भूमिगत जल द्वारा/underground water

**132.** (B)
- U आकार की घाटी का निर्माण हिमनदी द्वारा होता है और इसका नामकरण अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर U के आधार पर हुआ है।
- अपरदन के कारण इस प्रकार की घाटी का निर्माण होता है।
- उत्तरी अमेरिका में माउण्ट हुड के इलाके में एक यू–आकार की घाटी पायी जाती है।

**133.** परतें किन चट्टानों में होती हैं ?

In which rocks are layers formed ?

(A) आग्नेय/Igneous

(B) रूपान्तरित/Metamorphic

(C) अवसादी/Sedimentary

(D) इनमें से सभी/All of these

**133.** (C) ● धरातल के अन्दर स्थित संगठित पदार्थ जिसका निर्माण भौतिकी तथा रासायनिक तत्वों के संयोग से होता है।

चट्टानें तीन प्रकार की होती हैं—

1. आग्नेय
2. अवसादी
3. कायान्तरित/रूपान्तरित।

**अवसादी चट्टान**—इन चट्टानों का निर्माण अवसादों के जमाव से होता है। इसमें अवसादों की कई परतें पायी जाती हैं जिस कारण इन्हें परतदार चट्टानें कहा जाता है।

उदाहरण—बालू का पत्थर चूना पत्थर, कोयला, जिप्सम, डोलामाइट।

**134.** वायुमण्डल की सबसे निचली परत है—

The lowest layer of atmosphere is

(A) समतापमण्डल/Stratosphere

(B) क्षोभमण्डल/Troposphere

(C) ओजोनमण्डल/Ozonosphere

(D) आयनमण्डल/Ionosphere

**134.** (B) पृथ्वी को घेरती हुई जितने स्थान में वायु रहती है उसे वायुमण्डल कहते हैं। वायुमण्डल का घनत्व ऊँचाई के साथ–साथ घटता जाता है। वायुमण्डल को 5 विभिन्न परतों में विभाजित किया गया है।

- क्षोभमण्डल
- समतापमण्डल
- मध्यमण्डल
- तापमण्डल
- बाह्यमण्डल
- क्षोभमण्डल वायुमण्डल की सबसे निचली परत है। सबसे ऊपरी परत बाह्यमण्डल है।

**135.** विश्व में सर्वाधिक लवणता वाला सागर है—

The sea having maximum salinity in the world is

(A) लाल सागर/Red Sea

(B) अरब सागर/Arabian Sea

(C) मृत सागर/Dead Sea

(D) बाल्टिक सागर/Baltic Sea

**135.** (C) लवणता पानी में नमक या लवण की मात्रा को कहते हैं।

- मृत सागर को 'साल्ट सी' कहा जाता है।
- यह दक्षिण–पश्चिमी एशिया में इजराइल और जॉर्डन के बीच एक लैंडलॉक नमक झील है।
- मृत सागर में सबसे अधिक लवणता होती है।

**136.** भारत का कौन-सा प्रदेश प्राचीन गोंडवाना भू-भाग से सम्बन्धित है ?

Which region of India is associated with ancient Gondwana landmass ?

(A) हिमालय/Himalaya

(B) गंगा का मैदान/Ganga Basin

(C) थार मरुस्थल/Thar Desert

(D) दक्षिण का पठार/Decccan Plateau

**136.** (D) गोंडवाना महाद्वीप एक ऐतिहासिक महाद्वीप था।

- गोंडवाना महाद्वीप का नाम एडुअरड सुएस ने भारत के गोंडबाना क्षेत्र के नाम पर रखा था।
- आज से 13 करोड़ साल पहले गोंडवाना महाद्वीप के टूटने से ऑस्ट्रेलिया अंटार्कटिका और भारत उपमहाद्वीप का निर्माण हुआ था।
- भारत का हिमाचल प्रदेश प्राचीन गोंडवाना भू–भाग से सम्बन्धित है।

**137.** सुन्दरी वृक्ष किस प्रकार के वनों में पाया जाता है?

In which type of forest is Sundari tree found?

(A) ज्वारीय वन/Tidal forest

(B) शीतोष्ण वन/Temperate forest

(C) मरुस्थली वन/Desert forest

(D) भूमध्यसागरीय वन/Mediterranean forest

**137.** (A) मैंग्रोव ज्वारीय वन ज्वार से प्रभावित तटों के क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

- सुन्दरी वृक्ष मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में पाये जाते हैं।
- सुन्दरवन मैंग्रोव दुनिया में ज्वारीय लवण मृदोद्विद मैंग्रोव तक का सबसे बड़ा एकल खण्ड है।
- गंगा नदी के सुन्दरवन डेल्टा में उगने वाला हैलोफाइट पौधा है।

**138.** उत्तरी भारत में शीतकालीन वर्षा का कारण है—

The cause of winter rainfall in Northern India is

(A) दक्षिणी पश्चिमी मानसून/South Western Monsoon

(B) पश्चिमी चक्रवातीय विक्षोभ/Western Cyclonic disturbances

(C) शीत लहर/Cold wave

(D) इनमें से सभी/All of these

**138.** (B) उत्तरी मैदानी इलाकों में ठण्ड के मौसम की एक विशिष्ट विशेषता पश्चिम और उत्तर पश्चिम से चक्रवाती विक्षोभ का प्रवाह है।

- पश्चिमी विक्षोभ एक निम्न दबाव प्रणाली के रूप में शुरू होता है। जो अटलाण्टिक महासागर और यूरोप के पास मध्य अक्षांश क्षेत्र में उत्पन्न होती है।
- सर्दियों के मौसम में वारिश विशेष रूप से गेहूँ सहित सभी रबी फसलों के लिए कृषि में मदद करती है, जो सबसे महत्वपूर्ण भारतीय फसलों में है।

**139.** सिन्द्री किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ?

Sindri is famous for the production of

(A) पेट्रो-रसायन/Petro-chemical

(B) सूती वस्त्र/Cotton textile

(C) रासायनिक उर्वरक/Chemical fertilizer

(D) सीमेण्ट/Cement

**139.** (C) सिन्दरी झारखण्ड राज्य के धनबाद जिले के नगरपालिका सीमा के भीतर एक औद्योगिक नगरी है।

- इसकी प्रसिद्धि यहाँ के उर्वरक कारखाने के कारण है। जो सन् 2002 में बन्द कर दिया गया।
- इसके अलावा यहाँ एसोसिएटेड सीमेण्ट कम्पनी (ACC), इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी (ISCO) है, जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।

**140.** भाखड़ा-नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है ?

On which river is Bhakra-Nangal Project located ?

(A) सतलज/Satluj (B) गंगा/Ganaga

(C) रावी/Ravi (D) व्यास/Vyas

**140.** (A) भाखड़ा नागल परियोजना सतलज नदी पर बना है।

- यह बाँध दो बांधों भाखड़ा और नांगल बाँधों से मिलकर बना है।
- भाखड़ा बाँध नागल बाँध से 13 किमी दूर है।
- भाखड़ा बाँध का पानी पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान तथा हिमाचल जैसे राज्यों को मिलता है।

**141.** राजस्थान में सोयाबीन के प्रमुख उत्पादक जिले हैं–

The main soyabean producing districts of Rajasthan are

(A) गंगानगर–हनुमानगढ़/Ganganagar–Hanumangarh

(B) कोटा–बाराँ/Kota–Baran

(C) बूँदी–टोंक/Bundi–Tonk

(D) जयपुर–दौसा/Jaipur–Dausa

**141.** (B) सोयाबीन को 20वीं सदी के गोल्डन बीज के रूप में जाना जाता है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद राजस्थान तीसरा सबसे प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्य है।

- राजस्थान के बाराँ और कोटा प्रमुख सोयाबीन उत्पादक जिले हैं।
- राजस्थान का आकार एक अनियमित समान्तर असमचतुर्भुज या समचतुर्भुज जैसा दिखता है।

**142.** राजस्थान के किस जिले में टंगस्टन का उत्पादन होता है ?

In which district of Rajasthan is Tungsten produced ?

(A) भीलवाड़ा/Bhilwara

(B) उदयपुर/Udaipur

(C) नागौर/Nagaur

(D) जयपुर/Jaipur

**142.** (C) राजस्थान खनिज की दृष्टि से एक सम्पन्न राज्य है।

- राजस्थान को 'खनिजों का अजायबघर' कहा जाता है।
- टंगस्टन वुलफ्रेमाइट अयस्क से प्राप्त उत्पादक जिला नागौर ताँबा के उत्पादन जिला खेती, अभ्रक का उत्पादक जिला भीलवाड़ा।

**143.** वर्षा जल संग्रहण लाभदायक है–

Rainwater harvesting is beneficial for

(A) सिंचाई के लिए/Irrigation

(B) कृषि के लिए/Agriculture

(C) जल विद्युत उत्पादन के लिए/Production of hydroelectricity

(D) भूमिगत जल स्तर सुधारने के लिए/Improvement of underground water level

**143.** (D) वर्षा जल के संग्रहण, भण्डारण, संवहन और शुद्धिकरण द्वारा वर्षा जल के संरक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली सरल प्रक्रिया या तकनीक है।

- यह भूमिगत जल स्तर की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार करता है।
- यह मिट्टी के कटाव, तूफान के पानी के प्रवाह बाढ़ और उर्वरकों कीटनाशकों, धातुओं और अन्य तलछट के साथ सतही जल के प्रदूषण को कम करता है।
- इसका उपयोग पानी के मुख्य स्रोत के रूप में या कुआँ और नगरपालिका के पानी के बैकअप के स्रोत के रूप में किया जाता है।

**144.** राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग–15 पर स्थित नगर हैं–

In Rajasthan, cities located on National Highway No. 15 are

(A) बीकानेर–नागौर–जोधपुर–पाली/Bikaner–Nagaur–Jodhpur–Pali

(B) गंगानगर–बीकानेर–जैसलमेर–बाड़मेर/Ganganagar–Bikaner–Jaisalmer–Barmer

(C) जयपुर–अजमेर–उदयपुर–डूंगरपुर/Jaipur–Ajmer–Udaipur–Dungarpur

(D) जयपुर–टोंक–बूँदी–कोटा/Jaipur–Tonk–Bundi–Kota

**144.** (B) राजस्थान राज्य में 1,50,876 किलोमीटर का एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ नेटवर्क है, जो राजस्थान की लम्बाई और चौड़ाई से चलता है।

- राज्य का सबसे प्रसिद्ध राजमार्ग NH8 अजमेर, जयपुर, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ जैसे प्रमुख शहरों में शामिल होता है।
- NH15 गुजरात की सीमा से शुरू सांचौर, बाड़मेर, शिव–देवी रोड जैसलमेर, पोखरण–फलौदी–कोलायत–बीकानेर–लूणकरनसर–सूरतगढ़, गंगानगर और पंजाब की सीमा पर समाप्त होता है।

**145.** अरावली का दूसरा उच्चतम शिखर है–

The second highest peak of Aravali is

(A) जरगा/Jarga

(B) सेर/Ser

(C) तारागढ़/Taragarh

(D) अचलगढ़/Achalgarh

**145.** (B) अरावली भारत के पश्चिमी भाग राजस्थान में स्थित एक पर्वतमाला है। जिसे राजस्थान में अरावली पर्वत के नाम से भी जाना जाता है।

- अरावली का सर्वोच्च पर्वत शिखर सिरोही जिले में गुरू शिखर 1727 मी जो माउण्ट आबू में है।
- दूसरी ऊँची चोटी सेर–सिरोही (1597 मी.)
- तीसरी ऊँची चोटी दिलवाड़ा–सिरोही (1442 m)

**146.** 1857 की क्रान्ति के समय कोटा का शासक कौन था ?

Who was the ruler of Kota during 1857 mutiny ?

(A) महाराव राम सिंह I/Maharao Ram Singh I

(B) महाराव राम सिंह II/Maharao Ram Singh II

(C) महाराव माधो सिंह I/Maharao Madho Singh I

(D) महाराव उम्मेद सिंह I/Maharao Ummed Singh I

**146.** (A) राजस्थान में क्रान्ति का प्रारम्भ नसीराबाद में 28 मई, 1857 को सैनिक विद्रोह से होता है।

- कोटा में क्रान्ति के समय महाराजा रामसिंह (प्रथम) थे।
- राजस्थान में 1857 की क्रान्ति के समय छः सैनिक छावनी थीं–
- नसीराबाद–अजमेर
- ब्यावर–अजमेर
- नीमच–मध्य प्रदेश
- देवली–टोंक
- खैरवाड़ा–उदयपुर
- एरिनपुरा–पाली

**147.** प्रसिद्ध सालिम सिंह हवेली स्थित है–

The famous Salim Singh Haveli is situated at

(A) नवलगढ़ में/Nawalgarh

(B) मुकन्दगढ़ में/Mukandgarh

(C) पिलानी में/Pilani

(D) जैसलमेर में/Jaisalmer

**147.** (D) राजस्थान में जैसलमेर की हवेलियों को नगर कहते हैं।

- पत्थरों की कटाई एवं जालियों के लिए प्रसिद्ध हवेलियाँ जैसलमेर की हैं।
- पटवों की हवेली, सालिम सिंह की हवेली–जैसलमेर
- डागा की हवेली, कोठारी की हवेली सोहता की हवेली–बीकानेर
- पुण्य हवेली, पच्चिसा हवेली, लालचन्द ढड्ढा की हवेली–जोधपुर।
- पोद्दार की हवेली, भगतों की हवेली, सोने चाँदी की हवेली–झुँझनू।

**148.** किस जिले में गौगामेढ़ी मेला लगता है ?

In which district is Gogamedi fair held ?

(A) बीकानेर/Bikaner

(B) गंगानगर/Ganganagar

(C) हनुमानगढ़/Hanumangarh

(D) चूरू/Churu

**148.** (C) गोगामेड़ी भारत के राजस्थान राज्य के हनुमानगढ़ जिले में स्थित एक गाँव है।

- गोगामेड़ी में भाद्रपद माह के कृष्णपक्ष की नवमी को गोगाजी देवता का मेला लगता है।
- यहाँ राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार से लाखों श्रद्धालु आते हैं।
- गोगादेव, गुरुभक्त, वीर योद्धा और प्रतापी राजा थे, वे गुरू गोरखनाथ के परम शिष्य थे।

**149.** वह किला, जिस पर अंग्रेज जनरल लार्ड लेक ने पाँच बार चढ़ाई की, किन्तु असफल हुआ है—

The fort where British General Lord Lake attacked five times, but failed is

(A) लोहागढ़, भरतपुर/Lohagarh, Bharatpur

(B) बाला किला, अलवर/Bala Fort Alwar

(C) मांडलगढ़, मांडलगढ़/Mandalgarh, Mandalgarh

(D) अचलगढ़, आबू/Achalgarh, Abu

**149.** (A) लोहागढ़ एक किला था जिसे महाराजा सूरजमल ने राजस्थान के भरतपुर में अपने राज्य की रक्षा के लिए बनवाया था।

- यह वह किला है जहाँ ब्रिटिश जनरल लार्ड लेक ने पाँच बार हमला किया लेकिन असफल रहा।
- किले को नष्ट करने के प्रयासों में ब्रिटिश सेना को हराकर हर बार जाटों ने इसे बचा लिया।

**150.** मेवाड़ प्रजा मण्डल के प्रथम अध्यक्ष थे—

The first President of Mewar Praja Mandal was

(A) माणिक्य लाल वर्मा/Manikya Lal Verma

(B) बलवंत सिंह मेहता/Balwant Singh Mehta

(C) भूरेलाल बया/Bhurelal Baya

(D) रमेश चन्द्र व्यास/Ramesh Chandra Vyas

**150.** (B) प्रजामण्डल भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय रियासतों की जनता के संगठन थे।

- मेवाड़ प्रजामण्डल 24 अप्रैल, 1938 को माणिक्य लाल वर्मा द्वारा शुरू किया।
- इसके प्रथम अध्यक्ष–बलवंत सिंह मेहता (उदयपुर में)
- विजय लक्ष्मी पण्डित और जे.पी. कृपलानी ने भाग लिया।

❑❑

# प्रैक्टिस सेट - 7

## खण्ड–I
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** भाषा में अर्थ की सबसे छोटी इकाई......है।
(A) वाक्य
(B) संकेत प्रयोग विज्ञान
(C) स्वनिम
(D) रूपिम

**2.** जब सोचने की प्रक्रिया किसी भाषा द्वारा प्रभावित होती है, तो ऐसी स्थिति को कहते हैं–
(A) संस्कृति प्रभावित
(B) भाषा निर्धारित
(C) संज्ञानात्मक पक्ष
(D) सामाजिक-भाषायी उद्धृत

**3.** शिक्षण को प्रभावित करने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा घटक शिक्षक से सम्बन्धित नहीं है ?
(A) विद्यार्थियों से जुड़ाव
(B) विषय का ज्ञान
(C) सम्प्रेषण कौशल
(D) संसाधनों की उपलब्धता

**4.** किसी बालक की वास्तविक आयु 8 वर्ष है और मानसिक आयु 12 वर्ष है, तो उसकी बुद्धिलब्धि होगी—
(A) 145 (B) 125
(C) 140 (D) 150

**5.** व्यवहार में होने वाले स्थायी परिवर्तन, जो अभ्यास के कारण होते हैं, को कहा जाता है–
(A) सीखना (B) कल्पना करना
(C) सोचना (D) क्रिया करना

**6.** 16-PF का प्रयोग किसके मापन हेतु किया जाता है ?
(A) दबाव (B) सृजनात्मकता
(C) व्यक्तित्व (D) अभिरुचि

**7.** विद्यार्थियों को स्पष्ट उदाहरण एवं गैर-उदाहरण देने के क्या परिणाम हैं ?
(A) यह विद्यार्थियों के दिमाग में भ्रान्तियाँ उत्पन्न करता है
(B) यह अवधारणाओं की समझ में अभाव पैदा करता है
(C) यह अवधारणात्मक समझ के बजाय कार्यविधिक/प्रक्रियात्मक ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करता है
(D) अवधारणात्मक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रभावशाली तरीका है

**8.** सफल समावेशन को निम्नलिखित की आवश्यकता होती है सिवाय–
(A) पृथक्करण
(B) क्षमता संवर्धन
(C) संवेदनशील बनाना
(D) अभिभावकों की भागीदारी

**9.** एक बालक को वस्तुओं को देखने में कुछ समस्या है। उसका दाखिला NCF-2005 के आधार पर किस विद्यालय में होना चाहिए ?
(A) विशिष्ट विद्यालय
(B) नियमित विद्यालय
(C) समावेशी विद्यालय
(D) एकीकृत विद्यालय

**10.** शिक्षक का बर्ताव होना चाहिए–
(A) निदेशात्मक (B) शिक्षाप्रद
(C) आदर्शवादी (D) प्रशासनात्मक

**11.** बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के दौरान, वे उस कार्य को किस प्रकार से कर रहे हैं, इनकी जानकारी इन्हें–
(A) कार्य समाप्त होने के पश्चात् दी जानी चाहिए
(B) कार्य करते समय सतत् रूप से दी जानी चाहिए
(C) कार्य के बीच में एक बार दी जानी चाहिए
(D) इनकी कोई आवश्यकता नहीं है

**12.** मन्द अधिगमकर्ता जिनकी शैक्षिक उपलब्धि सामान्य योग्यता से कम रह जाती है, कहे जाते हैं–
(A) पिछड़े
(B) विशेष
(C) मानसिक रूप से कमजोर
(D) बाल अपराधी

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सतत् व व्यापक मूल्यांकन के लिए सही नहीं है ?
(A) यह एक विद्यालय आधारित मूल्यांकन है
(B) यह विद्यार्थियों में तनाव को कम करता है
(C) इसमें नम्बरों के स्थान पर ग्रेड का प्रयोग होता है
(D) इससे शिक्षकों पर बोझ बढ़ जाता है

**14.** ''किसी व्यक्ति को आकार देने में वातावरण के घटकों की कोई भूमिका नहीं होती, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की वृद्धि उसकी आनुवंशिक संरचना से निर्धारित होती है।'' यह कथन–
(A) ठीक है, क्योंकि वातावरण के घटक किसी व्यक्ति की वृद्धि और विकास में कम योगदान करते हैं
(B) ठीक है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि आनुवंशिक पदार्थ व्यक्ति के विकास की भविष्यवाणी करता है
(C) ठीक नहीं है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि विकास में वातावरण का बड़ा प्रभाव पड़ सकता है
(D) ठीक है, क्योंकि किसी व्यक्ति की आनुवंशिक संरचना बहुत प्रबल होती है

**15.** एक मन्द गति से सीखने वाले बालक को जरूरत होती है–
(A) अतिरिक्त सहायता की
(B) विशेष सहायता की
(C) कुछ सहायता की
(D) किसी सहायता की नहीं

**16.** मान लीजिए आप विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हैं, आप अपने अधिकार-क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों की शिक्षा की सम्पूर्ण गुणवत्ता को सुधारने के लिए क्या योजना बनायेंगे ? इस प्रकार का प्रश्न ...... का एक उदाहरण है।
(A) निम्न स्तरीय अपसारी
(B) निम्न स्तरीय अभिसारी
(C) उच्च स्तरीय अभिसारी
(D) उच्च स्तरीय अपसारी

**17.** निचली कक्षाओं में पढ़ाते समय एक शिक्षक को प्राथमिकता देनी चाहिए–
(A) दत्त कार्य को (B) समूह चर्चा को
(C) कहानी कथन को (D) व्याख्यान विधि को

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवहार बच्चे की अधिगम-निर्योग्यता की पहचान करता है ?
(A) मनोभाव का जल्दी-जल्दी बदलना (मूड स्विंग्स)
(B) अपमानजनक व्यवहार
(C) शब्दों को सही तरह से न समझ पाना तथा शब्दों को सही तरह से न लिख पाना
(D) (A) और (B) दोनों

**19.** **पियाजे** के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की अवस्थाओं को बाँटा गया है–

(A) चार भागों में (B) दो भागों में

(C) तीन भागों में (D) पाँच भागों में

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'समझ के लिए शिक्षण' को प्रदर्शित नहीं करता ?

(A) नियम कैसे काम करता है, इसे स्पष्ट करने हेतु उदाहरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यार्थियों को पढ़ाना

(B) विद्यार्थियों को एकाकी तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करने के योग्य बनाना

(C) समानता और अंतर देखने और सादृश्यता स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों की सहायता करना

(D) परिघटना या अवधारणा को अपने शब्दों में अभिव्यक्त करने के लिए विद्यार्थियों को कहना

**21.** भाषा शिक्षण की प्रथम कक्षा किसे माना जाता है?

(A) प्ले-वे विद्यालय को

(B) पूर्व-प्राथमिक कक्षा को

(C) घर को

(D) उपर्युक्त सभी को

**22.** मानव विकास कुछ विशेष सिद्धान्तों पर आधारित है। निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) निरन्तरता (B) प्रतिवर्ती

(C) अनुक्रमिकता (D) सामान्य से विशिष्ट

**23.** सीखना समृद्ध हो सकता है यदि–

(A) वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में लाया जाए जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अन्तःक्रिया करें और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाए

(B) कक्षा में आवधिक परीक्षाओं पर अपेक्षित ध्यान दिया जाए

(C) कक्षा में अधिक-से-अधिक शिक्षण-सामग्री का प्रयोग किया जाये

(D) शिक्षक विभिन्न प्रकार के व्याख्यान और स्पष्टीकरण का प्रयोग करें

**24.** पद 'व्यापक मूल्यांकन' का तात्पर्य है–

(A) लम्बी अवधि के कई टेस्ट

(B) अध्यापकों के एक समूह द्वारा किया जाने वाला मूल्यांकन

(C) अलग-अलग समय किया जाने वाला मूल्यांकन

(D) विद्यार्थी की संवृद्धि के शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक आयामों का मूल्यांकन

**25.** 'भूख' और 'प्यास' हैं–

(A) अर्जित प्रेरक (B) जन्मजात प्रेरक

(C) सामाजिक प्रेरक (D) व्यक्तिगत प्रेरक

**26.** वे बालक न्यून दृष्टि के माने जाते हैं जिनकी दृष्टि होती है–

(A) 20/70 से 20/200

(B) दोष निवारक लेन्सों के साथ 20/20 दृष्टि

(C) दोष निवारक लेन्सों के साथ 6/6 दृष्टि

(D) 20/10 से 20/30

**27.** जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त के बारे में निम्नलिखित कथनों में से सही कथन कौन-सा है ?

(A) पियाजे का तर्क है कि संज्ञानात्मक विकास, चरणों में आगे बढ़ने की अपेक्षा निरन्तर होता है

(B) पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के पाँच स्पष्ट चरण प्रस्तावित किए हैं

(C) बच्चों के सांस्कृतिक आधार के अनुसार इन चरणों का क्रम बदला जा सकता है

(D) किसी चरण को छोड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि ये चरण स्थिर हैं

**28.** 'तत्परता का नियम' किसने दिया है ?

(A) एबिंगहास (B) पावलॉव

(C) थॉर्नडाइक (D) स्किनर

**29.** परीक्षा में विद्यार्थियों से किस प्रकार के प्रश्न पूछने चाहिए ?

(A) केवल वस्तुनिष्ठ

(B) स्मृति एवं समझ आधारित

(C) समझ एवं अनुप्रयोग आधारित

(D) वस्तुनिष्ठ एवं विषयगत

**30.** बुद्धि के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(A) बुद्धि को केवल मानवीकृत बुद्धिलब्धि परीक्षणों के आयोजन के द्वारा विश्वसनीय रूप से निर्धारित किया जा सकता है।

(B) बुद्धि मूलभूत रूप से स्नायु-तन्त्र सम्बन्धी कार्य-प्रणाली है, उदाहरणार्थ, प्रक्रमण की गति, संवेदी-विभेद आदि।

(C) बुद्धि विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करने की योग्यता है।

(D) बुद्धि बहुआयामी है और इसमें कई पहलू निहित हैं।

## खण्ड–II

## भाषा–(I) हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गेहूँ हम खाते हैं, गुलाब सूँघते हैं। एक से शरीर की पुष्टि होती है, दूसरे से मानस तृप्त होता है। गेहूँ बड़ा या गुलाब? हम क्या चाहते हैं – पुष्ट शरीर या तृप्त मानस? या पुष्ट शरीर पर तृप्त मानस? जब मानव पृथ्वी पर आया, भूख लेकर। क्षुधा, क्षुधा, पिपासा, पिपासा। क्या खाए, क्या पिए? माँ के स्तनों को निचोड़ा, वृक्षों को झकझोरा, कीट–पतंग, पशु–पक्षी – कुछ न छुट पाए उसे! गेहूँ – उसकी भूख का काफला आज गेहूँ पर टूट पड़ा है? गेहूँ उपजाओ, गेहूँ उपजाओ, गेहूँ उपजाओ! मैदान जोते जा रहे हैं, बाग उजाड़े जा रहे हैं – गेहूँ के लिए। बेचारा गुलाब – भरी जवानी में सिसकियाँ ले रहा है। शरीर की आवश्यकता ने मानसिक वृत्तियों को कहीं कोने में डाल रक्खा है, दबा रक्खा है। किंतु, चाहे कच्चा चरे या पकाकर खाए – गेहूँ तक पशु और मानव में क्या अंतर? मानव को मानव बनाया गुलाब ने! मानव– मानव तब बना जब उसने शरीर की आवश्यकताओं पर मानसिक वृत्तियों को तरजीह दी। यही नहीं, जब उसकी भूख खाँव–खाँव कर रही थी तब भी उसकी आँखें गुलाब पर टँगी थीं। उसका प्रथम संगीत निकला, जब उसकी कामिनियाँ गेहूँ को ऊखल और चक्की में पीस–कूट रही थीं। पशुओं को मारकर, खाकर ही वह तृप्त नहीं हुआ, उनकी खाल का बनाया ढोल और उनकी सींग की बनाई तुरही। मछली मारने के लिए जब वह अपनी नाव में पतवार का पंख लगाकर जल पर उड़ा जा रहा था, तब उसके छप–छप में उसने ताल पाया, तराने छोड़े ! बाँस से उसने लाठी ही नहीं बनाई, वंशी भी बनाई।

रात का काला–घुप्प परदा दूर हुआ, तब यह उच्छवसित हुआ सिर्फ इसलिए नहीं कि अब पेट–पूजा की समिधा जुटाने में उसे सहूलियत मिलेगी, बल्कि वह आनंद–विभोर हुआ, उषा की लालिमा से, उगते सूरज की शनैः–शनैः प्रस्फुटित होने वाली सुनहली किरणों से, पृथ्वी पर चम–चम करते लक्ष–लक्ष ओसकणों से! आसमान में जब बादल उमड़े तब उनमें अपनी कृषि का आरोप करके ही वह प्रसन्न नहीं हुआ। उनके सौन्दर्य–बोध ने उसके मन–मोर को नाच उठने के लिए लाचार किया, इन्द्रधनुष ने उसके हृदय को भी इन्द्रधनुषी रंगों में रँग दिया! मानव–शरीर में पेट का स्थान नीचे है, हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर। पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानांतर रेखा में नहीं है। जिस दिन वह सीधे तनकर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की। गेहूँ की आवश्यकता उसे है, किंतु उसकी चेष्टा रही है गेहूँ पर विजय प्राप्त करने की।

**31.** शरीर की आवश्यकता ने किस चीज को कहीं कोने में डाल रक्खा है?

(A) राष्ट्र प्रेम (B) कला प्रेम

(C) मानसिक वृत्तियों (D) पशु प्रेम

**32.** मानव को मानव किसने बनाया?

(A) शैतान ने (B) गुलाब ने

(C) गेहूँ ने (D) भगवान ने

**33.** अपनी नाव में किसका पंख लगाकर मानव उड़ा जा रहा था?

(A) पतवार का (B) मोर का
(C) कबूतर का (D) चिड़ियों का

**34.** एक से शरीर का क्या होता है और दूसरे से मानस का क्या होता है?

(A) जीवन और मृत्यु
(B) सुस्ती और मस्ती
(C) पुष्टि और तृप्ति
(D) तुष्टि और अतृप्त

**35.** जब उसकी कामिनियाँ गेहूँ को ऊखल और चक्की में पीस–कूट रही थीं तो क्या निकला?

(A) परिहास (B) अट्टहास
(C) प्रथम संगीत (D) मुस्कान

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मेरे ग्रामांचल में इधर निर्माण–कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है। छप्परोंवाली ढाही का इलाका पक्के मकानों से समृद्ध होता जा रहा है। लगता है, ढाही के लोगों को सरकार ने आश्वस्त कर दिया है कि गंगा के रुद्र रूप का मुकाबला करने में वह पूरी तरह सूक्ष्म हैं, ढाही कुछ बिगाड़ नहीं सकती, और शहरी डिजाइन के घर बनने लगे हैं। गाँव का चेहरा बदल रहा है, शोभा निखर रही है। झूठे लोग शिकायत करते हैं कि गाँववालों का गाँव से मन उचट रहा है। साफ दीख रहा है कि झोंपड़ी और माटी के घरों को ढाहकर लोग पक्का मकान बना रहे हैं, उसे नागर शैली में सजा–सँवार रहे हैं। जिस तेज रफ्तार से मेरे ग्रामांचल की रुचि बदल रही है, लगता है नीम–पाकड़ को काटकर हर दरवाजे पर अब जूही–कामिनी रोपी जाएगी, बबूल–बाँस को वन में खेद दिया जाएगा। नागर रुचि की गिरफ्त में उलझते, गँवई आदमी में प्रकृति–परिसर के प्रति अरुचि बढ़ती जाएगी। अपने नफीस घरों की हिफाजत में लोग अपने–अपने घरों में सिमट जाएँगे। बिजली की सुविधा चौपाल–अलाव की सामाजिकता को मार देगी, अपने–अपने टी.वी. सेट से लोग बँध जाएँगे। इक्कीसवीं सदी के पहुँचते–पहुँचते, लगता है, मेरे ग्रामांचल का चेहरा–चरित्र पूरी तरह बदल जाएगा।

मेरे जनपद के गंगा तटीय गाँव का मेरा विद्यार्थी पुरुषोत्तम बताता है कि बलिया का पानी बड़ा तेज है, माटी जरखेज है। राष्ट्रीय मसलों पर अगुआ की भूमिका पर रहता है बलिया। पुरुषोत्तम के धरती–स्वाभिमान पर में लाठी चलाना नहीं चाहता। किंतु सामाजिक विकृति से क्षति हो रही चारित्रिक संपदा के बारे में जब सवाल उठाता हूँ, पुरुषोत्तम मेरा मुँह ताकने लगता है, तथापि उसका जनपदीय स्वाभिमान मुझे ठीक लगता है। अपने हिसाब से वह ठीक ही सोच रहा है। राहुलजी जैसे महापंडित ने बागी बलिया की प्रशंसा की है। सन 1942 के जातीय आंदोलन के पन्ने बाँच–बाँचकर नई पीढ़ी गर्व–स्फूर्त है, तो मन में आश्वास–बोध जगता है कि अपनी विरासत के प्रति लोग सजग हैं। पुरुषोत्तम खुश है कि मड़ई–छप्परवाले ढाही के गाँव सँवर रहे हैं। ताबड़तोड़ उठने वाले पक्के मकान मेरे जवार की समृद्धि का स्पष्ट संकेत दे रहे हैं। दहेज–दैत्य का समृद्ध होता आतंक और गाँव–गाँव में चलने वाले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बढ़ती भीड़ गाँव की नई करवट की सूचना दे रही है कि जल्दी–से–जल्दी आधुनिक बन जाने को गाँव व्याकुल हो उठे हैं कि नए–नए मादक द्रव्यों से मेरे अंचल की तरुणाई का परिचय हो रहा है, और नई–नई पक्की सड़कें क्षीर के बड़े–बड़े पात्रों को बात की बात में शहरों में पहुँचाने लगी हैं। बेशक नई रोशनी का ढाही के गाँवों में प्रवेश हो गया है।

**36.** कहाँ के लोगों को सरकार ने आश्वस्त किया है?

(A) ढाही (B) शहर
(C) नगर (D) गाँव

**37.** किस चीज की सुविधा से लोग टी.वी. सेट से बँध जाएंगे?

(A) फ्री इंटरनेट (B) बिजली
(C) पक्के मकान (D) डिश टीवी

**38.** मेरे ग्रामांचल में इधर क्या बहुत तेजी से चल रहा है?

(A) निर्माण–कार्य (B) घरेलू कार्य
(C) मांगलिक कार्य (D) कृषि–कार्य

**39.** इक्कीसवीं सदी के पहुँचते–पहुँचते मेरे ग्रामांचल का क्या पूरी तरह बदल जाएगा?

(A) चेहरा–चरित्र (B) चाल–ढाल
(C) हाल–चाल (D) खैरियत

**40.** गाँव वालों का कहाँ से मन उचट रहा है?

(A) बनारस से (B) दिल्ली से
(C) कोलकाता से (D) गाँव से

**41.** उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण–शिक्षण का उद्देश्य.......... में सहायक होगा।

(A) भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को अत्यधिक महत्व देने
(B) भाषा की प्रकृति, प्रकार्य और व्याकरणिक नियमों को कण्ठस्थ करने
(C) व्याकरण की परिभाषाओं को कण्ठस्थ करने
(D) भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को समझने और उसका विश्लेषण करने

**42.** साहित्य की किस विधा के शिक्षण में सस्वर पठन सर्वाधिक अपेक्षित है ?

(A) आत्मकथा (B) संस्मरण
(C) एकांकी (D) जीवनी

**43.** प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है?

(A) बच्चे समृद्ध भाषा–परिवेश में सहज और स्वतः रूप से भाषा में परिमार्जन कर लेंगे
(B) बच्चे भाषा की जटिल और समृद्ध संरचनाओं के साथ विद्यालय आते हैं
(C) बच्चों की भाषा–संकल्पनाओं और विद्यालय में प्रचलित भाषा परिवेश में विरोधाभास ही भाषा सीखने में सहायक होता है
(D) सुधार के नाम पर की जाने वाली टिप्पणियों व निरर्थक अभ्यास से बच्चों में अरुचि उत्पन्न हो सकती है

**44.** किसी भाषा कक्षा में कहानी–कथन की आवश्यकता के सन्दर्भ में कौन–सा तर्क उचित नहीं है?

(A) सभी बच्चों को भाषा सुनने का परिवेश मिलता है।
(B) सभी बच्चों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए यह उचित नहीं है
(C) बच्चों को शब्द–भण्डार के विकास के अवसर प्राप्त होते हैं।
(D) सभी बच्चों की क्षमता–अनुसार कल्पना–शक्ति का विकास होता है।

**45.** भाषा की कक्षा में यह जरूरी है कि–

(A) भाषा–शिक्षक को भाषा का पूर्ण ज्ञाता हो
(B) भाषा–शिक्षक बच्चों की उच्चारणगत शुद्धता पर विशेष ध्यान दे
(C) भाषा–शिक्षक बच्चों की वर्तनी को बहुत कठोरता से ले
(D) स्वयं भाषा–शिक्षक की भाषा प्रभावी हो

**46.** सुनी, पढ़ी और समझी हुई भाषा को सहज और स्वाभाविक लेखन द्वारा अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करने में निम्नलिखित में से कौन सहायक है?

(A) सुनी, देखी, पढ़ी घटना का अपने शब्दों में लिखित रूप में अभिव्यक्त करना
(B) 'मेरा प्रिय विद्यालय' विषय पर निबन्ध लिखना
(C) औपचारिक पत्र–लेखन
(D) किसी पढ़ी हुई कहानी को संक्षेप में लिखना

**47.** भाषा के सन्दर्भ में स्कूली जीवन का यह उच्च प्राथमिक चरण और बोध के विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

(A) साहित्य, सराहना, सामाजिक
(B) सौन्दर्य बोध, साहित्य बोध, सामाजिक–राजनैतिक

(C) भाषा, साहित्य, ऐतिहासिक

(D) साहित्य बोध, सराहना बोध, ऐतिहासिक

**48.** लेखन कौशल से सम्बन्धित नहीं है–

(A) विषय–वस्तु को स्पष्ट व तार्किक रूप से संघठित करना

(B) लेख को कुशलतापूर्वक लिखना

(C) व्याकरण का सही उपयोग

(D) विचारों के बीच सम्बन्ध स्थापित करना

**49.** अन्त:वाक् की संकल्पना किससे सम्बद्ध है?

(A) चॉम्स्की से (B) वाइगोत्स्की से

(C) पॉवलॉव से (D) स्किनर से

**50.** बच्चों की मौखिक भाषा का सतत् आकलन करने का सबसे बेहतर तरीका है–

(A) शब्द पढ़वाना

(B) प्रश्नों के उत्तर पूछना

(C) विभिन्न संदर्भों में बातचीत

(D) सुने हुए को दोहराने के लिए कहना

**51.** शुद्ध वाक्य का चयन करें–

(A) उसके प्राण निकल गये।

(B) उसका प्राण निकल गया।

(C) उसका प्राणपखेरू उड़ गया।

(D) प्राण उसका खत्म हो गया।

**52.** 'वेतन–वृद्धि' में योजक चिह्न की जगह कौन–सा कारक चिह्न आयेगा?

(A) की (B) में

(C) से (D) को

**53.** 'धनवान' का स्त्रीलिंग रूप है–

(A) धनवानी (B) धनवनी

(C) धनवती (D) धनवति

**54.** "सत्य बोलो, परन्तु कटु सत्य न बोलो" किस प्रकार का वाक्य है?

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) उप वाक्य (D) लघु वाक्य

**55.** सत्संग करो, सदाचारी बनो। वाक्य है–

(A) इच्छावाचक (B) आज्ञावाचक

(C) विधिवाचक (D) संकेतवाचक

**56.** निम्नांकित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है–

(A) जो परिश्रम करता है, वही आगे बढ़ता है।

(B) मैं पढ़ता हूँ और वह गाता है।

(C) क्या मेरे बिना यह पढ़ नहीं सकता है?

(D) परिश्रमी व्यक्ति ही सफलता प्राप्त करता है।

**57.** 'परिश्रमी' शब्द में कौन–से विशेषण का बोध होता है?

(A) गुणवाचक विशेषण

(B) संख्यावाचक विशेषण

(C) परिमाणवाचक विशेषण

(D) सार्वनामिक विशेषण

**58.** क्रियापरक व्याकरणिक कोटि चिह्नित कीजिए।

(A) कारक (B) लिंग

(C) वचन (D) पक्ष

**निर्देश (प्रश्न संख्या 59 एवं 60 के लिए)**

निम्नलिखित मुहावरों और लोकाक्तियों के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**59.** घड़ी में तोला घड़ी में माशा–

(A) बहुत नाजुक मिजाज

(B) डण्डी मारने में कुशल व्यापारी

(C) ऐसा व्यापार जिसमें एक पल मुनाफा हो तो दूसरे ही पल नुकसान

(D) जरा सी बात पर खुश और नाराज होना

**60.** खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे–

(A) कायरतापूर्ण व्यवहार करना

(B) व्यर्थ झुंझलाना

(C) किसी बात पर शर्मिन्दा होकर क्रोध करना

(D) अपने से बड़ों पर क्रोध करना

## Section–II

## Language–(I) English

**Direction (Q. No. 31 to 35)**

Read the following passage carefully and complete the following sentence.

Something is coming uphill, said Mother Wolf, twitching one ear. "Get ready." The bushes rustled a little in the thicket, and Father Wolf dropped with his haunches under him, ready for his leap. Then, if you had been watching, you would have seen the most wonderful thing in the world- the wolf checked in mid-spring. He made his bound before he saw what it was he was jumping at, and then he tried to stop himself. The result was that he shot up straight into the air for four or five feet, landing almost where he left ground.

Man! he snapped. "A man's cub. Look!"

Directly in front of him, holding on by a low branch, stood a naked brown baby who could just walk- as soft and as dimpled a little atom as ever came to a wolf's cave at night. He looked up into Father Wolf's face, and laughed.

"Is that a man's cub?" said Mother Wolf. "I have never seen one. Bring it here."

A Wolf accustomed to moving his own cubs can, if necessary, mouth an egg without breaking it, and though Father Wolf's jaws closed right on the child's back not a tooth even scratched the skin as he laid it down among the cubs.

How little! How naked!, how bold! said mother Wolf softly. The baby was pushing his way between the cubs to get close to the warm hide. "Aha! He is taking his meal with the others. And so this is a man's cub. Now, was there ever a wolf that could boast of a man's cub among her children?"

"I have heard now and again of such a thing, but never in our Pack or in my time," said Father Wolf. "He is altogether without hair, and I could kill him with a touch of my foot. But see, he looks up and is not afraid."

The moonlight was blocked out of the mouth of the cave, for Shere Khan's great square head and shoulders were thrust into the entrance. Tabaqui, behind him, was squeaking : "my lord, my lord, it went in here!"

"Shere Khan does us great honor," said Father Wolf, but his eyes were very angry. "What does Shere Khan need?"

My quarry. A man's cub went this way, said Shere Khan. "Its parents have run off. Give it to me."

**31.** What does the word haunches mean?

(A) The back legs of an animal

(B) a hump at the back of an animal

(C) a prolonged tail

(D) None of the above

**32.** What does the word 'altogether' mean?

(A) Completely (B) Partially

(C) Seperately (D) None of these

**33.** What is the meaning of the word twitching?

(A) To make a sudden small movement with a part of the body

(B) Itching or scratching

(C) Snoring or making loud noises

(D) None of the above

**34.** Why did father wolf drop his haunches?

(A) To get ready to jump

(B) To rest for a while

(C) to stand still

(D) None of the above

**35.** Why did father wolf stop in the middle of his jump?

(A) Because he saw a man's cub

(B) Because he was frightened

(C) Because he was extremely tired and lethargic

(D) None of the above

**Direction (Q. No. 36 to 40)**

Read the following passage carefully and complete the following sentences.

When we are suddenly confronted with any terrible danger, the change of nature we undergo is equally great. In some cases fear paralyses us. Like animals we stand still, powerless to move a step in fright or to lift a hand in defence of our lives, and sometimes we are seized with panic, and again, act more like the inferior animals

than rational beings. On the other hand, frequently in cases of sudden extreme peril, which cannot be escaped by flight, and must be instantly faced, even the most timid men at once as if by miracle, become possessed of the necessary courage, sharp quick apprehension, and swift decision. This is a miracle very common in nature. Man and the inferior animals alike, when confronted with almost certain death 'gather resolution from despair but there can really be no trace of so debilitating a feeling in the person fighting, or prepared to fight for dear life. At such time the mind is clearer than it has ever been; the nerves are steel, there is nothing felt but a wonderful strength and daring. Looking back at certain perilous moments in my own life, I remember them with a kind of joy, not that there was any joyful excitem-ent then; but because they brought me a new experience - a new nature, as it were and lifted me for a time above himself.

**36.** What is the meaning of the word peril?
(A) Safety (B) Danger
(C) Condition (D) Circumstances

**37.** What would be the synonym of the fright?
(A) Calmness (B) Terror
(C) Composure (D) Abscond

**38.** What does the author wish to convey by the expression "gather resolution from despair?"
(A) Starts yelling out of panic.
(B) Become extremely frightened and start trembling.
(C) Become bold in an extremely fearful or life threatening condition.
(D) None of the above.

**39.** What is the similarity between animals and human beings?
(A) In case of sudden fear both are unable to respond or react.
(B) Both fight fearlessly with any kind of danger and enemy.
(C) Both run away when confronted with sudden danger.
(D) None of the above.

**40.** Which word in the passage means a very lucky event that is surprising and unexpected?
(A) Apprehension (B) Confronted
(C) Miracle (D) Timid

**Direction (Q. No. 41 to 42)**

In these questions, a sentence has been given in Active/Passive form. Out of four alternatives suggest, select the one which best expresses the same sentence in Active/ Passive form :

**41.** The vintage cars hold a special place in the hearts of their owners.
(A) A special place in the hearts of the vintage car owners is held by them.
(B) A special place was held by the vintage cars in the hearts of their owners.
(C) A special place is held by the vintage cars in the hearts of their owners.
(D) A special place is being held by the vintage cars in the hearts of their owners.

**42.** He asked me to finish the work in time.
(A) I was asked that I should finish the work in time.
(B) He asked me that I should finish the work in time.
(C) I was asked to finish the work in time.
(D) I was asked to finish the work in time by him.

**43.** Find out the error in each of the following sentences, if any. If there is no error, your answer is 'No Error' *i.e.*
Love for ours environments is enough to protect nature.
(A) ours enviroment
(B) is enough to protect nature
(C) No Error
(D) Love for

**44.** Alveolar consonants are—
(A) T, D
(B) S, Z
(C) N, L
(D) All of the above

**45.** Constant sounds are—
(A) 26 (B) 24
(C) 27 (D) 28

**46.** The process of second language acquisition is influenced by languages that the learner already knows. The influence is....
(A) inter-language
(B) systemic errors
(C) language transfer
(D) phonology

**47.** The ..... favours the exposure of students to a structure in different contexts that could allow them to apply the rules by themselves.
(A) direct method
(B) inductive method
(C) deductive method
(D) communicative approach

**48.** Students-generated corrections are important in language learning because :
(A) students revise and edit the errors in their own writing or speech
(B) they indicate active engagement in the learning process
(C) more time can be given to grammar drills before production
(D) teachers can conduct more remedial classes

**49.** Smaller class size for slow learners facilitates greater personalized instruction in the new language because of :
(A) incidental learning, informal assessment and more interaction
(B) disciplined approach, less interaction and formal assessment
(C) more interaction, flexible schedule and authentic asessment
(D) language focused, formal assessment and flexible schedule

**50.** Considering learning styles broadens the approaches taken in the management of language-related problems. Some students prefer to get new information in written directions or verbal information. Their learning style is :
(A) auditory (B) visual
(C) kinesthetic (D) manipulative

**51.** Communicative competence is a subset of functional grammar and its approach in teaching will allow students to :
(A) learn grammar through meaningful communication
(B) enable teachers expose, students to grammar in the lower classes
(C) learn structures and, use them accurately
(D) use structures in a range of output texts

**52.** An English teacher after completing a chapter from the textbook asks questions based on the text to :
(A) maintain class discipline
(B) keep students busy as the chapter is complete
(C) attract students attention
(D) know their comprehension

**53.** Which one of the following cannot be used in formative assessment?
(A) Debate
(B) Olympiad
(C) Retelling stories
(D) Role play

**54.** Maximum participating of student's during teaching in a Language class room is possible through?
(A) lecture method
(B) translation method
(C) inductive method
(D) discussion and demonstration methods

**55.** During the process of Language learning, students lack confidence in their pronunciation. How can one overcome this?
(A) Providing scope for special activities with the help of Language experts for removing speaking defects
(B) Correcting mistakes immediately
(C) Reading aloud in the classroom
(D) Organizing play like tasks in which children can talk to one another

**56.** A class VII student makes mistakes in spelling. As a teacher would you :
(A) show him his mistakes and ask him to repronounce them?
(B) ignore the mistakes?
(C) allow the student to use a mobile dictionary?
(D) ask the student to repronounce the word?

**57.** While evaluating students responses for a reading comprehension, marks may be deducted for errors.
(A) grammatical (B) syntactical
(C) content (D) spelling

**58.** For evaluating a poster designed as a part of a competition, which of the following criteria would be the most appropriate for the judges?
(A) Relevant content, style and word limit
(B) Use of quotations, style and visual appeal
(C) Creativity, relevant content and visual appeal
(D) Creativity, fonts and visual appeal

**59.** Remedial teaching as part of Formative Assessment means :
(A) diagnosing and addressing gaps in learning
(B) teaching beyond the textbooks
(C) extra coaching by parents
(D) teaching for gifted students

**60.** Which of the following is a value associated with an inclusive classroom?
(A) Competition (B) Envy
(C) Sympathy (D) Collaboration

## खण्ड–III
## भाषा–(II) हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 65 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

उत्कट क्रोध से दुलारी के नथने फूले गए थे, अधर फड़क रहा था, आँखों से ज्वाला–सी निकल रही थी। फेंकू के गली में निकलते ही उसने दरवाजा बंद कर लिया। उधर पुलिस–रिपोर्टर से आँखें चार होते ही झेंपने के बावजूद लाचार–सा होकर फेंकू उसकी ओर बढ़ा और इधर धीरे –धीरे दुलारी आँगन में लौटी। आँगन में खड़ी उसकी संगनियो और पड़ोसिनों ने उसकी ओर कौतूहल–भरी दृष्टि से देखा, परन्तु दुलारी ने उनकी ओर आँख तक न उठाई। सीढ़ी चढ़कर उपेक्षा से झाडू अपनी कोठरी के द्वार पर फेंकती हुई वह अपनी कोठरी में जा घुसी। चूल्हे पर बटलोही में दाल चुर रही थी। उसने पैर की एक ठोकर से बटलोही उलट दी। सारी दाल चूल्हें में जा गिरी। आग बुझ गई। परन्तु दुलारी के दिल की आग अब भी भट्टी की तरह जल रही थी। पड़ोसिनों ने उसकी कोठरी में आकर वह आग बुझाने के लिए मीठे वचनों की जल–धारा गिराना आरम्भ किया। फलस्वरूप वह ठंडी भी होने लगी।

**61.** 'आँखों से ज्वाला सी' में अलंकार है।
(A) उपमा (B) दीपक
(C) उत्प्रेक्षा (D) रूपक

**62.** प्रस्तुत गद्यांश की विधा है ?
(A) कहानी (B) नाटक
(C) डायरी (D) उपन्यास

**63.** प्रस्तुत गद्यांश में प्रयुक्त मुहावरा नहीं है ?
(A) आग पर स्वर होना
(B) आँख न मिलाना
(C) आँख लाल होना
(D) आग बुझाना

**64.** 'आँखें चार होना' मुहावरे का अर्थ है–
(A) आमना–सामना होना
(B) आँख से इशारे करना
(C) आँख से अँधा होना
(D) आँख खुल जाना

**65.** चूल्हा शब्द है ?
(A) विदेशज (B) देशज
(C) तत्सम (D) तद्भव

**66.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द तद्भव है?
(A) खेत (B) प्रभु
(C) नाथ (D) त्रिकुटी

**67.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द देशज है?
(A) लाश (B) औरत
(C) पतलून (D) धड़ाम

**68.** छछूँदर के सिर पर चमेली का तेल का अर्थ है–
(A) मिथ्या आडम्बर
(B) अधिक पाने का लालच करना
(C) योग्य व्यक्ति को अच्छी चीज देना
(D) अयोग्य व्यक्ति द्वारा स्तरीय वस्तु का उपयोग

**69.** 'ऋग्वेद' का सन्धि–विच्छेद क्या है?
(A) ऋक् + वेद (B) ऋ + गवेद
(C) ऋग + वेद (D) ऋ + वेद

**70.** 'आपबीती' शब्द में समास है–
(A) द्वन्द्व समास (B) द्विगु समास
(C) तत्पुरुष समास (D) कर्मधारय समास

**71.** 'निर्बल' का विलोम शब्द है–
(A) सुदृढ़ (B) सबल
(C) बाहुबली (D) समुन्नत

**72.** किस दृश्य–उपकरण में पारदर्शी (ट्रांसपेरेन्सी) का प्रयोग होता है?
(A) ओवरहैंड प्रक्षेपक (प्रोजेक्टर) में
(B) स्लाइड प्रक्षेपक (प्रोजेक्टर) में
(C) अपारदर्शी प्रक्षेपक (ओपेक प्रोजेक्टर) या एपिडाइस्कोप में
(D) फिल्म स्ट्रिप में

**73.** बच्चों में भाषा प्रयोग की दक्षता विकसित करने के लिए आवश्यक है–
(A) उन्हें सुनने और बोलने की पूरी आजादी हो
(B) उन्हें कविताएँ याद हों
(C) उन्हें मुहावरे याद हों
(D) वे किसी वक्ता के साथ रहते हों

**74.** वे कथन जो आपसी व्यवहार में सामान्य रूप से प्रयुक्त होते हैं, उन्हें कहते हैं–
(A) अनौपचारिक कथन
(B) औपचारिक कथन
(C) प्रासंगिक कथन
(D) तर्कसंगत कथन

**75.** भाषा–कक्षा में विभिन्न दृश्य'श्रव्य साधनों का उपयोग का उद्देश्य नहीं है–
(A) आधुनिक तकनीक को कक्षा में लाना
(B) सभी प्रकार के बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना।
(C) सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को रुचिकर बनाना।
(D) विद्यालय–प्रमुख के निर्देशों का पालन करना।

**76.** भाषा अर्जन और भाषा अधिगम में क्या अन्तर होता है?
(A) सहज एवं स्वाभाविक रूप से परिवेश के माध्यम से भाषा अर्जित की जाती है जबकि भाषा अधिगम प्रयासपूर्ण होता है
(B) भाषा अर्जन में अर्थ भी समाज से स्वतः ही प्राप्त होते हैं जबकि भाषा अधिगम में कई बार अर्थ सीखने पड़ते हैं
(C) भाषा अर्जन में मुख्यतः सुनना, बोलना कौशल शामिल हैं जबकि भाषा अधिगम

में अनेक बार सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना–चारों कौशल सीखने पड़ते हैं

(D) उपर्युक्त सभी

**77.** बच्चे के सीखने की प्रक्रिया में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होगी–

(A) बच्चे द्वारा भाषायी प्रयोग के नियम पकड़ना

(B) बच्चे का उच्चारण

(C) व्याकरण का ज्ञान

(D) पाठ्य पुस्तकों की सामग्री

**78.** जब शिक्षिका पूछती है कि ''हम भी सफल होंगे–इस वाक्य में 'भी' लगने से अर्थ में क्या अन्तर आता है?', तो इसका आशय है कि शिक्षिका बच्चों को–

(A) अवलोकन क्षमता के अवसर देना चाहती है

(B) भाषा की बारीकियाँ समझाना चाहती है

(C) व्याकरण सिखाना चाहती है

(D) परीक्षा के लिए तैयार करना चाहती है

**79.** भाषा में सतत् और व्यापक आकलन का उद्देश्य है–

(A) वर्तनी की अशुद्धि के बिना लिखने की क्षमता का आकलन

(B) भाषा के व्याकरण का आकलन करना

(C) भाषा के मौखिक और लिखित रूपों के प्रयोग की क्षमता का आकलन

(D) पढ़कर समझने की क्षमता का आकलन

**80.** भाषा शिक्षण का आदर्श वातावरण है–

(A) विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति के भरपूर अवसर

(B) भाषागत शुद्धता पर अत्यधिक बल

(C) अध्यापक का एकालाप

(D) दृश्य–श्रव्य सामग्री का प्रचुर उपयोग

**81.** वर्तमान परीक्षा प्रणाली में दोष है–

(A) यह विद्यार्थी द्वारा अर्जित योग्यता का सही मूल्यांकन नहीं करती है

(B) इसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के अध्ययन की आव कयता नहीं रहती है

(C) इसमें अंकन का कोई सुनिश्चित मापदण्ड नहीं है

(D) उपर्युक्त में से सभी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 82 एवं 83 के लिए)**

वाक्य को पढ़कर उस खण्ड का चयन करें जो व्याकरण अथवा शब्द–ज्ञान के नियमों के अनुसार त्रुटिपूर्ण हो। यदि सभी खण्ड त्रुटिरहित हों, तो कोई त्रुटि नहीं को उत्तर के रूप में चिह्नित करें।

**82.** (A) कुछ पक्षी ऐसे होते

(B) हैं कि यदि उन्हें परेशान न

(C) किया जाए तो वे घंटों चुपचाप

(D) पेड़ में दुबके घिरे रहते हैं।

(E) त्रुटिरहित।

**83.** (A) हम प्रकृति को जितना समझने

(B) का कोशिश करते हैं, उसके

(C) उतने ही गूढ़ रहस्य

(D) हमारे सामने खुलते जाते हैं।

(E) त्रुटिरहित।

**84.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द देशज है ?

(A) कसरत (B) चसक

(C) पुस्तक (D) आग

**85.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विशेषण है ?

(A) अभिनय (B) अपराध

(C) आसक्त (D) अनीति

**86.** 'मैं भी दिल्ली जाऊँगा' में 'भी' क्या है ?

(A) निपात (B) उपसर्ग

(C) प्रत्यय (D) प्रविशेषण

**87.** निम्नलिखित विकल्पों में कौन–सा शब्द संज्ञा नहीं है ?

(A) सोना (B) सुनहरा

(C) सँपेरा (D) कंसेरा

**निर्देश (प्रश्न संख्या 88 एवं 90 के लिए)**

निम्नलिखित लोकोक्तियों में जो शब्द छूट गया, उसे पूरा करें।

**88.** ..............धतूरे सों कहत गहनो गढ़ो न जाय।

(A) रजत (B) कनक

(C) स्वर्ण (D) कंचन

**89.** अंधों में ................ राजा।

(A) लँगड़ा (B) पहलवान

(C) काना (D) चतुर

**90.** निम्न वाक्यों में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए–

(A) सब अच्छे हैं

(B) मैंने खाना खाया

(C) ये भी अच्छे हैं और वे भी अच्छे हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## Section–III
## Language–(II) English

**Direction (Q. No. 61 to 83)**

Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61.** Any of a wide variety of exercises, activities or devices used in the language classroom for realizing lesson objectives is known as—

(A) syllabus (B) approach

(C) method (D) technique

**62.** A test which is administered at the end of a language course for remedial teaching is—

(A) achievement test

(B) memory test

(C) diagnostic test

(D) placement test

**63.** The practice of grammatical structures in a controlled manner can be done by—

(A) writing paragraphs and essays

(B) explaining the use of particular structures

(C) correcting wrong sentences produced by learners

(D) gap-filling grammar exercises

**64.** "In the backyard, the dog barked and howled at the cat" is an example of—

(A) complex sentence

(B) complex compound sentence

(C) simple sentence

(D) sentence fragment

**65.** Which one of the following methods of teaching **cannot** be used interchangeably with each other?

(A) Direct method

(B) Correlative method

(C) Reference method

(D) Incidental method

**66.** Which one of the following statements is true ?

(A) Formative assessment, to be effective, must be conducted only after teaching a lesson.

(B) While all formative tasks are meant for improving teaching-learning, some are used for assessment too.

(C) All formative tasks are meant for assessment.

(D) Assignments need to be given as classwork followed by homework everyday to provide variety and practice.

**67.** Mother tongue influence can be effectively minimized in the classroom by—

(A) giving a lot of exposure in the target language

(B) giving inputs from the target language in a simple, graded manner

(C) using the mother tongue more often

(D) giving examples from the mother tongue

**68.** Which one of the following sentences is a result of error arising out of translation from our language to another?

(A) My joy knew no bounds.

(B) Are you going by the train?

(C) The teacher is giving examination.
(D) The students are giving their examination.

**69.** Reading skill can be developed best by—
(A) doing vocabulary exercises
(B) doing quizzes and playing word games
(C) writing answers to questions on text
(D) focusing on the use of words from context in the text

**70.** Who would be the implementer of education ?
(A) Student
(B) Curriculum
(C) Teacher
(D) Education Department

**71.** A listening stimulus—
(A) enables students to discuss a set of criteria that they prioritize to complete and present a task
(B) presents an information gap activity such as giving directions
(C) presents input to separate groups of students who gather again to share it
(D) is listening to a good commentary to review it

**72.** If a language teacher has taught a topic in the class and no student asks questions in her class, then may be—
(A) whatever was taught was beyond the comprehension of the students
(B) all the students are at a higher level of learning
(C) students are not paying attention
(D) she had been an excellent teacher

**73.** The founder of Structural Grammar was—
(A) Chomsky (B) Fries
(C) Newfield (D) Chapman

**74.** In which of the following words do the letters '<u>th</u>' have a different sound.
(A) <u>th</u>ick (B) <u>th</u>us
(C) <u>th</u>ree (D) <u>th</u>reat

**75.** In which of the following words do the letter '<u>s</u>' has a different sound ?
(A) pu<u>s</u>h (B) thi<u>s</u>
(C) <u>s</u>ugar (D) wa<u>s</u>h

**76.** What is the 16th and 17th centuries drama called ?
(A) Medieval drama
(B) Modern and Postmodern drama
(C) Classical Athenian drama
(D) Elizabethan and Jacobean drama

**77.** Who is famous for short stories ?
(A) Shakespeare (B) O Henry
(C) Robert Frost (D) Walt Whitman

**78.** Choose the appropriate articles for the given sentence :
Let's go..... the cinema. I haven't seen a film ....... 1979.
(A) to, since (B) with, from
(C) on, for (D) for, till

**79.** Choose the correct form of verb for the given sentence :
It......... that Lee Harvey Oswald may not have acted alone in the assassination of John Kennedy.
(A) believe (B) is the beliefs
(C) is believed (D) to believe

**80.** Choose the correct form of modal auxiliary verb for the given sentence :
I ....... have gone if my car had been in a working condition.
(A) might (B) may
(C) can (D) must

**81.** Choose the correct form of tense for the given sentence :
I'm sorry about his noise you hear. She.... for a concert.
(A) practices (B) is practicing
(C) has practiced (D) would practice

**82.** Choose the alternative, Which best expresses the meaning of the Idiom/ Phrase.
To end in smoke means :
(A) To die of cancer caused by smoking/to ruin oneself
(B) To end without providing any practical result
(C) Causes others to become disheartened
(D) To risk everything in single venture
(E) None of these

**83.** Choose the one which can be substituted for the given words/sentences.
One who enjoys inflicting pain on himself.
(A) Masochist (B) Nihilist
(C) Egoist (D) Sadist

**Direction (Q. No. 84 and 85)**

Point out the Figures of Speech in the following :

**84.** 'I'm so hungry I could eat a horse!
(A) conceit (B) metaphor
(C) hyperbole (D) metonymy

**85.** Necessity is the mother of invention.
(A) personification
(B) oxymoron
(C) hyperbole
(D) paradox

**Direction (Q. No. 86 to 90)**

Read the passage carefully and choose the best answer to each question out of the four alternatives.

John had never thought much about the origin of wealth or inequalities in life. It was his firm belief that if this world was not good, the next would be good, and this faith sustained him. He was not like some others whom he knew, who would sell their souls to the devil. He always thought of God before doing anything. He lived the life of an honest man. He had not married but did not desire another man's wife. He believed that women weakened men as was described in the story of Samson and Delilah.

**86.** 'To sell one's soul to the devil' means :
(A) suppressing one's con-science
(B) giving up goodness in ex-change for evil
(C) giving up one's honesty for the sake of monetary benefits
(D) to sell oneself to earn liveli-hood

**87.** John thought that women weakened men because :
(A) he thought that women were evil
(B) he believed that a woman was a fancy devil
(C) he thought that a woman would spoil his life
(D) he was convinced that what the story of Samson and Delilah illustrates is correct

**88.** It was John's belief that :
(A) one can be happy only by remaining a bachelor
(B) the world is a happy place
(C) there is no other world
(D) one must lead an honest life

**89.** By not desiring another man's wife John showed that :
(A) he wanted to get married
(B) he was a man of principles
(C) he felt sorry for other men
(D) he had no desire for another's wealth

**90.** From the above passage we understand that John was :
(A) not highly educated
(B) a man of simple faith
(C) a deeply pessimistic man
(D) a scholar of scriptures

## खण्ड–IV
## सामाजिक अध्ययन

**91.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी?
(A) काँस्य युग (B) नवपाषाण युग
(C) पुरापाषाण युग (D) लौह युग

**92.** 800 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व का काल किस युग से जुड़ा है?
(A) ब्राह्मण युग (B) सूत्र युग
(C) रामायण युग (D) महाभारत युग

**93.** ऋग्वेद में ............ सूक्त हैं।
(A) 1017 (B) 1020
(C) 1028 (D) 1128

**94.** महावीर का जन्म किस क्षत्रिय गोत्र में हुआ था?
(A) शाक्य (B) ज्ञातृक
(C) सल्लास (D) लिच्छवी

**95.** थानेश्वर में वर्धन वंश/पुष्यभूति वंश की स्थापना किसने की ?
(A) राज्यवर्धन (B) आदित्यवर्धन
(C) पुष्यभूति वर्धन (D) नरवर्धन

**96.** निम्नलिखित में से मगध का कौन-सा राजा सिकन्दर महान का समकालीन था?
(A) महापद्मनन्द (B) धनानन्द
(C) सुकल्प (D) चन्द्रगुप्त मौर्य

**97.** निम्नलिखित में से वह दिल्ली का सुल्तान कौन था जिसकी मृत्यु 'चौगान' (पोलो) खेलते हुए हुई थी?
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक
(B) अलाउद्दीन खिलजी
(C) फिरोजशाह तुगलक
(D) गयासुद्दीन तुगलक

**98.** संत कबीर का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) दिल्ली (B) वाराणसी
(C) मथुरा (D) हैदराबाद

**99.** कृष्णदेव राय ने निम्नलिखित में से किसके साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखे थे?
(A) फ्रेंच (B) ब्रिटिश
(C) पुर्तगाली (D) डच (हालैण्ड)

**100.** 'आइन-ए-अकबरी' एक महान ऐतिहासिक कृति निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई थी?
(A) अबुल फजल (B) अमीर खुसरो
(C) फिरोज शाह (C) अब्दुल रशीद

**101.** कुषाण काल के दौरान मूर्तिकला की गांधार शैली निम्नलिखित में से मिश्रण है–
(A) भारत-इस्लाम शैली
(B) भारत-ईरानी शैली
(C) भारत-चीन शैली
(D) भारत-ग्रीक (यूनानी) शैली

**102.** निम्नोक्त स्थानों में से किसमे रैयतवाड़ी बंदोबस्त लागू किया गया था?
(A) उत्तर प्रदेश और पंजाब
(B) उत्तर पश्चिमी प्रांत और पंजाब
(C) मद्रास और बम्बई
(D) बंगाल और बिहार

**103.** लाल किले में मुगल अस्तित्व किसके पतन के साथ समाप्त हुआ?
(A) औरंगजेब (B) मुहम्मदशाह
(C) शाह आलम (D) बहादुरशाह जफर

**104.** सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

**सूची–I**
a. नियंत्रण परिषद् की स्थापना
b. सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना
c. इंग्लिश मिशनरियों को भारत में कार्य करने की अनुमति
d. गवर्नर जनरल की परिषद् में कानूनी सदस्य की नियुक्ति

**सूची–II**
1. नियामक अधिनियम, 1773
2. पिट्स का भारतीय अधिनियम, 1784
3. चार्टर अधिनियम, 1813
4. चार्टर अधिनियम, 1833

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**105.** किस अधिनियम ने भारतवासियों को अपने देश के प्रशासन में कुछ हिस्सा लेना संभव बनाया?
(A) चार्टर एक्ट, 1833
(B) चार्टर एक्ट, 1853
(C) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858
(D) इंडियन काउंसिल एक्ट, 1861

**106.** 1960 के पश्चात् निम्न राज्यों का गठन किया गया। इनके गठन का सही क्रम क्या था ?
1. हरियाणा 2. सिक्किम
3. नागालैण्ड 4. मेघालय
(A) 1, 2, 3, 4 (B) 2, 3, 4, 1
(C) 2, 4, 1, 3 (D) 3, 1, 4, 2

**107.** जिन संघीय क्षेत्रों में विधान सभा नहीं है वहाँ कानून पारित करने का अधिकार–
(A) संघीय गृह मन्त्रालय के पास है
(B) संसद के पास है
(C) राष्ट्रपति के पास है
(D) मुख्य प्रशासक के पास है

**108.** निम्नलिखित में से किस एक का यह सुझाव था कि राज्यपाल को उस राज्य के बाहर का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिये और उसे एक ऐसा तटस्थ व्यक्ति होना चाहिये जिसके गहन राजनीतिक जुड़ाव न हों या उससे हाल के पिछले वर्षों में राजनीति में भाग नहीं लिया हो ?
(A) पहला प्रशासनिक सुधार आयोग (1966)
(B) राजमन्नार समिति (1969)
(C) सरकारिया आयोग (1983)
(D) संविधान के कार्यचालन की समीक्षा हेतु राष्ट्रीय आयोग (2000)

**109.** राष्ट्रपति राज्य में संवैधानिक संकट की घोषणा–
(A) केवल केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् की सिफारिश पर कर सकता है
(B) केवल राज्यपाल की सिफारिश पर कर सकता है
(C) केवल राज्य की मंत्रिपरिषद् की सिफारिश पर कर सकता है
(D) यदि वह सन्तुष्ट हो कि ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकार को संविधान के अनुसार चलाना संभव नहीं

**110.** ज्योग्राफी शब्द किसने निर्मित किया था?
(A) टॉलमी (B) इरेटोस्थनीज़
(C) हिकेटियस (D) हेरोडोटस

**111.** जिस तारामंडल के तारे ध्रुव तारे की ओर संकेत करते हैं, वह है?
(A) सप्तऋषि (C) वृश्चिक
(B) मृग (D) वृष

**112.** निम्नांकित में से कौन अंतरिक्ष शब्दावली से संबंधित नहीं है?
(A) टेलीमीटरिंग (B) भारहीनता
(C) सिसलुनर (D) बाइट

**113.** कौन–सी चट्टानें (शैल), प्राणियों के खोल (कवच) और अस्थि–कंकाल से बनती हैं?
(A) बालूकाश्म (सैन्डस्टोन)
(B) चूना–प्रस्तर (लाइमस्टोन)
(C) फाइलाइट
(D) ग्रेनाइट

**114.** किसी चट्टान को स्व–स्थान पर तोड़ देना कहलाता है–
(A) अपरदन (B) अपक्षयण
(C) व्यापक विनाश (D) निम्नीकरण

**115.** वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर राजस्थान के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(A) सर्वाधिक महिला साक्षरता जयपुर में है।
(B) न्यूनतम महिला साक्षरता जालौर में है।
(C) महिला साक्षरता में सर्वाधिक वृद्धि डूंगरपुर में हुई
(D) न्यूनतम पुरुष साक्षरता प्रतापगढ़ में

**116.** 'मौताणा प्रथा' के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?
(A) किसी व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु होने पर मृत्यु स्थान के स्वामी से हर्जाना वसूलना
(B) किसी व्यक्ति की मृत्यु के बदले दूसरे को मौत के घाट उतारना

(C) किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके पुनः जीवित होने की मान्यता
(D) किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर किया जाने वाला शोक कार्यक्रम

**117.** अरावली पर्वत शृंखला की दूसरी सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है?
(A) कुम्भलगढ़ (B) नाग पहाड़
(C) सेर (D) अचलगढ़

**118.** जयपुर शहर को 'गुलाबी रंग' किस राजा के द्वारा दिया गया?
(A) प्रताप सिंह (B) राम सिंह द्वितीय
(C) सवाई जयसिंह (D) ईश्वर सिंह

**119.** राजस्थान के किन जिलों के पुलिस अधिकारियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ प्राप्त हैं?
(A) जयपुर एवं कोटा
(B) जयपुर एवं जोधपुर
(C) जयपुर एवं अजमेर
(D) केवल जयपुर

**120.** निम्न में से किस जिले में कोई राष्ट्रीय उद्यान नहीं है?
(A) गंगानगर (B) सवाई माधोपुर
(C) भरतपुर (D) चित्तौड़गढ़

**121.** निम्न में से किस स्थान पर इतिहास में 'जौहर' होने का उल्लेख नहीं पाया जाता है?
(A) गागरौन (B) रणथम्भौर
(C) जालौर (D) सिरोही

**122.** 'राजपूताना' नाम का प्रयोग सर्वप्रथम कब और किसने किया था?
(A) 1800 ई., जॉर्ज थामस
(B) 1890 ई., विलियम बेंटले
(C) 1922 ई., सर जॉन
(D) 1902 ई., लॉर्ड कर्जन

**123.** राजस्थान के लोक वाद्य यंत्रों के विषय में कौन-सा कथन सही नहीं हैं?
(A) भपंग एवं रावण हत्था दोनों तंत्र वाद्य यंत्र हैं।
(B) अलगोजा एवं मोरचंग दोनों फूंक वाद्य यंत्र हैं।
(C) ढालक, नौबत, नगाड़ा एवं चंग थाप वाद्य यंत्र हैं।
(D) फूंक वाद्य यंत्र बांकिया एवं करण को मांगलिक अवसरों पर नहीं बजाया जाता है।

**124.** निम्न में से कौन राजस्थान के लोक देवता नहीं हैं?
(A) गोगा जी (B) पाबू जी
(C) रामदेव जी (D) नामदेव जी

**125.** उच्च प्राथमिक स्तर पर कौन-सा विषय सामाजिक अध्ययन में सम्मिलित नहीं है?
(A) राजनीतिशास्त्र (B) दर्शनशास्त्र
(C) इतिहास (D) भूगोल

**126.** सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तकों में मानचित्रों और आरेखों का प्रयोग प्रासंगिक है, क्योंकि वे—
(A) अवधारणा में नये आयाम को जोड़ते हैं
(B) अवधारणा को स्पष्ट करते हैं
(C) याद करने को प्रोत्साहित करते हैं
(D) पाठ्य-पुस्तक को आकर्षक बनाते हैं

**127.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या प्रारूप 2005 के अनुसार उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से किन विषयों से ली जानी चाहिए?
(A) इतिहास, नागरिकशास्त्र व भूगोल
(B) इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र व अर्थशास्त्र
(C) पर्यावरण विज्ञान, इतिहास, नागरिकशास्त्र व भूगोल
(D) आपदा प्रबन्धन, इतिहास, राजनीतिशास्त्र व मूल्यपरक शिक्षा

**128.** सामाजिक विज्ञान अध्ययन करता है—
(A) समाजों का (B) व्यक्तियों का
(C) सरकारों का (D) दर्शनों का

**129.** सामाजिक विषय में टी.एल.एम. प्रयुक्त नहीं होता है—
(A) चुम्बकीय कम्पास
(B) ग्लोब
(C) मानचित्र
(D) नेपियर पट्टी

**130.** शैक्षिक गतिविधियों पर विद्यार्थियों द्वारा खर्च किए जाने वाले समय को बढ़ाने के लिए अध्यापक को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?
(A) विद्यार्थियों को कक्षा में चर्चा करने से पहले नये विषयों को पढ़ने के लिए कहें
(B) नई विषय-सामग्री को समय पर प्रश्नोत्तर सत्र के साथ प्रस्तुत करें।
(C) कक्षा की गतिविधियों तथा संक्रमण काल के लिए योजना बनाएँ, पढाएँ ओर समय-सारणी लागू करें
(D) मूल विषयों में प्रति सप्ताह कम-से-कम दो बार गृहकार्य दें

**131.** वैयक्तिक चुनाव की तुलना में अवलोकन योग्य तथ्यों को ध्यान में रख निगमन निकालना निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?
(A) तर्कना
(B) मुक्त-संगत
(C) आत्मकेन्द्रिता
(D) सामाजिक बुद्धि उत्तेजना

**132.** 'समूह शिक्षण' है—
(A) संसाधनों, रुचि व विशेषता का इष्टतम उपयोग करने हेतु शिक्षकों के समूहों द्वारा शिक्षण है
(B) शिक्षकों की अनुपलब्धता से निपटने का एक उपाय है
(C) स्कूल में शिक्षकों के समूहों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करता है
(D) विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार छोटे समूहों में बाँटकर शिक्षण है

**133.** प्रगतिशील शिक्षा पद्धति होती है—
(A) अध्यापक केन्द्रित
(B) पाठ्यक्रम केन्द्रित
(C) पुस्तक केन्द्रित
(D) बाल केन्द्रित

**134.** विद्यार्थियों के साथ एक छोटे समूह में योजना बनाते समय निम्न में से किस पर अधिक बल होना चाहिए?
(a) एक चुनौतीपूर्ण कार्य की रचना।
(b) विद्यार्थियों को साथ काम करना सिखाना।
(c) समूहों का विचारपूर्वक चयन करना।
(d) कार्य की पूर्ति करना।
(A) a, b, d (B) a, c, d
(C) b, c, d (D) a, b, c

**135.** अफगानिस्तान स्थित सिन्धु सभ्यता के स्थल हैं—
(A) मुंडीगाक (B) सुर्तोगोई
(C) देहमोरासीघुंडई (D) ये सभी

**136.** कौन-कौन से नगर सिन्धु सभ्यता के बन्दरगाह नगर थे ?
(A) लोथल एवं सुत्कांगेडो
(B) अल्लाहदीनो एवं बालाकोट
(C) कुनतासी
(D) उपर्युक्त सभी

**137.** सुमेलित कीजिए—

| | |
|---|---|
| a. पूषन | 1. विवाह का देवता |
| b. रुद्र | 2. पशुओं का देवता |
| c. द्यौस/द्यौः | 3. जगत के पिता |
| d. अदिति | 4. देवों की महान माता |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**138.** 'मनुस्मृति' मुख्यतया सम्बन्धित है–
(A) समाज व्यवस्था से
(B) कानून से
(C) राज्य कार्य पद्धति से
(D) अर्थशास्त्र से

**139.** गौतम बुद्ध द्वारा भिक्षुणी संघ की स्थापना कहाँ की गयी थी ?
(A) सारनाथ में (B) कपिलवस्तु में
(C) वैशाली में (D) गया में

**140.** किस शासक द्वारा सर्वप्रथम पाटलिपुत्र का राजधानी के रूप में चयन किया गया ?
(A) अजातशत्रु द्वारा (B) कालाशोक द्वारा
(C) उदयिन द्वारा (D) कनिष्क द्वारा

**141.** निम्नलिखित में से कौन-कौन से प्रभाव भारत पर ईरानी आक्रमण के रूप में माने जाते हैं ?
1. खरोष्ठी लिपि का प्रचार
2. अभिलेख उत्कीर्ण करने की कला का प्रचार
3. ईरानियों की क्षत्रप प्रणाली का प्रचार
4. घण्टा आकार के गुम्बज की कला का प्रचार
5. स्त्री अंग-रक्षकों की नियुक्ति
(A) 1, 2, 3, 4 (B) 1, 2, 3, 5
(C) 1, 3, 4, 5 (D) 1, 2, 3, 4, 5

**142.** तक्षशिला के प्रसिद्ध स्थल होने का कारण था–
(A) प्राचीन वैदिक कला
(B) मौर्यकालीन कला
(C) गान्धार कला
(D) गुप्त कला

**143.** बंगाल का कौन-सा शासक हर्ष के समकालीन था?
(A) शशांक (B) ध्रुवसेन
(C) पुलकेशिन II (D) भास्कर वर्मा

**144.** भारत पर प्रथम तुर्क आक्रमण करने वाला था–
(A) महमूद गजनवी (B) मुहम्मद गौरी
(C) चंगेज खाँ (D) तैमूर लंग

**145.** 'महापुरुषीय धर्म' ('एक शरण संप्रदाय') के संस्थापक थे–
(A) रामानुज आचार्य (B) वल्लभ आचार्य
(C) चैतन्य महाप्रभु (D) शंकरदेव

**146.** कृष्णदेव राय राजा थे–
(A) बहमनी (B) घोल
(C) विजयनगर (D) पल्लव

**147.** किस मुगल सम्राट् ने सैय्यद भाइयों को गिराया ?
(A) बहादुरशाह (B) रफी-उद्-दौला
(C) शाहजहाँ II (D) मुहम्मद शाह

**148.** शक् संवत् का प्रारम्भ किस सम्राट के शासनकाल में 78 ई. से हुआ था ?
(A) अशोक (B) कनिष्क
(C) हर्ष (D) समुद्रगुप्त

**149.** रैयतवाड़ी व्यवस्था कब लागू की गई थी ?
(A) 1816 में (B) 1818 में
(C) 1820 में (D) 1822 में

**150.** निम्नोक्त स्थानों में से कौन-सा 1857 ई. के विद्रोह का महत्वपूर्ण केन्द्र नहीं था ?
(A) आगरा (B) कानपुर
(C) झाँसी (D) लखनऊ

# व्याख्यात्मक हल

## खण्ड–I
## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** (D) किसी भाषा या बोली में स्वनिम (Phoneme) उच्चारित ध्वनि की सबसे छोटी इकाई है। स्वनिम उच्चारित भाषा की ऐसी लघुतम इकाई है, जिससे दो स्वनिमों का अन्तर स्पष्ट होता है, जैसे–'ज', 'न', 'प' आदि। रूपिम (Morpheme) भाषा उच्चारण की लघुतम अर्थवान इकाई है। रूपिम स्वनिमों का ऐसा न्यूनतम अनुक्रम है, जो व्याकरणिक दृष्टि से सार्थक होता है।

**2.** (B) जब सोचने की प्रक्रिया किसी भाषा द्वारा प्रभावित होती है, तो ऐसी स्थिति को भाषा निर्धारित प्रक्रिया कहते हैं। यह सिद्धान्त वाइगोत्स्की ने दिया था। इसके अनुसार भाषा संज्ञानात्मक विकास को निर्धारित भी करती है और प्रभावित भी करती है, जबकि पियाजे का मानना है कि संज्ञानात्मक विकास सार्वभौमिक होता है। यह किसी भी संस्कृति या भाषा से प्रभावित नहीं होता है।

**3.** (D) वे सभी कारक जो शिक्षण कार्य को प्रभावित करते हैं, वे शिक्षण घटक कहलाते हैं। इनकी अनुपस्थिति में शिक्षण कार्य बाधित होता है। ये सभी घटक शिक्षक में अनिवार्य रूप से होने आवश्यक हैं; जैसे– सम्बन्धित विषय का ज्ञान, सम्प्रेषण कौशल एवं विद्यार्थियों से जुड़ाव उनकी समस्याओं को समझ सके।

**4.** (D) बुद्धिलब्धि = (मानसिक आयु/वास्तविक आयु) × 100

$$= \frac{12}{8} \times 100 = 150$$

**5.** (A) **किम्बले** के अनुसार, ''पुनर्बलित अभ्यास के फलस्वरूप व्यवहारजन्य क्षमता में आने वाले अपेक्षाकृत स्थायी प्रकृति का परिवर्तन अधिगम है।''

**6.** (C) 16-PF (16-Personality factor) का प्रयोग व्यक्तित्व मापन में किया जाता है। इस परीक्षण का निर्माण कैटल द्वारा किया गया। इस परीक्षण के अन्तर्गत 17 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के 16 शील गुणों को मापा जाता है। ये शील गुण इस प्रकार हैं–ईमानदारी, सत्यता, अधिनायकवाद, सत्य एवं अहिंसा, कर्तव्यनिष्ठता, सहयोग, परोपकार, समय की पाबन्दी, व्यवहार- कुशलता, सामाजिकता, सौम्यता, आत्मविश्वास, प्रभुत्व, उत्साह एवं आत्म-गौरव।

**7.** (D) शिक्षक कक्षा में किसी विषय को समझाने के लिए किसी उदाहरण द्वारा समझाता है तो छात्र उस विषय को बड़ी रोचकता के साथ समझते हैं और उदाहरण के द्वारा वह जल्दी समझ जाते हैं। यह एक शिक्षण का प्रभावशाली तरीका होता है, जिससे बच्चे प्रोत्साहित होते हैं।

**8.** (A) सफल समावेशन के लिए वैयक्तिक भिन्नता की स्वीकृति, अभिभावकों की भागीदारी, क्षमता संवर्धन, संवेदनशील बनाना, सहयोगात्मक व्यवहार को प्रोत्साहन आदि का होना आवश्यक होता है सिवाय पृथक्करण के।

**9.** (C) NCF-2005 के अनुसार वह बालक जो शारीरिक रूप से कम सक्षम है उन्हें सामान्य विद्यार्थियों के साथ ही समावेशी विद्यालयों में शिक्षा दी जानी चाहिए।

**10.** (C) शिक्षक का बर्ताव आदर्शवादी होना चाहिए ताकि छात्रों से अच्छे सम्बन्ध स्थापित करके उनकी समस्याओं का समाधान कर सके।

**11.** (B) बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के दौरान, वे उस कार्य को किस प्रकार से कर रहे हैं, इसकी जानकारी इन्हें कार्य करते समय सतत् रूप से दी जानी चाहिए ताकि सीखने में आयी त्रुटियों में सुधार कर सकें। इसी को ध्यान में रखकर 'सतत् मूल्यांकन' या 'निर्माणात्मक मूल्यांकन' की संकल्पना विकसित की गयी है।

**12.** (A) धीमी गति से सीखने वाले बालक जिनकी शैक्षणिक उपलब्धि उनकी प्राकृतिक क्षमता से काफी नीचे होती है, पिछड़े बालक के रूप में जानते हैं।

**13.** (D) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन केन्द्रीय शैक्षिक शिक्षा परिषद् द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के मूल्यांकन की एक प्रक्रिया है। इसकी विशेषताएँ निम्न हैं–
– विद्यालय आधारित मूल्यांकन
– विद्यार्थियों के तनाव को कम करता है
– नम्बरों के स्थान पर विद्यार्थियों को ग्रेड दिया जाता है।

**14.** (C) ''किसी व्यक्ति को आकार देने में वातावरण के घटकों की कोई भूमिका नहीं होती है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की वृद्धि उसकी आनुवंशिक संरचना से निर्धारित होती है।'' यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि बहुत-से शोध यह सिद्ध करते हैं कि विकास में वातावरण का बड़ा प्रभाव पड़ता है।

**15.** (B) मन्द गति से सीखने वाले बालक को विशेष सहायता की आवश्यकता होती है। इस प्रकार के बालक के सीखने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए शिक्षण कार्य में बदलाव की आवश्यकता होती है। मन्द बुद्धि के बालक को अगर क्रियाविधि या खेल विधि से शिक्षा दी जाए तो वह उसे तेजी से ग्रहण कर सकता है।

**16.** (D) विद्यालय शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष होने के नाते हमें एक उच्च स्तरीय अपसारी चिन्तन की आवश्यकता है ताकि अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों की शिक्षा की सम्पूर्ण गुणवत्ता को सुधारने के लिए विद्यालयों की कार्य-प्रणालियों को रचनात्मक ढंग से संचालित कर सकें तथा उसमें आने वाले व्यवधानों को अपनी बुद्धि, विवेक से सार्थक रूप से दूर कर सकें।

**17.** (C) निचली कक्षाओं में पढ़ाते समय शिक्षक को कहानी कथन, शिक्षण विधि को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि छोटे बालक कहानी के प्रति ज्यादा आकर्षित होते हैं। अतः इस विधि से बालक में ज्ञान एवं शिक्षा का प्रसार आसानी से किया जा सकता है।

**18.** (C) शब्दों को सही तरह से न समझ पाना तथा शब्दों को सही तरीके से न लिख पाना बच्चे की अधिगम निर्योग्यता को प्रदर्शित करता है।

**19.** (A) **पियाजे** के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की चार अवस्थाएँ हैं–

1. संवेदनात्मक अवस्था
2. पूर्व संकार्य अवस्था
3. मूर्त संकार्य अवस्था
4. औपचारिक संकार्य अवस्था

**20.** (B) विद्यार्थियों को एकाकी तथ्यों और प्रक्रियाओं को याद करने योग्य बनाना, उनकी समझ या सूझ को विकसित नहीं करता, यह मात्र रटने पर बल देता है इसलिए वह समझ के लिए शिक्षण को प्रदर्शित नहीं करता है।

**21.** (C) भाषा शिक्षण की प्रथम कक्षा घर को माना जाता है। बच्चे घर के सदस्यों द्वारा बोले गये शब्दों का अनुकरण करते हैं और उसे बोलने का प्रयास करते हैं।

**22.** (B) प्रतिवर्ती मानव विकास का सिद्धान्त नहीं है। 'प्रतिवर्ती' शब्द का तात्पर्य है 'पुनः प्रारम्भ करना' और मानव विकास एक बार परिपक्वता प्राप्त करने पर पुनः प्रारम्भ नहीं होता है।

**23.** (A) सीखना तब अधिक प्रभावशाली होता है जब सीखी जाने वाली विषयवस्तु का सम्बन्ध बालक के वास्तविक जीवन से होता है। अतः वास्तविक दुनिया से उदाहरणों को कक्षा में प्रयोग करने से, जिसमें विद्यार्थी एक-दूसरे से अन्तःक्रिया करते हैं और शिक्षक उस प्रक्रिया को सुगम बनाते हैं, से सीखना समृद्ध हो सकता है।

**24.** (D) व्यापक मूल्यांकन का तात्पर्य सभी आयामों का एक साथ मूल्यांकन करना है; जैसे– विद्यार्थी की संवृद्धि के शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक आयामों का मूल्यांकन, विद्यार्थी का व्यापक शैक्षिक मूल्यांकन होगा।

**25.** (B) भूख और प्यास जन्मजात प्रेरक होते हैं। ऐसे प्रेरक जो व्यक्ति में जन्म से ही स्थित हों, उन्हें जन्मजात प्रेरक कहते हैं। इसे जैविक या शारीरिक प्रेरक भी कहा जाता है।

**26.** (A) वे बालक न्यून दृष्टि के माने जाते हैं जिनकी दृष्टि 20/70 से 20/200 होती है।

**27.** (D) पियाजे ने कहा है कि यह आवश्यक नहीं है कि सभी बच्चों में विकासात्मक चरण एक ही समय पर दिखाई पड़े, परन्तु यह निश्चित है कि सभी बच्चों को विकास के सभी चरणों से गुजरना पड़ता है अर्थात् संज्ञानात्मक विकास के किसी चरण को छोड़ा नहीं जा सकता क्योंकि ये सभी चरण निश्चित व स्थिर हैं।

**28.** (C) थॉर्नडाइक ने तत्परता का नियम दिया है। इस नियम के अनुसार जब कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने के लिए तत्पर होता है तो वह प्रक्रिया उसे आनन्द देती है एवं वह कार्य तेजी से करता है और जल्दी सीख जाता है।

**29.** (C) परीक्षा में विद्यार्थियों से समझ एवं अनुप्रयोग आधारित प्रश्न पूछने चाहिए जिससे उनकी सृजनात्मकता और अन्तर्दृष्टि का पता चलता है, जबकि स्मृति आधारित प्रश्न रटने पर बल देता है। इसलिए समझ एवं अनुप्रयोग आधारित प्रश्न ज्यादा उपयुक्त माने जाते हैं।

**30.** (D) हावर्ड गार्डनर के अनुसार, बुद्धि बहुआयामी है और इसमें कई पहलू निहित हैं। इन्होंने बुद्धि के सात प्रकार बताए जो परस्पर एक-दूसरे से स्वतन्त्र होती हैं एवं प्रत्येक के क्रियाशील होने के ढंग अलग-अलग होते हैं।

## खण्ड–II

## भाषा–(I) हिन्दी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **31.** (C) | **32.** (B) | **33.** (A) | **34.** (C) | **35.** (C) |
| **36.** (A) | **37.** (B) | **38.** (A) | **39.** (A) | **40.** (D) |
| **41.** (D) | **42.** (C) | **43.** (C) | **44.** (D) | **45.** (D) |
| **46.** (A) | **47.** (B) | **48.** (D) | **49.** (B) | **50.** (C) |

**51.** (A) व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है उसके प्राण निकल गए। अन्य वाक्यों की वाक्यगत अशुद्धियाँ हैं। उसका प्राण निकल गया (उसके–सर्वनाम सम्बन्धी, गये–वचन सम्बन्धी) उसका प्राण पखेरू उड़ गया (उसके सर्वनाम सम्बन्धी, गये वचन सम्बन्धी) प्राण उसका खत्म गया (उसके प्राण खत्म हो गये–पदक्रम सम्बन्धी, सर्वनाम सम्बन्धी)

**52.** (B) प्रस्तुत शब्दांश में योजक चिह्न के स्थान पर कारक विभक्ति (में) का प्रयोग होगा, जो अधिकरण कारक को निरूपित होता है।

**53.** (C) धनवान का स्त्रीलिंग 'धनवती' है। इसमें 'वती' प्रत्यय लगाकर धनवती शब्द बनाया गया है। जब पुल्लिंग शब्दों में प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाये जाते हैं, तो उन्हें स्त्रीलिंग प्रत्यय कहा जाता है। उदाहरण–कमलिनी, धोबिन आदि।

**54.** (B) 'सत्य बोलो, परन्तु कटु सत्य न बोलो'। संयुक्त वाक्य है। यहाँ 'परन्तु' अव्यय का प्रयोग किया गया है। अतः विकल्प (B) सही है।

**55.** (B) 'सत्संग करो, सदाचारी बनो'।
'आज्ञावाचक' वाक्य है। इस प्रकार के वाक्यों से आज्ञा का बोध होता है।

**56.** (B) दो अथवा दो से अधिक साधारण वाक्य जब समानाधिकरण समुच्चय बोधकों (और, किन्तु, पर, लेकिन) से जुड़े होते हैं, तब संयुक्त वाक्य होता है। उपर्युक्त वाक्य में 'और' दृष्टव्य है।

**57.** (A) 'परिश्रमी' शब्द में गुणवाचक है। जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, रूप, रंग आदि का बोध होता है, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं, जैसे सुंदर, स्वच्छ, परिश्रमी आदि। परिश्रमी–

1. मेहनती
2. जो परिश्रम करता है।
3. पुरुषार्थी

**58.** (A) क्रियापरक व्याकरणिक कोटि कारक है। व्याकरण की वह कोटि जिसमें क्रिया मौजूद हो, कारक कहलाती है। कारक का शाब्दिक अर्थ है—करने वाला, अर्थात् क्रिया को पूरी तरह करने में किसी न किसी भूमिका को निभाने वाला। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उनका सम्बन्ध क्रिया से पता चले, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में इनकी संख्या आठ होती है। लिंग से स्त्री या पुरुष जाति तथा वचन से एक या अनेक होने का पता चलता है।

**59.** (D) 'घड़ी में तोला घड़ी में माशा' का अर्थ है—(जरा सी बात पर खुश और नाराज होना)। वाक्य प्रयोग— आप कभी आगरा जाने की बात करते हैं तो कभी वाराणसी। आपका मन तो **घड़ी में तोला घड़ी में माशा** है।

**60.** (C) 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' का अर्थ है— ( किसी बात पर शर्मिन्दा होकर क्रोध करना)। वाक्य प्रयोग— नेता जी हार गये, तो अफसरों को दोष देने लगे यह तो **खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे** वाली बात हुई।

## Section–II
## Language-(I) English

**31.** (A) The back end of an animal [Including the tops of its back legs].

**32.** (A) all, entirely, totally, wholly. & completely.

**33.** (A) फड़काना। झटकारना (to cause sth to make a sudden movement) —Jerk.

**34.** (A) कूदने के लिए तैयार होना।

**35.** (A) beacause he saw a man's cub = A man child (a familiar term of address to a boy.)

**36.** (B) 'Peril' means endangerment/risk. (गम्भीर खतरा/संकट)

**37.** (B) 'Fright' synonym is—terror Ex : "the child cried out in fright."

**38.** (C) जीवन को चुनौती देने वाली स्थितियाँ और अत्यन्त भयभीत स्थितियों में दृढ़ बनना।

**39.** (A) अचानक उत्पन्न भय की स्थिति में दोनों ही क्रिया या प्रतिक्रिया करने में असमर्थ होते हैं।

**40.** (C) 'Miracle'—(दैवीय घटना, चमत्कार, जिसका कर्ता स्वयं ईश्वर या किसी देवता को माना जाता है।)

Any amazing or wonderful occurence.

**41.** (B) चूँकि दिया गया Active Voice, Simple Past Tense में है। इसका Passive Voice का Structure निम्नवत् होगा—

[Sub. + was/were + Past Participle ($V_3$) + by + Agent] अतः विकल्प (B) सही है।

**42.** (C) यह Active Voice, वाक्य Past Indefinite Tense का है। इसके Passive Voice का Structure निम्नवत् होगा—

[Sub. + was/were + Past Participle ($V_3$) + other words] अतः सही विकल्प (C) है।

**43.** (A) Part (A) में 'ours environment' के स्थान पर 'our environment का प्रयोग होगा, क्योंकि 'ours एक Possessive Pronoun है, जो किसी Possessive Adjective + Noun के स्थान पर प्रयोग किया जाता है, न कि किसी Noun को Qualify करने के लिए जबकि 'our' एक Possessive Adjective' है, जो किसी Noun को Qualify करने के लिए प्रयुक्त होता है; *e.g.*

- Your house is beautiful.
- Yours beautiful house

[यहाँ yours = yours = your house.]

**44.** (D) **45.** (B)

**46.** (C) The process of second language acquisition is brought about by language transfer.

**47.** (B) The inductive method favours the exposure of students to a structure in different contexts that could allow them to apply the rules by themselves.

**48.** (B) Students-generated corrections are important in language learning because they indicate active engagement in the learning process.

**49.** (C) Smaller class size for slow learners facilitates greater personalized instruction in the new language because of more interaction, flexible schedule and authentic assessment.

**50.** (B) Getting new information in written directions or verbal information is visual learning style.

**51.** (A) In functional grammar the approach of communicative competence allows the students to learn grammar through meaningful communication.

**52.** (D) Questions related to the chapters help students to comprehend the text and also help teacher in the assessment of the student's comprehension power.

**53.** (B) Formative assessment cannot be used in olympiad.

**54.** (D) उपर्युक्त प्रश्न का अर्थ अधिकतम छात्रों की शिक्षण अवधि में किसी भाषा की एक कक्षा में संभव है? इसका उत्तर दिए गए विकल्पों में से विकल्प (D) में दिए शब्दों discussion and demonstration methods– वार्ता और प्रदर्शन विधि के द्वारा, दिया गया है।

**55.** (C) सीखने की प्रक्रिया में किसी भाषा के छात्रों में विश्वास की कमी पाई जाती है शब्दों के उच्चारण में हम किस प्रकार इस पर विजय पा सकते हैं? इसका उत्तर दिए गए चारों विकल्पों में से विकल्प (C) में दिए गए शब्दों Reading aloud in the classroom– कक्षा में जोर से पढ़ना, के द्वारा दर्शाया गया है।

**56.** (A) A teacher should show the student his mistakes and ask him to repronounce them.

**57.** (C) Response assessment for a reading comprehension is categorized under content.

**58.** (C) For evaluating a poster in a competition the criteria for judges would be creativity, relevant content and visual appeal.

**59.** (A) Remedial Teaching as part of formative assessment means diagnosing and addressing gaps in learning.

**60.** (D) Value assossiated with an inclusive classroom is collaboration.

## खण्ड–III
## भाषा–(II) हिन्दी

**61.** (A) **62.** (A) **63.** (A) **64.** (A) **65.** (B)

**66.** (A) संस्कृत के जो शब्द प्राकृत, अपभ्रंश, पुरानी हिन्दी आदि से विकृत होकर हिन्दी भाषा में आए हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं, जैसे—खेत, आम, हाथ, हाथी आदि। खेत का तत्सम् शब्द है 'क्षेत्र'।

**67.** (D) ऐसे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो, परन्तु वे प्रचलन में हों। ऐसे शब्द देशज शब्द कहलाते हैं। यह शब्द आम तौर पर क्षेत्रीय भाषा में प्रयोग किये जाते हैं। 'धड़ाम' देशज शब्द का उदाहरण है।

**68.** (D) जो वाक्यांश सामान्य अर्थ के स्थान पर विलक्षण अर्थ प्रकट करता है उसे मुहावरा कहते हैं। मुहावरों के प्रयोग से भाषा में सरलता, सरसता, तथा चत्मकार उत्पन्न होता है।

'छछूँदर के सिर पर चमेली का तेल का अर्थ—अयोग्य व्यक्ति द्वारा स्तरीय वस्तु का उपयोग है।

**69.** (A) 'ऋग्वेद' शब्द में व्यंजन संधि है। व्यंजन का व्यंजन अथवा स्वर के साथ संयोग से उत्पन्न विकार व्यंजन संधि कहलाता है। 'ऋग्वेद' शब्द का संधि–विच्छेद—ऋक् + वेद होगा।

**70.** (C) 'आपबीती' शब्द में तत्पुरुष समास है। जिस सामासिक शब्द में दूसरे पद की प्रधानता होती है तथा विभक्ति चिह्न लुप्त हो जाता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। 'आपबीती' शब्द का समास विग्रह अपने पर बीती होता है।

**71.** (B) **72.** (A) **73.** (A) **74.** (A) **75.** (D)
**76.** (D) **77.** (A) **78.** (D) **79.** (C) **80.** (A)
**81.** (D)

**82.** (D) कारक सम्बन्धी त्रुटि है–'पेड़ में' के स्थान पर 'पेड़ पर' का प्रयोग होगा।
उपर्युक्त वाक्य में कारक (परसर्ग) सम्बन्धी, तथा शब्द चयन सम्बन्धी अशुद्धि दृष्टव्य है। में के स्थान पर, घिरे के स्थान पर बैठे रहने का प्रयोग वांछनीय है।

**83.** (B) दिये गये विकल्पों में से द्वितीय विकल्प 'का कोशिश के स्थान पर 'की' कोशिश अर्थात् कारक या विभक्ति सम्बन्धी त्रुटि वाक्य की संरचना को अशुद्ध करती है।

**84.** (B) वे शब्द जिनकी उत्पत्ति के मूल का पता न हो, परन्तु वे प्रचलन में हों; देशज शब्द के अंतर्गत आते हैं, जैसे–लोटा, कटोरा, चसक आदि।

**85.** (C) दिये गये विकल्पों में आसक्त शब्द विशेषण है, जो 'आसक्ति रूपी क्रिया से निर्मित है'। 1. आसक्त–मन का लगाव, 2. किसी समाज आदि से विरक्त न होने का भाव।

**86.** (A) 'भी' शब्द निपात है। किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन आब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें 'निपात' (अवधारक) कहते हैं। जैसे– भी, ही, तक, केवल आदि।

**87.** (B) 'सुनहरा' शब्द रूपी विशेषण। 'सोना' द्रव्य रूपी संज्ञा शब्द से निर्मित है। ये किसी संज्ञारूपी पद के 'रंग' को इंगित करता है। अतः गुण वाचक विशेषण है।

**88.** (B) रिक्त स्थान में '**कनक**' शब्द आयेगा। सही लोकोक्ति है– 'कनक धतूरे सों कहत गहनो गढ़ो न जाय'। ज्ञानी को ज्ञान देने की आवश्यकता नहीं होती।

**89.** (C) रिक्त स्थान में '**काना**' शब्द आयेगा। सही लोकोक्ति है– 'अंधों में काना राजा' का अर्थ है– (अज्ञानियों में अल्पज्ञ की मान्यता होना)।

**90.** (C) 'ये भी अच्छे हैं और वो भी अच्छे हैं।' में सरल वाक्य है। संयुक्त वाक्य दो सरल वाक्यों से मिलकर बनता है। यहाँ दोनों वाक्यों को जोड़ने के लिए 'और' समुच्चय बोधक अव्यय का प्रयोग किया गया है।

## Section–III
## Language-(II) English

**61.** (D) technique
**62.** (C) diagnostic test
**63.** (D) gap-filling grammar exercises
**64.** (C) Simple sentence. इसमें एक subject और एक finite verb होती है।
**65.** (A) Direct method
**66.** (B) While all formative tasks are meant for improving teaching-learning, some are used for assessment too.
**67.** (B) giving inputs from the target language in simple, graded manner.
**68.** (D) The students are giving their examination.
**69.** (D) Focusing on the use of words from context in the text.
**70.** (C) Teacher
**71.** (B) A listening stimulus presents an information gap activity such as giving directions.
**72.** (A) If a language teacher has taught a topic in the class and no students asks questions in her class, then may be whatever was taught was beyond the comprehension of the students.
**73.** (B) 'Fries' was the founder of structural grammar.
**74.** (B) **75.** (B) **76.** (D) **77.** (B)
**78.** (A) 'to, since' will be used because 'to' denotes—direcion and since point of the time.
**79.** (C) 'is believed' is the correct form of the verb.
**Note**—'believe, that' indicates sth is true or possible although your are not certain.
**80.** (A) 'Might' will to used.
**81.** (B) is practicing (work is going on during speaking.)
**82.** (A) To die of cancer caused by smoking to ruin oneself
**83.** (A) masochist
**84.** (C) **85.** (A)
**86.** (C) giving up one's honesty for the sake of monetary benefits.
**87.** (D) he was convinced that what the story of Samson and Delilah illustrates is correct.
**88.** (D) one must lead an honest life.
**89.** (B) he was a man of principles.
**90.** (B) a man of simple faith.

## खण्ड–IV (A)
## सामाजिक अध्ययन

**91.** (A) हड़प्पा सभ्यता काँस्य युग की सभ्यता थी। सिन्धु सभ्यता का उदय ताम्रपाषणिक पृष्ठभूमि में भारतीय उपमहाद्वीप के पश्चिमोत्तर भाग में हुआ था। इस सभ्यता में काँस्यकाल की विशेषताएँ (नर्तकी मूर्ति) परिलक्षित होती है। घरों में काँसे से बने हुए चाकू, आरी, हँसिया, छैनी का प्रयोग बहुतायत में होता था।

**92.** (A) 800 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व का काल ब्राह्मण युग से जुड़ा है। 600 से 300 ईसा पूर्व का समय सूत्र युग का है।

**93.** (C) बालखिल्य पाठ के सूक्तों को मिलाकर ऋग्वेद में 1028 सूक्त हैं। ऋग्वेद में 10 मण्डल तथा इसमें श्लोकों कीकुल संख्या 10580 है। सामवेद में 1549 ऋचाएँ हैं। अथर्ववेद में 20 काण्ड, 731 सूक्त तथा 5987 मंत्रों का संग्रह है।

**94.** (B) महावीर का जन्म 540 ई.पू. में वैशाली के निकट कुण्डलपुर में ज्ञातृक नामक क्षत्रिय गोत्र में हुआ था। महावीर स्वामी के पिता सिद्धार्थ ज्ञातृक कुल के सरदार थे। ज्ञातृक कुल वज्जि संघ का एक घटक था।

**95.** (C) पुष्यभूति वर्धन—दिल्ली और पंजाब के भू–भाग पर स्थित श्रीकंठ नामक प्राचीन जनपद का ही एक भाग थानेश्वर था, जहाँ पुष्यभूत नामक व्यक्ति ने 'पुष्यभूति राजवंश की स्थापना छठी शताब्दी ई. के प्रारम्भ में की थी। इस राजवंश को 'वर्धन' राजवंश के नाम से जाना जाता है।

**96.** (B) मगध के नंद वंश का अंतिम शासक धनानन्द (326 ई.पू.) था। यह सिकन्दर महान का समकालीन था। ग्रीक/यूनानी लेखकों द्वारा धनानन्द को अग्रमीज (उग्रसेन का पुत्र) कहा है। यह एक अत्याचारी शासक था इसने जनता पर अत्यधिक कर लगा दिये थे। सिकन्दर महान ने भारत पर 326ई.पू. में आक्रमण किया। इस समय मगध का शासक धनानन्द था।

**97.** (A) कुतुबुद्दीन ऐबक एक दास था, जिसको निशापुर (फारस) में काजी अब्दुल अजीज कूफी ने खरीदा और कुतुबुद्दीन के धार्मिक एवं सैनिक प्रशिक्षण का प्रबंध कर दिया। मुहम्मद गौरी ने उसे आमीर– ए–आखूर नियुक्त किया था। 1192 ई. में मुहम्मद गौरी ने उसे अपने भारतीय साम्राज्य का शासक नियुक्त किया। ऐबक की राजधानी लाहौर थी। 1210 ई. में कुतुबुद्दीन

ऐबक की मृत्यु 'चौगान' (पोलो) खेलते हुए हुई थी।

**98.** (B) संत कबीर का जन्म 1440 ई. में काशी (वाराणसी) में हुआ था। ऐसा माना जाता है कि कबीर का जन्म एक विधवा स्त्री के गर्भ से हुआ था, लोक लाज के भय से इनको लहरतारा नामक नदी के किनारे फेंक दिया था। अली तथा नीरू नामक जुलाहे ने इनका पालन पोषण किया तथा इनका नाम कबीर रखा। इनकी मृत्यु 1518 ई. मगहर नामक स्थान पर हुई थी।

**99.** (C) पुर्तगाली।

राजा कृष्णदेवराय एक ऐसे महान राजा थे। जिनकी उदारता और प्रजापालकता के चर्चे विश्वविख्यात थे। पुर्तगालियों से उन्होंने संबंध बनाये, उनसे रक्षा और व्यापार में सहयोग प्राप्त किया था।

**100.** (A) अबुल फजल।

मुगलकाल में संगीत का सर्वाधिक विकास अकबर के काल में हुआ था। आइन–ए–अकबरी में अबुल फजल ने 36 श्रेष्ठ गायकों का उल्लेख किया है। जिसमें तानसेन व बाजबहादुर सबसे प्रमुख थे। तथा इसमें अकबर के दरबार, प्रशासन की चर्चा की गई है।

**101.** (D) कुषाण काल के दौरान प्रचलित मूर्तिकला की गांधार शैली भारत–ग्रीक (यूनानी) शैली का मिश्रण है। इसका केन्द्र बिन्दु गांधार था। इसे इंडो–ग्रीक शैली या ग्रीक–बुद्धिष्ट शैली भी कहा जाता है। इसमें बुद्ध एवं बोधिसत्वों की मूर्तियाँ काले स्लेटी पाषाण से बनाई गई हैं। इन मूर्तियों में बुद्ध का मुख यूनानी देवता अपोलो से मिलता है। गांधार कला में प्रभामंडल की रचना की जाती थी।

**102.** (C) सर्वप्रथम रैयतवाड़ी व्यवस्था 1792 ई. में मद्रास के बारामहल जिले ने **कर्नल रीड और टॉमस मुनरो** ने लागू की। बाद में इस व्यवस्था को बम्बई, मद्रास, पूर्वी बंगाल, असम और कुर्ग (कर्नाटक) में भी लागू किया गया।

इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक जमीन धारक को भू–स्वामी मानकर उसके साथ लगान देने की शर्तें तय की गईं।

**103.** (D) अकबर-II के बाद उसका पुत्र बहादुरशाह जफर अन्तिम मुगल बादशाह था। वह बिना साम्राज्य का बादशाह था। इसने 1857 के 'प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम' में भाग लिया था। अंग्रेजों ने हुमायूँ के मकबरे से गिरफ्तार किया और उस पर मुकदमा चलाया। अन्त में देश से निर्वासित कर रंगून भेज दिया गया, जहाँ 1862 में उसकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार मुगल वंश का अन्त हो गया।

**104.** (B)
- नियंत्रण परिषद् की स्थापना–पिट्स का भारत अधिनियम, 1784
- सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना–नियामक अधिनियम एक्ट 1773
- इंग्लिश मिशनरियों को भारत में कार्य करने की अनुमति–चार्टर अधिनियम, 1813
- गवर्नर जनरल की परिषद् में कानूनी सदस्य की नियुक्ति-चार्टर अधिनियम, 1833

**105.** (A) चार्टर एक्ट, 1833 की धारा 87 के अन्तर्गत भारतीयों को कम्पनी के अन्तर्गत जन्मस्थान, धर्म, वंश आदि के आधार पर किसी पद के अयोग्य मानने पर प्रतिबंधा लगाया। कालांतर में राजनैतिक आंदोलन में 1833 एक्ट की यह धारा प्रशासन में भागीदारी हेतु मुख्य आधार बनी।

**106.** (D) 1960 के पश्चात् निम्न राज्यों का गठन निम्नलिखित क्रम में किया गया था–

| | | |
|---|---|---|
| 3. नागालैण्ड | – | 1 दिसम्बर, 1963 |
| 1. हरियाणा | – | 1 नवम्बर, 1966 |
| 4. मेघालय | – | 21 जनवरी, 1972 |
| 2. सिक्किम | – | 26 अप्रैल, 1975 |

**107.** (B) जिन संघीय क्षेत्रों में विधान सभा नहीं है वहाँ कानून पारित करने का अधिकार संसद के पास है। जिन संघ राज्यों में विधानसभा नहीं है उसके लिए विधि का निर्माण संसद द्वारा किया जाता है।

**108.** (C) सरकारिया आयोग का गठन जून, 1983 में किया गया था। इस आयोग का यह सुझाव था कि राज्यपाल को संबंधित राज्य के बाहर का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति (Eminent Person) होना चाहिये और उसे एक ऐसा तटस्थ व्यक्ति होना चाहिये जिसका गहन राजनीति सुझाव न हो। ज्ञात हो कि सरकारिया आयोग के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर.एस. सरकारिया थे।

**109.** (D) राष्ट्रपति राज्य में संवैधानिक संकट की घोषणा तब करता है, जब वह सन्तुष्ट हो कि ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकार को संविधान के अनुसार चलाना संभव नहीं है। अनुच्छेद 356 में वर्णित प्रावधान के अनुसार राष्ट्रपति किसी भी राज्य के राज्यपाल से प्रतिवेदन मिलने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा कर सकता है।

**110.** (B) ज्योग्राफी शब्द को इरेटोस्थनीज़ ने निर्मित किया था। हिकेटियस को "भूगोल का जनक" माना जाता है। हेरोडोटस को "इतिहास का जनक" कहते हैं।

**111.** (A) ध्रुव तारे (Polaris) का संकेत सप्तऋषि तारामंडल से प्राप्त होता है। सप्तऋषि तारामंडल को उर्सा मेजर या ग्रेट बियर तारामंडल का भाग माना जाता है तथा सप्तऋषि के सात तारों के नाम हैं– ऋतु (अल्फ़ा), पुलह (बीटा), पुलस्त्य (गामा), अत्रि (डेल्टा), अंगीरा (एप्सिलोन), वशिष्ठ (जीटा), मरीचि (ईटा)।

**112.** (D) बाइट (Byte) कम्प्यूटर प्रणालियों में प्रयुक्त एक बाइनरी इकाई होती है। शेष सभी का संबंध अंतरिक्ष से है। टेलीमीटरिंग प्रक्रिया में दो उपग्रहों के बीच सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है, जबकि अंतरिक्ष में किसी व्यक्ति द्वारा भार का अनुभव न किया जाना, भारहीनता कहलाती है। पृथ्वी तथा चंद्रमा के बीच के स्थान को सिसलुनर कहते हैं।

**113.** (B) चूना–प्रस्तर (लाइमस्टोन) चट्टानें (शैल), प्राणियों के खोल (कवच) और अस्थि–कंकाल से बनती हैं। जब ये जीव मर जाते हैं तो कैल्शियम कार्बोनेट (चूना) के बनी उनकी अस्थियाँ सागरीय लहरों द्वारा टूट–फूट जाती हैं और इन छोटे–छोटे टुकड़ों के एक जगह बैठकर परतों के रूप में संगठित हो जाने से चूना–पत्थर का निर्माण होता है।

**114.** (B) प्राकृतिक प्रक्रमों (कारकों) द्वारा किसी चट्टान को स्व–स्थान पर तोड़ देना अपक्षयण कहलाता है। यह अपरदन का ही एक रूप है, लेकिन इसमें अपरदित पदार्थों का अपने स्थान से स्थानांतरण नहीं होता है।

**115.** (A) सर्वाधिक महिला साक्षरता जयपुर में है।

**116.** (A) किसी व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु होने पर मृत्यु स्थान के स्वामी से हर्जाना वसूलना।

**117.** (C) सेर

**118.** (B) राम सिंह द्वितीय

**119.** (B) जयपुर एवं जोधपुर

**120.** (A) गंगानगर

**121.** (D) सिरोही

**122.** (A) 1800 ई., जॉर्ज थामस

**123.** (D) फूंक वाद्य यंत्र बांकिया एवं करण को मांगलिक अवसरों पर नहीं बजाया जाता है।

**124.** (D) नामदेव जी

**125.** (B) उच्च प्राथमिक स्तर पर दर्शनशास्त्र विषय सामाजिक अध्ययन में सम्मिलित नहीं है। उच्च प्राथमिक स्तर पर राजनीतिशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र आदि विषयों को सम्मिलित किया जाता है।

**126.** (B) सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तकों में मानचित्रों और आरेखों का प्रयोग प्रासंगिक होता है, क्योंकि ये अवधारणा को स्पष्ट करने में सहायक होते हैं, जिससे छात्र आसानी से समझ सकता है।

**127.** (B) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 (NCF 2005) के अनुसार सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र (राजनीतिशास्त्र) व अर्थशास्त्र की विषय-वस्तु शामिल होनी चाहिए।

**128.** (A) सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत समाज की संरचना, उसके विकास एवं उसकी समस्याओं का अध्ययन किया जाता है तथा उन कारकों के समाधान का रास्ता बताता है जो समाज के विकास में अवरोध उत्पन्न करते हैं।

**129.** (D) T.L.M. का तात्पर्य है Teaching Learning Material अर्थात् शिक्षण अधिगम सामग्री सामाजिक विज्ञान विषय की अधिगम प्रक्रिया में प्रयुक्त सहायक सामग्री ग्लोब, चुम्बकीय कम्पास तथा मानचित्र भूगोल विषय से सम्बन्धित हैं। जबकि नेपियर पट्टी गणित विषय की अधिगम प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली शिक्षण सामग्री (सहायक सामग्री) है। नेपियर पट्टी का निर्माण सर्वप्रथम 1617 ई. में स्कॉटलैण्ड के **गणितज्ञ जॉन नेपियर** ने किया था।

**130.** (C) कक्षा की गतिविधियों तथा संक्रमण काल के लिए योजनाएँ बनाना तथा समय सारणी लागू करने से समय का सदुपयोग हो सकेगा।

**131.** (A) वैयक्तिक चुनाव की तुलना में अवलोकन योग्य तथ्यों को ध्यान में रख निगमन निकालना **तर्कना** कहलाता है।

**132.** (A) समूह शिक्षण, संसाधनों, रुचियों तथा विशेषज्ञताओं का अधिकतम प्रयोग करने हेतु शिक्षकों के समूहों द्वारा शिक्षण है। इस शिक्षण में कई विषय विशेषज्ञ शिक्षक एक साथ शिक्षण कार्य करते हैं।

**133.** (D) प्रगतिशील शिक्षा पद्धति बाल केन्द्रित होती है। इस पद्धति के अन्तर्गत शिक्षण सामग्री, पाठ्य-पुस्तक, शिक्षण विधि आदि सभी बालकों के अनुकूल होते हैं ताकि बच्चों को आसानी से बोध हो सके तथा अधिगम प्रक्रिया तेज हो सके।

**134.** (D) विद्यार्थियों के साथ एक छोटे समूह में योजना बनाते समय निम्न पर अधिक बल होना चाहिए—
- एक चुनौतीपूर्ण कार्य की रचना।
- विद्यार्थियों को साथ काम करना सिखाना
- समूहों का विचारपूर्वक चयन करना

**135.** (C) देहमोरासीघुंडई अफगानिस्तान स्थित सिन्धु सभ्यता का स्थल है। दक्षिणी अफगानिस्तान में स्थित यह स्थल प्राक् हड़प्पा स्थल है।

**136.** (D) लोथल एवं सुत्कांगेडोर, अल्लाहदीनो एवं बालाकोट तथा कुनतासी सिन्धु सभ्यता के बन्दरगाह नगर थे। लोथल भोगवा नदी के किनारे स्थित बंदरगाह था। सुत्कांगेडोर दक्षिणी बलूचिस्तान में दाश्ट नदी के तट पर स्थित बंदरगाह था। अल्लाहदीनो सिन्धु नदी एवं अरब सागर के संगम से करीब 16 किमी. दूर स्थित है। यह भी सिन्धु सभ्यता का बंदरगाह नगर था। कुन्तासी गुजरात के राजकोट जिले में स्थित एक बंदरगाह नगर था। बालाकोट बलूचिस्तान के दक्षिण में स्थित एक बंदरगाह नगर था, जो कि सीप उद्योग के लिए प्रसिद्ध था।

**137.** (B)

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| a. पूषन | 1. विवाह का देवता |
| b. रुद्र | 2. पशुओं का देवता |
| c. द्यौस/द्यौः | 3. जगत का देवता |
| d. अदिति | 4. देवों की महान माता |

**138.** (A) 'मनुस्मृति' मुख्यतया समाज व्यवस्था से सम्बन्धित है। प्रथम विधि निर्माता मनु थे। मनु स्मृति की मूल रचना मौर्योत्तर युग में शुंग काल में हुई। मनु स्मृति हिन्दू धर्म के सम्बन्ध में प्रमुख एवं प्रमाणिक ग्रन्थ है। मनु स्मृति में विभिन्न नियमों एवं व्यवहार का उल्लेख है। शूद्रों के बारे में मनुस्मृति में कहा गया कि उनके जीवन का कर्म सेवा करना है।

**139.** (B) गौतम बुद्ध द्वारा भिक्षुणी संघ की स्थापना कपिलवस्तु में की गयी थी। अपने शिष्य आनंद के कहने पर बुद्ध ने अपनी मौसी महाप्रजापति गौतमी को संघ में दीक्षित करने का निर्णय किया तभी से स्त्रियाँ भी बौद्ध संघ भिक्षुणी बनने लगीं।

**140.** (C) उदयिन (460–444 ई.पू.) ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नामक नगर की स्थापना की।
इसे कुसुमपुर भी कहा जाता है। उदयिन ने राजगृह से अपनी राजधानी पाटलिपुत्र स्थानान्तरित की।

**141.** (D) भारत पर ईरानी आक्रमण के रूप में निम्न प्रभाव माने जाते हैं—
1. खरोष्ठी लिपि का प्रचार। यह लिपि अरबी की तरह दाईं से बाईं ओर लिखी जाती थी।
2. अभिलेख उत्कीर्ण करने की कला का प्रचार। पश्चिमोत्तर भारत में अशोक के कुछ अभिलेख इसी लिपि में लिखे गए
3. ईरानियों की क्षत्रप प्रणाली का प्रचार।
4. घण्टा आकार के गुम्बज की कला का प्रचार। अशोक कालीन स्मारक, विशेषकर घंटा के आकार के गुंबज, कुछ हद तक ईरानी प्रतिरूपों पर आधारित थे।
5. स्त्री अंग-रक्षकों की नियुक्ति।

**142.** (C) तक्षशिला के प्रसिद्ध स्थल होने का कारण गान्धार कला था। कुषाण के शासन काल में दो कला शैलियों का विकास हुआ था– मथुरा तथा गान्धार कला शैली। गान्धार कला का विकास गान्धार राज्य की राजधानी तक्षशिला में हुआ था। गान्धार कला शैली के प्रमुख केन्द्र पेशावर, तक्षशिला, बामियान, जलालाबाद आदि थे।

**143.** (C) शशांक—हर्षवर्धन के गद्दी पर बैठने के पश्चात् उसने थानेश्वर और कन्नौज राज्यों का एकीकरण किया। देवगुप्त से मालवा छीन लिया। शशांक को गौड़ भगा दिया। गौड़ (बंगाल) के राजा शशांक ने हर्ष के बड़े भाई राज्यवर्धन का वध कर डाला था और उसकी छोटी बहन राज्यश्री अपने प्राणों की रक्षा के लिए भाग गयी थी।

**144.** (A) भारत पर प्रथम तुर्क आक्रमण करने वाला शासक महमूद गजनवी था। यामिनी वंश का संस्थापक अलप्तगीन था। उसकी राजधानी गजनी थी। यामिनी वंश या गजनवी वंश के शासक तुर्क थे। अलप्तगीन का गुलाम तथा दामाद सुबुक्तगीन था। सुबुक्तगीन का पुत्र महमूद गजनवी 997 ई. में गजनी की गद्दी पर बैठा था। उसने 1000 ई. से 1027 ई. तक भारत पर 17 बार आक्रमण किया।

**145.** (D) 'महापुरुषीय धर्म' (एक शरण संप्रदाय) के संस्थापक शंकरदेव थे। शंकरदेव ने

निष्काम भक्ति पर बल दिया। वे भगवतपुराण की पवित्रता में विश्वास रखते थे। शंकरदेव मूर्तिपूजा एवं जाति–प्रथा के विरोधी थे। शंकरदेव को असम का चैतन्य कहा गया है। कामरूप में वैष्णव धर्म को लोकप्रिय करने का श्रेय शंकरदेव को जाता है।

**146.** (C) विजयनगर।

कृष्णदेव राय विजयनगर साम्राज्य का महानतम शासक था। उसने बीदर और गुलबर्गा पर आक्रमण करके बहमनी सुल्तान महमूद शाह को बन्दीगृह से मुक्त करके बीदर की गद्दी पर बैठाया था।

**147.** (D) मुहम्मद शाह।

मुगल बादशाह रफी–उद्–दौला की मृत्यु के उपरान्त सैय्यद बन्धुओं ने मुहम्मद शाह को गद्दी पर बैठाया था। दरबार में सैय्यद बन्धुओं के बढ़ते प्रभुत्व के कारण मुहम्मदशाह के शासन काल में ही एक षड्यन्त्र के तहत सैय्यद बन्धुओं का अन्त कर दिया गया।

**148.** (B) शक् संवत् का प्रारम्भ कनिष्क के शासनकाल में 78 ई. से हुआ था। कनिष्क ने 78 ई. (राज्य रोहण के समय) में एक संवत् चलाया, जो शक-संवत् कहलाया। भारत सरकार द्वारा भी इसको प्रयोग में लाया जाता है।

**149.** (C) इस व्यवस्था में प्रत्येक जमीनधारक को भू–स्वामी मानकर उसके साथ लगान देने की शर्तें तय की गईं। लगान की शर्तें अस्थायी और परिवर्तनशील थीं। यह व्यवस्था 1792 ई. में मद्रास के बारामहल जिले में पहली बार कर्नल रीड ने लागू की। 1820-27 ई. में जब टॉमस मुनरो मद्रास का गवर्नर बना तब उसने रैयतवाड़ी व्यवस्था को पूरे मद्रास प्रेसीडेंसी में लागू किया।

**150.** (A) 1857 के विद्रोह के प्रमुख केन्द्र मेरठ, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, झाँसी, बरेली, फैजाबाद, फतेहपुर, जगदीशपुर (बिहार) आदि प्रमुख स्थल थे। 10 मई 1857 के विद्रोह की शुरुआत मेरठ से हुई थी। वैसे इस विद्रोह की तय तिथि 31 मई थी।

●●